राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 12, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 30 जूलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

एनईपी 2020 को लेकर शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की पुन: कल्पना पर एक दिवसीय पैनल .... पेज 03

1912 पर 6 साल में 99.78 प्रतिशत शिकायतों का हुआ निस्तारण .... पेज 05

पूर्वी-दक्षिणी चीन सागर में विदेशी जहाज, विमान तनाव बढ़ा रहे हैं: चीन .... पेज 07

## महाराष्ट्र के बुलढाणा में 2 बस टकराईं : 6 की मौत, 21 घायल



बुलढाणा। महाराष्ट्र के बुलढाणा में दो प्राइवेट बसें टकरा गईं। हादसे में 2 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई, वहीं 20 लोग घायल हो गए। एक्सीडेंट शनिवार रात लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर मलकापुर कस्बे के एक फ्लाईओवर पर हुआ।

अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से एक बस अमरनाथ यात्रा से लौटकर हिंगोली जा रही थी। वहीं, दूसरी बस नासिक की तरफ जा रही थी।

### ट्रक को ओवरटेक करने के चलते हुआ हादसा

नासिक की ओर जा रही बस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान वह सामने से आ रही बस से टकरा गई।

हादसे के बाद जिले के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। कुछ समय के लिए फ्लाईओवर पर ट्रैफिक भी रोका गया।

## मोहर्रम जुलूस के दौरान भारी बवाल, पथराव में 10 पुलिसकर्मी घायल

### पुलिस ने लाठीचार्ज कर सभी हुड़दंगियों को तितर बितर किया, फिलहाल इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किए गये

नई दिल्ली। नांगलोई इलाके में मोहर्रम के जुलूस में शामिल हुड़दंगियों ने निर्धारित मार्ग से चलने से रोकने पर पथराव कर दिया। इस घटना में 10 पुलिसकर्मी रूप से घायल हो गये। साथ ही दर्जन भर से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। बताया जाता है कि उपद्रवी तत्वों ने यात्री बसों को भी नहीं बख्शा। बसों में बैठे यात्री सीटों के पीछे छिपकर जान बचाते नजर आए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर सभी हुड़दंगियों को तितर बितर किया। फिलहाल इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किए गये हैं।



डीसीपी हरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को निर्धारित मार्ग पर करीब दस हजार लोगों की भीड़ मोहर्रम के जुलूस में ताजिया लेकर चल रही थी। जुलूस पूरी तरह से शांति पूर्ण था। लेकिन जुलूस के आखिरी हिस्से में ताजिया लेकर जा रहे लोगों ने प्रशासन की ओर से निर्धारित किए गए मार्ग पर चलने से इनकार कर दिया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूरज मल स्टेडियम के पास जुलूस मे शामिल कुछ लोग ताजिया लेकर रुक गये। बाद में जबरन स्टेडियम में घुसने की कोशिशें करने लगे। इस पर पहले से तैनात सुरक्षा बलों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया जिस पर बवाल बढ़ गया। ताजिया लेकर चल रहे लोग पुलिस के रोकने पर उग्र हो गये।

उन्होंने सड़क पर चल रहे वाहनों और पुलिस पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। यहां तक कि यात्री बसों को भी नहीं बख्शा। करीब बीस मिनट तक नांगलोई की सड़कों पर पत्थरबाजी का तांडव चलता रहा।

पत्थरबाजों ने एसएचओ के सरकारी वाहन और थाने की दो जिप्सियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस पत्थरबाजी की वजह से सड़क पर अफरातफरी का माहौल हो गया। लोग अपनी जान बचा कर इधर उधर भागने लगे। मौके पर डीसीपी हरेंद्र सिंह और जिले के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंच गये।

### पुलिस ने किया लाठी चार्ज तब जाकर भागे उपद्रवी

डीसीपी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पथराव कर रहे लोग चेतावनी देने के बाद भी नहीं शांत हुए। फिर पुलिस बल को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस के लाठीचार्ज करते ही पत्थर चला रहे लोग भागने लगे।

## उत्तराखंड में बद्रीनाथ हाईवे का 50 मीटर का हिस्सा बहा



नई दिल्ली। उत्तराखंड के चमोली जिले में बद्रीनाथ नेशनल हाईवे का 50 मीटर का हिस्सा बह गया। शुक्रवार को हुई भारी बारिश के बाद लांबगढ़ नाले में जलस्तर बढ़ गया था, जिसके चलते हाईवे का हिस्सा बहा।

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में चौरा के पास लैंडस्लाइड होने के चलते नेशनल हाईवे-5 ब्लॉक हो गया। इसके अलावा भी हाईवे पर कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुई हैं।

### हिमाचल में लैंडस्लाइड, एनएच-5 बंद

इधर, राजस्थान की जयपुर में 10 घंटों में 6 इंच बारिश हो चुकी है। कई इलाकों में एक-एक फीट तक पानी भर गया है। जयपुर से चलने वाली कई ट्रेनों को भी रद्द किया गया है।

वहीं, चित्तौड़गढ़ स्थित रावतभाटा के पाड़ाझर झरने में नहाने गए दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स डूब गए। वे अपने 18 अन्य साथियों के साथ कोटा से घूमने आए थे। मौके पर गोताखारों की टीम दोनों की तलाश कर रही है। उधर, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में अचानक बाढ़ आने से नाले पर बना एक फुटब्रिज टूट गया। यह पुल रामनगर तहसील के तीन ब्लॉक को आपस में जोड़ता था। पुल के टूटने से लोगों को अपनी जान खतरे में डालकर नाला पार करना पड़ रहा है।

### केंद्रीय टीम असम में बाढ़ के नुकसान का आकलन करेगी

केंद्र की टीम ने असम में बाढ़ से हुए नुकसान का पता लगाने के लिए असम सरकार से जियो-टैग्ड रियल टाइम फोटोग्राफ उपलब्ध कराने को कहा है। टीम ने असम सरकार से ये भी बताने को कहा कि बाढ़ से कितने घरों और कितनी फसल का नुकसान हुआ।

केंद्र की 7 सदस्यीय टीम 3 दिन के दौरे पर 27 जुलाई को असम पहुंची थी। टीम ने बाढ़ प्रभावित लखीमपुर, धेमाजी, बिस्वनाथ, बक्सा, बारपेटा, चिरांग, बजाली और नलबाड़ी जिलों का दौरा किया था।

### इन राज्यों में तेज बारिश होगी

हिमाचल, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, गोवा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश।

## तमिलनाडु : पटाखा यूनिट में धमाका, आठ की मौत

### कृष्णागिरी जिले की घटना, आसपास के घर और दुकानों को भी नुकसान हुआ

चेन्नई। तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के पेरियापेट्टई गांव में शनिवार को एक पटाखा गोदाम में विस्फोट होने से 8 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए है।



पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि विस्फोट उसी इमारत में स्थित एक रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडर फटने के बाद हुआ, जहां गोदाम स्थित था। विस्फोट में गोदाम मालिक का पूरा परिवार मारा गया।

उन्होंने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब गोदाम हमेशा की तरह बिक्री के लिए खोला गया। विस्फोट में गोदाम के मालिक रवि (42) पत्नी जयश्री (40), बेटी रितिका (19) और बेटे रुथीश (21) की मौत हो गई।

अन्य मृतकों की पहचान बगल के भोजनालय के मालिक राजेश्वरी और दो अन्य इब्राहिम कैयुल्ला (21) और इमरान (18) के साथ एक पुरुष और एक महिला के रूप में की गई जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस ने कहा कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

विस्फोट इतना भीषण था कि पूरी इमारत जिसमें एक बेकरी और एक भोजनालय सहित कुल पांच दुकानें थीं, पूरी तरह से जमींदोज हो गईं।

उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है और पुलिस तथा पांच सेवा कर्मी बचाव एवं राहत कार्यों में लगाये हुए है। जिला प्रशासन मलबे को हटाने और घायलों को बचाने के लिए बचाव दल के साथ कार्रवाई में जुट गया।

घटनास्थल पर आपदा प्रतिक्रिया की निगरानी करने वाले जिलाधिकारी सरयू ने कहा कि रेस्तरां, एक वेल्डिंग इकाई, एक अन्य दुकान और गोदाम एक ही इमारत में स्थित थे।

उन्होंने कहा कि गोदाम और रेस्तरां के बीच दो दुकानें थीं, रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडर फट गया और आग बाद में अन्य दुकानों तथा गोदाम में फैल गई, जो केवल भंडारण स्थान के रूप में कार्य करता था जहां से बिक्री की अनुमति होती है।

सुश्री सरयू ने कहा, यह कोई विनिर्माण इकाई नहीं है।

इसबीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस घटना पर गहरा दुख एवं शोक जताया है। इससे पहले, जिलाधिकारी ने सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया और घायलों तथा पीड़ितों के शोक संतप्त रिश्तेदारों से मुलाकात की।

## अल बद्र का 'हाइब्रिड' आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की ग्रीमकालीन राजधानी श्रीनगर में आतंकवादी संगठन अल बद्र के एक 'हाइब्रिड' आतंकवादी को पुलिस ने हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 'हाइब्रिड' ऐसे आतंकवादी होते हैं जो हमले करते हैं और बाद में स्वयं को नागरिक बताते हैं।

उन्होंने बताया कि अल बद्र से संबंद्ध अरफात यूसुफ को श्रीनगर पुलिस की एक छोटे दल ने शहर के बटमालू इलाके से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने एक बयान में कहा, विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, श्रीनगर पुलिस की एक छोटे दल ने एक हाइब्रिड आतंकवादी अरफात यूसुफ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक पिस्तौल, 20 जिंदा राउंड, 2 मैगजीन सहित हथियार और गोला-बारूद के साथ आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। बयान में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि वह दक्षिण कश्मीर रेंज में आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है और नापाक मंसूबों के साथ श्रीनगर आया था और किसी भी आतंकी हमले को अंजाम देने से पहले उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि वह पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों पर दो बार ग्रेनेड फेंकने में शामिल था।



उन्होंने कहा, ग्रेनेड फेंकने के अलावा वह 10 और 26 मार्च को 'लोन वुल्फ वॉरियर' के पोस्टर चिपकाने में भी शामिल था। उसके खिलाफ पहले से ही कई आतंकी अपराध के मामले दर्ज हैं।

**जलजमाव**



फ़रीदाबाद में भारी मानसूनी बारिश के बाद जलजमाव वाली सड़कों से गुजरते वाहन।

## 21 वीं सदी के लक्ष्यों को हासिल करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश 21 वीं सदी में जिन लक्ष्यों को हासिल करना चाहता है उन्हें अर्जित करने में शिक्षा प्रणाली की बहुत बड़ी भूमिका है।



मोदी ने शनिवार को यहां नवनिर्मित भारत मंडपम में अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। संयोग से यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर आयोजित हो रहा है। उन्होंने 'पीएम श्री योजना' के तहत निधि की पहली किस्त भी जारी की। इसमें 6207 स्कूलों को कुल 630 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। उन्होंने 12 भारतीय भाषाओं में अनूदित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का भी विमोचन किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र के भाग्य को बदल शक्ति है। उन्होंने कहा, ''21वीं सदी का भारत जिन लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा है, उन्हें अर्जित करने में हमारी शिक्षा प्रणाली की बहुत बड़ी भूमिका है।''

## हिंसा पीड़ितों से मिलने राहत शिविर पहुंचे 'इंडिया' गठबंधन के सांसद

नई दिल्ली। मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं अभी भी देखने को मिल रही है। बीते 3 मई से कहीं आग लगाई जा रही तो कहीं गोलियां बरसाई जा रही। इसको लेकर सड़क से संसद तक बवाल मचा है और विपक्ष भी सरकार के खिलाफ लामबंद है। इस बीच आज विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलांयस) के 21 सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर का दौरा करने निकला है। ये सांसद हिंसाग्रस्त क्षेत्रों और राहत शिविरों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे।

## मुहर्रम पर बड़ा हादसा, चार लोगो की मौत 13 घायल

### मृतक परिवार को दो लाख, पारिवारिक लाभ और पीएम आवास मिला, घायलों को एक लाख का मुआवजा

बोकारो। मुहर्रम के दौरान झारखंड के बोकारो में बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको में मोहर्रम का ताजिया 11 हजार वोल्ट वाले हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, 13 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ये सभी लोग ताजिया को इमाम बाड़ा शिफ्ट करने जा रहे थे।

### सीएम ने दिया मुआवजा और पीएम आवास

इस घटना में घायल लोगों और मृतक के परिजनों को मुआवजा, पारिवारिक लाभ और पीएम आवास सीएम की ओर से दिया गया है।



इसके तहत घायल परिवार को एक लाख रुपये दिया गया है। वहीं मृतक परिवार को दो लाख रुपये का चेक, पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार रुपये और पीएम आवास दिया गया है।

बेरमो के विधायक अनुप सिंह ने बताया कि सभी पीड़ित परिवार को चेक सौंप दिया गया है। घटना सुबह लगभग 5: 30 बजे की बताई जा रही है।

इधर घायलों का बोकारो डीवीसी अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर उपचार के लिए बोकारो के बीजीएच अस्पताल रेफर कर दिया गया। सात लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### अस्पताल में पर्याप्त एम्बुलेंस नहीं होने से बड़ी परेशानी

अस्पताल में पर्याप्त एम्बुलेंस नहीं होने के कारण घायलों के परिजन एवं बोकारो थर्मल थाना के वाहन से घायलों को बोकारो अस्पताल भेजा गया है। मौके पर बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार सहित कथारा ओपी, गाँधीनगर थाना कि पुलिस पहुंचकर पहले घायलों को बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजने में मदद की। घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है।

**भीषण तबाही**

### जिला प्रशासन ने बाढ़ग्रस्त इलाकों से 19,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

## तेलंगाना में बाढ़ से भीषण तबाही, अबतक 17 लोगों की मौत

भारी बारिश की वजह से मध्य और दक्षिण भारत के राज्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों महाराष्ट्र में बारिश की वजह भारी तबाही हुई थी। अब मॉनसून से होने वाली बारिश की वजह से तेलंगाना में भी नदियां उफान पर हैं। तेलंगाना में नदी में बहने से आठ लोगों की मौत हो गई। जिसमें छह शव बरामद कर लिए गए हैं लेकिन दो अभी भी लापता हैं। अब तक 17 लोगो की मौत हो चुकी है । मौसम भवन के मुताबिक अभी बारिश रुकने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। भारी बारिश से राहत के बावजूद 31 जुलाई तक राज्य के विभिन्न जिलों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा कई जगहों पर ऑरेंज अलर्ट घोषित कर दिया गया है।



### तेलंगाना में 8 लोग बहे

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने कहा कि कुछ लोग राज्य के मुलुगु जिले के एक दूरदराज के गांव में ग्रामीणों का एक समूह सुरक्षा के लिए एक नदी पार करने की कोशिश कर रहा था। तभी अचानक तेज बवाह आया और आठ लोग बह गए। इस हादसे में चार और लोगों को बचाया गया था, जबकि आठ लोग लापता थे। एनडीआरएफ ने शुक्रवार को छह शव बरामद किए। राज्य पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन ने बाढ़ग्रस्त इलाकों से 19,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। गोदावरी के किनारे के इलाकों से 3,500 निवासियों को राहत शिविरों में भेजा गया है। राज्य में सबसे खराब स्थिति कोठागुडेम, मुलुगु, वारंगल, खम्मम, भूपालपल्ली और हैदराबाद जिलों में है झ्ठुराज्य के प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, हालांकि बारिश की मात्रा कम हो गई है, लेकिन गोदावरी समेत राज्य की ज्यादातर नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

नतीजा यह हुआ कि कई गांव अब भी पानी में डूबे हुए हैं। इस सप्ताह उत्तरी तेलंगाना में भारी से बहुत भारी बारिश के कारण राज्य के उस हिस्से के जिलों में स्थिति गंभीर है। मुलुगु जिले में 600 मिमी बारिश हुई। बारिश और बाढ़ की वजह से राज्य में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है।

## मणिपुर में विशाल शांति रैली निकाली गई

इंफाल। मणिपुर में संकट के लिए कथित रुप से जिम्मेदार कुकी चिन 'उग्रवादियों' के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को हजारों लोगों ने एक विशाल शांति रैली निकाली।




मणिपुर संकट पर चर्चा के लिए मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति (कोकोमी) द्वारा आयोजित रैली थांगमेइबैंड से शुरू हुई और हप्ता कांगजीबुंग में समाप्त हुई। रैली में भाग लेने वालों ने मणिपुर जिंदाबाद, अवैध घुसपैठ बंद करो, एनआरसी लागू करो, मणिपुर में कोई अलग प्रशासन नहीं, स्वदेशी लोगों की रक्षा करो, वन और पर्यावरण की रक्षा करो और महिलाओं के खिलाफ अपराध बंद करो जैसे नारे लगाए।

आयोजकों को पांच संकल्प लेने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा, क्योंकि राज्य भर से नागा जनजाति, मुस्लिम, मैतेई और अन्य समुदायों के लोग बड़ी संख्या में मैदान की ओर आ रहे थे। रैली में शामिल लोगों ने दूसरे देशों से आए चिन कुकी को उखाड़कर संघर्ष खत्म करने का संकल्प लिया। मणिपुर में पृथक प्रशासन का विरोध करने का भी निर्णय लिया गया।

उन्होंने मणिपुर में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने का भी संकल्प लिया। पांच अगस्त तक मणिपुर विधानसभा को बुलाने की मांग करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। आयोजकों ने कहा कि रैली सभी को यह बताने के लिए निकाली गई कि मणिपुर में संकट अवैध प्रवासियों द्वारा शुरू किया गया था। प्रेसीडियम सदस्य युमनामचा दिलीप कुमार ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर का दौरा किया था और 15 दिनों के बाद लौटने का वादा किया था, लेकिन वह नहीं आये।

### मध्यप्रदेश में लोगों की जिंदगी में तेजी से बदलाव हो रहा है: शिवराज



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश तेजी से बदलाव आ रहा है, लोगो की जिंदगी भी बदल रही है, जिसकी बानगी है प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11 हजार से बढ़कर एक लाख 40 हजार रुपए होना। चौहान ने जिले के बुधनी में 700 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की घोषणा भी की। उन्होंने जिले के बाया में विकास पर्व के तहत 25 करोड़ 98 लाख 48 हजार के विकास और निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करने के बाद ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे।



## शार्ट न्यूज

### रिश्वत लेता सिपाही गिरफ़्तार, सब इंस्पेक्टर, पत्रकार विरुद्ध भी मामला दर्ज

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने शनिवार को साइबर सेल, पटियाला में तैनात सिपाही कर्मबीर सिंह को 10 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ़्तार किया है। इस मामले में एक सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और एक पत्रकार के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदीप सिंह ने थाना विजीलेंस ब्यूरो, पटियाला में पहुँच कर शिकायत दर्ज करवाई कि उसका ( प्रदीप) और उसकी पत्नी का आपस में झगड़ा चल रहा है, जिसकी जांच साइबर सेल, पटियाला के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर प्रितपाल सिंह को सौंपी गई थी। शिकायतकर्ता अनुसार उसकी मुलाकात प्रितपाल सिंह के साथ प्रेस रिपोर्टर एसएस मल्होत्रा द्वारा हुई। एसआई प्रितपाल ने उसे कहा कि वह उनके साथ तैनात सिपाही कर्मबीर सिंह के पास पहुँच करके उसको सभी मामलों की जानकारी दें। इसके बाद जब शिकायतकर्ता कर्मबीर सिंह को मिला तो उसने शिकायतकर्ता के पक्ष में रिपोर्ट तैयार करने बदले उस से 20 हज़ार रुपए रिश्वत मांगी। प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने ट्रैप लगा कर कांस्टेबल कर्मबीर सिंह को सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से रिश्वत के तौर पर 10 हजार रुपए की पहली किश्त लेते हुए मौके पर गिरफ्तार कर लिया।

### भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में शनिवार को भारी बारिश के बाद रेल यातायात प्रभावित हुआ। भारी बरसात के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन पर यार्ड में जलभराव हो गया। इस कारण कुछ रेल सेवाओं को रद्द एवं आंशिक रद्द कर दिया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस कारण गाडी संख्या 14825 हिसार-जयपुर रेल सेवा जो शुक्रवार को हिसार से रवाना हुई है, वह गैटौर जगतपुरा तक ही संचालित की गई है। इसे गैटौर जगतपुरा से जयपुर के मध्य आंशिक रद्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कारण जिन रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है उनमें गाड़ी संख्या 09603 जयपुर बटिंडा रेल सेवा एवं गाड़ी संख्या 09729 जयपुर फुलेरा रेल सेवा शनिवार जबकि गाड़ी संख्या 09604 बटिंडाङ्कजयपुर रेल सेवा 30 जुलाई को रद्द रहेगी।

### पाकिस्तान से अंजू ने भेजा नया विडियो

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के भिवाड़ी की रहने वाली अंजू ने पाकिस्तान पहुंचकर इस्लाम अपनाकर अपने फेसबुक फ्रेंड नसरुल्लाह से निकाह के विडियो के बाद एक नया वीडियो लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में अंजू को पाकिस्तान के लोग गिफ्ट देते हुए दिख रहे हैं। वही अंजू ने पाकिस्तान को लेकर वीडियो में कहा कि पाकिस्तान खूबसूरत देश है, यहां के लोग भी उतने ही खूबसूरत हैं। अब तक जो पाकिस्तान के बारे में सुना। पाकिस्तान उससे भी बहुत खूबसूरत है। यह आकर अच्छी फीलिंग आ रही है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर लगातार अंजू के वीडियो सामने आ रहे हैं। पहले जहां निकाह से जुडा वीडियो सामने आया उसके बाद उसके वापस लौटने का तो, अब पाकिस्तान की खूबसूरती की प्रशंसा करने का एक वीडियो सामने आया। हालांकि अंजू के वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। आमजन भी इन वीडियो में खासी दिलचस्पी दिखा रहा है। अंजू के वापसी आने का मामला अभी टल सकता है क्योंकि जिस तरह से वह पाकिस्तान में अपने वीडियो जारी कर खुशी का इजहार कर रही है उसे ऐसा प्रतीत होता है कि वह पाकिस्तान में अपना वीजा बनवा सकती है क्योंकि भारत आने पर उसको जांच का सामना करना पड़ेगा ,क्योंकि उसके परिजन लगभग उसे त्याग चुके हैं।

### विभिन्न हादसों में चार व्यक्तियों की मौत

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में पिछले 24 घंटे में विभिन्न हादसों चार व्यक्तियों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। रायला थाने के सहायक उप निरीक्षक महावीर प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार शाम सनोदिया के पास एक युवक के मालगाड़ी की चपेट में आने से सनोदिया निवासी प्रेम प्रकाश बैरवा 28 की मौत हो गई। बताया गया है कि हादसे के बाद अजमेर से भीलवाड़ा की ओर जा रही मालगाड़ी भी कुछ देर रुकी। आस-पास के खेतों से भी लोग मौके पर पहुंच गये। अभी हादसे को लेकर कोई रिपोर्ट परिजनों ने पुलिस को नहीं दी है। इसी तरह आमली कॉलोनी, बागौर निवासी धर्मा कंजर 32 की खेत में दवा का छिड़काव करते समय हालत बिगडने के बाद अस्पताल में मौत हो गई। ऐसी ही एक अन्य घटना बीगोद थाना क्षेत्र के खटवाड़ा क्षेत्र में हुई, जहां खटवाड़ा निवासी 43 वर्षीय कन्हैया शर्मा की खेत पर अचानक तबीयत बिगडने के बाद मौत हो गई। उधर, मांडल थाना सर्किल में घटित हादसे में बाइक सवार मेजा निवासी 16 वर्षीय दिलखुश माली की मौत हो गई, जबकि नितेश की 18 कीर घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### सुभाष मुंडा की हत्या की जांच सीबीआई को दे सरकार : रघुवर दास

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि राज्य में जब से हेमंत सरकार बनी है, तब से आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है और उभरते युवा आदिवासी नेता सुभाष मुंडा की हत्या किसी दल के नेता की नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की हत्या है। दास ने आज यह कहा कि आदिवासी समाज की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। अपराधियों पर लगाम लगाना हेमंत सरकार के बस की बात नहीं है। इस राज्य में खनन माफिया गिरोह और गैंगस्टर के संगठित अपराध गिरोह की एक समानांतर सरकार चला रही है, इस कारण भय का माहौल है। युवा नेता सुभाष मुंडा की हत्या हुए तीन दिन हो गये हैं, लेकिन अब तक मामले का उद्भेदन नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि वह सुभाष मुंडा की हत्या की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। दास ने युवा आदिवासी नेता स्व सुभाष मुंडा के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। सुभाष मुंडा जी की हत्या पिछले दिनों हो गई थी।

### भूपेश ने किया कोरबा मेडिकल कॉलेज के नए भवन का भूमिपूजन

कोरबा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां स्व.बिसाहूदास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज कोरबा के नए भवन की आधारशिला रखी। मेडिकल कॉलेज के नए भवन निर्माण हेतु 124.24 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। इसके निर्माण के लिए 325 करोड का बजट स्वीकृत किया गया है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा का शुभारंभ 02 मार्च 21 को मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा किया गया था। स्थानीय लोगों की मांग अनुसार मेडिकल कॉलेज का नामकरण स्व.बिसाहू दास महंत के नाम पर रखा गया है। इस महाविद्यालय को सत्र 2022-23 के लिए एम.बी.बी.एस. की 100 सीट की प्रथम मान्यता प्राप्त हुई थी। वर्तमान में इस महाविद्यालय में 121 छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। चिकित्सा महाविद्यालय में 23 विभागों में लगभग 130 चिकित्सक कार्यरत है।


### अमित शाह बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे

भोपाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक दिवसीय प्रवास पर कल रविवार को मध्यप्रदेश आ रहे हैं। भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री शाह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल रविवार को सुबह 11.50 बजे विशेष विमान से भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से शाह कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल पहुंचेंगे जहां दोपहर 12.10 बजे से पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगे। मध्याह्न भोजन के उपरांतशाह वापस एयरपोर्ट पहुंचेंगे और दोपहर 1.45 बजे इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे। शाह दोपहर 2.20 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे मां कनकदेवी मंदिर, आईटीआई के समीप पहुंचेंगे और दोपहर 2.30 बजे से बूथ कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यहां से शाह वापस एयरपोर्ट पहुंचेंगे और हैलीकॉप्टर के द्वारा शाम 4.10 बजे भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव के लिए रवाना होंगे। शाह यहां दर्शन एवं पूजन के उपरांत शाम 5.15 बजे इंदौर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

# हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट को मिले तीन नए न्यायाधीश, अधिसूचना जारी

शिमला। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय को तीन नए न्यायाधीश मिले हैं। केंद्र सरकार ने शुक्रवार देर शाम को हिमाचल उच्च न्यायालय के जज के रूप में रंजन शर्मा, बिपिन चंद्र नेगी और राकेश कैंथला की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने हाल ही में इन तीनों की नियुक्ति की सिफारिश की थी।

सर्वश्री रंजन शर्मा और बिपिन चंद्र नेगी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, जबकि राकेश कैंथला न्यायिक सेवा से आए हैं। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में



अब न्यायाधीशों की संख्या 12 हो गई है। रंजन शर्मा 11 दिसंबर 1991 को एक वकील के रूप में नामांकित हुए थे। गत 29 मार्च 2019 को इन्हें उच्च न्यायालय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा दिया गया था। श्री रंजन शर्मा अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

बिपिन चंद्र नेगी भी पिछले 28 सालों से वकालत कर रहे हैं। उन्हें 1994 में अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया गया था। उच्च न्यायालय ने उन्हें कई मामलों में न्याय मित्र नामित किया है। उन्हें कानून की विभिन्न शाखाओं का ज्ञान है और हाईकोर्ट व जिला अदालत में उपस्थित होते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उनके व्यवहार और पेशेवर अंदाज को देखते हुए उच्च न्यायालय के न्यायाघीश के लिए पात्र माना है।

राकेश कैंथला की सात अगस्त 1995 को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति हुई थी। शीर्ष अदालत ने माना कि श्री कैंथला की व्यक्तिगत और पेशेवर छवि अच्छी है। उनकी कर्तव्यनिष्ठ और रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें भी शीर्ष अदालत ने हिमाचल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त माना है। श्री राकेश कैंथला अभी जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी में सेवाएं दे रहे हैं।

## हिमाचल के आईजीएमसी में जल्द ही स्थापित होगा ट्रॉमा सेंटर

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने आईजीएमसी शिमला में एल-1 ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है।यह जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को यहां दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सुचारू संचालन के लिए प्रदेश मंत्रिमण्डल द्वारा नर्सिंग व पैरा-मेडिकल स्टाफ के 136 पद सृजित कर भरने को मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मूल्यवान मानव जीवन की रक्षा करना और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना राज्य सरकार का सर्वोच्च दायित्व है। गहन देखभाल इकाइयों की बढ़ती आवश्यकता के मद्देनजर, विशेष रूप से दुर्घटनाओं और आपातस्थितियों में, आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक मरीजों की पहुंच और उपलब्धता को बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना से राज्य में आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूती मिलेगी।

आईजीएमसी शिमला में प्रस्तावित एल-1 ट्रॉमा सेंटर चौबिसों घंटे कार्यशील रहेगा और इसमें सभी सम्बंधित छह विभाग-न्यूरोसर्जरी, रेडियोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, एनेस्थीसिया, ऑर्थोपेडिक्स और जनरल सर्जरी तीन शिफ्ट में संचालित होंगे।

## मोहर्रम पर्व पर नंगी तलवारों से हाईदोस की रस्म संपन्न

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में आज मोहर्रम की 10 तारीख को मुस्लिम समुदाय ने नंगी तलवारों से हाईदौस खेलकर कर्बला के मंजर को गमगीन माहौल में साकार किया। अजमेर में दी सोसायटी पंचायत अंदरकोटियान की ओर से दरगाह के नजदीक अंदरकोट क्षेत्र में प्रशासन की ओर से जारी सौ नंगी तलवारों से खेला गया। हताईचौक से शुरु हुआ हाईदौस की धार्मिक रस्म आमा बावड़ी पर सम्पन्न हुआ। हाईदौस खेलने में मुस्लिम युवकों के साथ बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। इस दौरान कुछ लोग चोटिल भी हुए जिन्हें मौके पर मौजूद चिकित्सा विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार दिया। लेकिन हजरत इमाम और उनके साथियों की याद में कर्बला के मंजर को साकार करने के उत्साह में कोई कमी नहीं रखी गई। मुस्लिम समुदाय हरे लिबास में पूरे जोश के साथ हाईदौस में शरीक हुआ। खबर लिखे जाने तक हाईदौस खेलने की रस्म चल रही है। गौरतलब है कि ख्वाजा की नगरी अजमेर शरीफ तथा पाकिस्तान के लाहौर में मोहर्रम की दस तारीख को हाईदौस खेलें जाने की परम्मपरा है। मोहर्रम की आज आखरी तारीख पर ढाई दिन के झौपड़े से डोला की सवारी निकाली जायेगी जो देर रात तक दरगाह क्षेत्र के विभिन्न बाजारों से होती हुई सुबह करीब पांच बजे दरगाह के पीछे झालरा पहुंचेगी।


### जालंधर में हेरोइन, रिवाल्वर सहित तीन अपराधी गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने सौ ग्राम हेरोइन और एक रिवाल्वर सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह ढिल्लों ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने गश्त और नाकाबंदी दौरान अड्डा किशनगढ़ के नजदीक से सड़क किनारे खड़े दो युवकों की जांच पर उनसे 100 ग्राम हेरोइन बरामद की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों युवकों को जिनकी पहचान गगनदीप सिंह और अर्शदीप सिंह के तौर पर हुई है, को गिरफ्तार कर लिया है। इसी प्रकार एक अन्य घटना में पुलिस ने गांव धालीवाल कादियां के नजदीक से भूपिंदर सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी रिवाल्वर और दो कारतूस बरामद किए हैं।

## भाजपा नेता ने दो जिला पुलिस प्रमुखों के तबादले के लिए शाह को लिखा पत्र

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने कथित तौर पर भ्रष्टाचार के आरोप में पार्टी नेताओं को निशाना बनाने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी सहित दो जिला पुलिस प्रमुखों का तबादला करने के वास्ते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है।

भाजपा वरिष्ठ नेता मोहम्मद मकबूल वार ने हालांकि पार्टी की ओर से लिखे गए पत्र से खुद को दूर रखा है। वार पार्टी की राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य और पार्टी के किसान मोर्चा



के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य हैं।

भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने शुक्रवार शाम कहा, वार की ओर से व्यक्त किए गए विचार किसी भी तरह से पार्टी से संबंधित नहीं हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री को कल लिखे पत्र में वार ने दावा किया है कि पिछले महीने से सोपोर और बारामूला जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) भ्रष्टाचार के आधार पर भाजपा नेताओं को निशाना बना रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया कि पुलिस नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, कांग्रेस और अन्य बड़ी पार्टियों के नेताओं की जांच क्यों नहीं कर रही है। उनके अनुसार, उन्हें सलाखों के पीछे होना चाहिए था।

वार ने पत्र में कहा,हम जमीनी स्तर पर पार्टी के लाभ और बेहतरी के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और अधिकारी हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं।

## पंजाब सरकार ने आटा, गेहूं लाभार्थियों के घरों में पहुंचाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

चंडीगढ़। पंजाब कैबिनेट ने लाभार्थियों को आटा/ गेहूं घरों में पहुँचाने के लिए राष्ट्रीय ख़ाद्य सुरक्षा एक्ट ( एनएफएसए) के अधीन 'माडल फेयर प्राइस शॉप्स' के प्रस्ताव को शनिवार को शुरुआत की मंज़ूरी दे दी। इस सम्बन्ध में फ़ैसला यहाँ पंजाब सिविल सचिवालय-1 में मुख्यमंत्री भगवान मान अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट ने लाभार्थियों के घरों में पैकेज्ड आटा / पैकेज्ड गेहूँ के वितरण के लिए संशोधित विधि को भी मंज़ूरी दी। आटा/ गेहूं का वितरण खुली मात्रा, सही तौल में, राशन डिपो से या राशन डिपो होल्डर की तरफ से विशेष सीलबंद पैकेटों में लाभार्थियों



के घरों के दरवाज़े या नज़दीकी मोटर प्वाइंट पर पहुँचाने की इजाज़त दी गई है। लाभार्थी के लिए पैकेज्ड आटा/ पैकेज्ड गेहूँ प्राप्त करने का यह ज़्यादा सम्मानजनक ढंग होगा क्योंकि लाभार्थी को ख़ास तौर पर ख़राब मौसम के हालात में लम्बी कतारों में खड़ा होने की ज़रूरत नहीं रहेगी।

आटा और गेहूँ देते समय सभी ज़रूरी शर्तों जैसे कि बायोमीट्रिक पड़ताल, लाभार्थी को प्रिंट की वज़न रसीद और अन्य ज़रूरतों पूरी करनी सुनिश्चित किया जायेगा। होम डिलीवरी सेवा, माडल फेयर प्राइस शाप की धारणा को पेश करेगी, जो राज्य की शीर्ष सहकारी सभा 'दि पंजाब स्टेट कोआपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटिड' की तरफ से चलाईं जाएंगी क्योंकि यह अग्रणी सहकारी संस्थान होने के साथ-साथ राष्ट्रीय ख़ाद्य सुरक्षा एक्ट के अंतर्गत सहकारी संस्थाओं को प्राथमिकता दिया जाना जरूरी है। पंजाब राज्य सहकारी सप्लाई और मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटिड द्वारा चलाए जा रहे माडल फेयर प्राइस शॉपस की तरफ से लाभार्थियों के घर तक पैक किये गेहूं/ पैक किये आटे की आपूर्ति करने के लिए स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सेवाएं भी शामिल की जाएंगी।

### हिमाचल में श्रीखंड महादेव यात्रा पर 15 अगस्त तक रोक

**शिमला।** हिमाचल की सबसे कठिनतम माने जाने वाली श्रीखंड महादेव यात्रा पर प्रशासन ने 15 अगस्त तक पूरी तरह से रोक लगा दी है। प्रशासन को सूचना मिल रही थी कि रोक के बावजूद श्रद्धालु चोरी छुपे जान जोखिम में डाल कर यात्रा पर जा रहे हैं। अब ऐसे श्रद्धालुओं पर प्रशासन की नज़र है और रोक के बावजूद उल्लंघन करने और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इस वर्ष यात्रा शुरू होने के दो दिन के भीतर ही छह लोगों की मौत हो गई। रास्ते कठिन और भारी बारिश से लगातार हो रहे खतरे को देखते हुए प्रशासन ने इस यात्रा पर रोक लगा दी। लेकिन यात्री पहले और अब बाद में भी बिना प्रशासन की अनुमति के यात्रा पर जा रहे थे। अब एसडीएम निरमण्ड की रिपोर्ट पर जिला प्रशासन ने इस पर लगी रोक को 15 अगस्त तक बढ़ दिया है।

## हमाचल में बारिश की तबाही से पर्यटन कारोबार हुआ ठप

शिमला। बीते दिनों हुई बारिश की वजह से हिमाचल प्रदेश का पर्यटन कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश की सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन कारोबार का 4.3 फीसदी हिस्सा है। लाखों लोगों का रोजगार पर्यटन कारोबार से ही चलता है। बीते दिनों प्रदेश में हुई बारिश की वजह से पर्यटन कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कुल्लू, मनाली, मंडी और लाहौल स्पीति में हुई तबाही की तस्वीरें सामने आने के बाद अब पर्यटक पहाड़ों का दीदार करने से बच रहे हैं. हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पर्यटकों से अपील की है कि हिमाचल प्रदेश अब पर्यटकों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था को पटरी पर वापस लौटाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और पूरा मंत्रिमंडल प्रदेश में व्यवस्था दुरुस्त करने में लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने कहा कि इन दिनों हिमाचल प्रदेश का पर्यटन कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अब पर्यटकों को हिमाचल आने के लिए डरने की जरूरत नहीं है। वे सुगमता के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सकते हैं।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन कारोबार प्रभावित होने के बाद कारोबारी लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं कि सरकार समय-समय पर वेदर बुलेटिन जारी करें, ताकि पर्यटकों की आमद हिमाचल में बढ़ सके।

### मानकों के अनुरूप व्यवस्था न होने से करंट से हुई मौत, जांच रिपोर्ट में खुलासा

**देहरादून/चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जनपद में गत 19 जुलाई को दिन में लगभग 11: 25 बजे नमानि गंगे के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (निकट, पुराना सस्पेंशन ब्रिज) में करंट लगने से 16 लोगों की मृत्यु एवं 12 अन्य के घायल होने के मामले की मजिस्ट्रीयल जांच रिपोर्ट शनिवार को शासन को मिल गई। उक्त घटना के तुरन्त बाद, अपर जिला अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी को जांच के आदेश दिए गए थे। इस जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने 39 व्यक्तियों के बयान लिए। इस दौरान, एसटीपी प्लांट की विद्युतीय व्यवस्था, किये गये अनुबन्ध एवं विद्युत सुरक्षा के मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। चैंज ओवर पैनल में शार्ट सर्किट हुआ तथा कन्ट्रोल पैनल एवं मैन पैनल में तीव्र अर्थ फाल्ट हुआ। निर्धारित मार्ग में उचित अर्थिंग न मिलने पर अर्थ कनैक्शन से जुडे मैटेलिक स्ट्रैक्चर, जिसमें कि प्लांट में प्रवेश हेतु निर्मित सीढियां, रैलिंग, इत्यादि में करंट फैल गया। इसी दौरान उपस्थित व्यक्ति, जो लोहे के स्ट्रैक्चर, रेलिंग, जाली इत्यादि के सम्पर्क में आये, उन्हें करंट लगा और उनकी मृत्यु हो गयी तथा कई व्यक्ति घायल हो गये । जांच में पता चला कि विद्युत सुरक्षा विभाग की आख्या के अनुसार, मीटर के बाद न तो एमसी जंक्शन बॉक्स और न ही उचित क्षमता का एमसीसीबी लगाया गया, जबकि यह बहुत आवश्यक था। इसके स्थान पर चैंज ओवर का प्रयोग किया जा रहा था। एसटीपी परिसर पर अर्थिंग मानको के अनुरूप नहीं पाई गई और अर्थिंग के लिए वैल्यू मानकों से अधिक पाई गई।

### सांसद कामाख्या प्रसाद तासा भाजपा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

गुवाहाटी। असम से राज्यसभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा को शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। पार्टी ने आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक पुनर्गठन की शुरुआत कर दी है। तासा की नियुक्ति इसी परिपेक्ष्य में उठाया गया कदम है। तासा की नियुक्ति के बाद, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर सांसद और अन्य नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी। भाजपा ने फेरबदल करते हुए केंद्रीय पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा की, जिसमें 13 उपाध्यक्ष और नौ महासचिव शामिल हैं।

## बंगाल की जनता ममता की तानाशाही से मुक्ति पाना चाहती है : अनुराग ठाकुर

कोलकाता। सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को पश्चिम बंगाल और विपक्ष शासित अन्य राज्यों में लगातार हो रही वीभत्स घटनाओं का मुद्दा उठाया और उसको लेकर विपक्षी नेताओं की चुप्पी पर निशाना साधा।

ठाकुर ने कहा, मणिपुर गये विपक्षी नेताओं का दल क्या बंगाल-राजस्थान की बेटियों की सुध लेने आएगा, उन पर हो रहे अत्याचार की रिपोर्ट बनाएगा ? पॉलिटिकल टूरिज़्म के ये टूरिस्ट क्या बंगाल-राजस्थान जाकर ममता-गहलोत सरकार के संरक्षण में हुई महिलाओं की दुर्गति को भी देखेंगे,



उनकी पीड़ा को समझेंगे, इनका दर्द साझा करेंगे ?

उन्होंने कहा, मेरा अधीर रंजन चौधरी जी से सवाल है, क्या वह पश्चिम बंगाल में हो रहे महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से सहमत हैं? पश्चिम बंगाल में 57 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई हत्या के द्वारा सत्ता हथियाई गई। राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध चरम पर है, पर किसी ने 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' को वहां जाते नहीं देखा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जो विदेश जाकर ज्ञान पीटते हैं, वह भी वहां नहीं दिखे।

ठाकुर ने कहा, बंगाल में लोकतंत्र लाचार है, मानवता शर्मसार है। ममता दीदी की शह से आज बंगाल में अपराधियों, गुंडों, दंगाइयों का बोलबाला है। क़ानून व्यवस्था ध्वस्त है, जनता त्रस्त है। ममता राज में तृणमूल पार्टी अपराधियों को संरक्षण दे रही है, उनको पाल-पोस रही है। ठाकुर श्री रामकृष्ण परमहंस जी की जन्मस्थली भी गए।

## त्रिपुरा रथ दुर्घटना : मृतकों की संख्या 10 हुई

अगरतला। त्रिपुरा में उनोकोटी जिले के कुमारघाट में गत 28 जून को हुए रथ हादसे में घायल एक और व्यक्ति की शनिवार को मौत हो गई जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। पुलिस में विशेष मामला दर्ज कराने के बावजूद अभी तक इस दुर्घटना के सिलसिले में किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

अधिकारियों ने कहा, मृतक की पहचान रूमा सरकार घोष (35) के रूप में हुई है। वह फेरा रथ के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाई-वोल्टेज बिजली लाइन से टकरा जाने वाले रथ में आग लगने के बाद घायल



हुए 20 लोगों में से एक थी। फेरा रथ भगवान जगन्नाथ की वापसी का प्रतीक है। वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती जहां आज उसकी मौत हो गयी।

इस हादसे में कुल मिलाकर तीन बच्चों और तीन महिलाओं सहित सात लोग जिंदा जल गए। हादसे के कुछ घंटों बाद रूमा की चार साल की बेटी ने अगरतला के अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घायलों में रूमा और उनकी नौ साल की बेटी दीया घोष भी शामिल थीं तथा उनकी हालत बिगड़ने के बाद एक हफ्ते पहले उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मृतक के पति गौतम घोष ने ठीक एक महीने पहले कुमारघाट में अपनी सबसे छोटी बेटी का अंतिम संस्कार किया था। उनकी पत्नी और सबसे बड़ी बेटी अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज में गंभीर अवस्था में भर्ती थीं। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि एक महीने बाद गौतम ने दिल्ली के एक श्मशान में अपनी पत्नी का अंतिम संस्कार किया और अपनी बड़ी बेटी के पास अस्पताल पहुंचे।

दो दिन पहले कुमारघाट के 91 मील क्षेत्र की निवासी एक अन्य घायल गृहिणी द्रौपदी मालाकार (32) ने गुवाहाटी के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसी हादसे में उसके छह साल के बेटे की मौके पर ही मौत हो गई थी।

इस बीच विपक्ष के नेता अनिमेष देबबर्मा ने घटना की उच्च स्तरीय जांच और प्रत्येक मृतक परिवार को 20 लाख रुपये तथा प्रत्येक घायल व्यक्ति को 10 लाख रुपये की तत्काल राहत की मांग की।

## हैदराबाद में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मुहर्रम जुलूस निकाला गया

हैदराबाद। मुहर्रम के 10वें दिन मनाया जाने वाला पारंपरिक 'बीबी का आलम' जुलूस शनिवार को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के पुराने शहर में शांतिपूर्ण ढंग से निकला जिसमें गमगीन माहौल था।

हैदराबाद सिटी पुलिस ने पूरे मुहर्रम अवधि के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया।

भव्य जुलूस दबीरपुरा में 'बीबी का आलम' से शुरू हुआ, जिसमें 'आलम' को एक सुंदर ढंग से सजाए गए हाथी पर रखा गया था। सैकड़ों लोगों ने जुलूस के मार्ग पर कतारबद्ध होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जबकि बड़ी संख्या में शोक मनाने वालों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रतिष्ठित चारमीनार में शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद और अतिरिक्त सीपी एस विक्रम सिंह मान, सुधीर बाबू और विश्वप्रसाद ने माधुरी नाम की हथिनी के ऊपर बीबी का आलम को 'धत्ती' अर्पित की। इस समय-सम्मानित परंपरा में शहर के पुलिस कोतवाल की ओर से जुलूस का स्वागत करना और सम्मान देना भी शामिल है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली में 11वीं के स्टूडेंट ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, घर के बाथरूम में मिला शव

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के चंद्र विहार इलाके में 16 वर्षीय एक किशोर ने शनिवार सुबह अपने घर के स्नानघर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब सात बजे मधु विहार के पास स्थित चंद्र विहार इलाके में हुई इस घटना के बारे में पीसीआर कॉल के माध्यम से जानकारी मिली। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अमृता गुगुलोथ ने बताया कि अंकित बडोला नामक किशोर का शव स्नानघर में खिड़की से लटका मिला जो 11वीं कक्षा का छात्र था।अधिकारी ने छात्र के पास से मिले एक सुसाइड नोट के हवाले से बताया कि वह पढ़ाई में अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से निराश था। पुलिस ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 174 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### सोसायटी की समस्याओं के बारे में सांसद महेश शर्मा को अवगत कराया



नोएडा। 29 जुलाई 2023 (शनिवार) को डा. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने जेपी अमन, सैक्टर-151, अर्बटेक सेबियर, सनवर्ल्ड अरिस्टा, द गोल्डन पाम्स, पारस सेशन्स, सैक्टर -168, जेपी कासमॉस सैक्टर 134 एवं जेपी ग्रीन्स केनसिंगटन सेक्टर 133, नोएडा के कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसायटी के निवासियों ने माननीय सांसद जी का भव्य स्वागत किया तथा अपनी सोसायटी की (फ्लैट, बिल्डर्स, सीवर, सड़क, बिजली, पानी, पार्क, स्कूल आदि) संबंधित समस्याओं के बारे में सांसद जी को अवगत कराया। माननीय सांसद जी ने कहा हमेशा आपके साथ है, और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं को समाधान कराने की कोशिश करूंगा। इस कार्यक्रम में महेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष, संजय बाली सांसद प्रतिनिधि, रोहित शर्मा, अभिषेक शर्मा, सेवानंद शर्मा, श्याम शर्मा, गीता सागर, गजेन्द्र दत्त शर्मा, रजनी सिंह, संजय चौहान, राजेश शर्मा, आनंद भाटी, मुकेश दीक्षित, अर्पित तिवारी आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मारपीट के मामले में केस रद्द, 400 पौधे लगाने का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मारपीट के मामले में दोनों पक्षों को अपने क्षेत्र में 200-200 पौधे लगाने का आदेश दिया है, ताकि उनके बीच की नकारात्मकता को समाप्त किया जा सके। इस शर्त के साथ अदालत ने दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि पक्षकार पौधे लगाएंगे और पांच साल तक उनकी देखभाल करेंगे। अदालत ने जानबूझकर चोट पहुंचाने, चोट पहुंचाने की तैयारी के बाद घर में अतिक्रमण करने, हमला करने या गलत तरीके से रोकने, आपराधिक धमकी देने और गैर इरादतन हत्या के प्रयास के कथित अपराधों के लिए दर्ज दो आपराधिक मामलों में कार्यवाही को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति ने कहा मेरा मानना है कि पार्टियों को समाज में योगदान देने का निर्देश देकर उनकी नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त किया जाना चाहिए। इसलिए, दोनों याचिकाकर्ताओं को पौधे लगाने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने यह भी कहा जांच अधिकारी द्वारा बागवानी विभाग के परामर्श के बाद जगह की पहचान की जाएगी और वह याचिकाकर्ताओं को 15 दिन पहले सूचित करेंगे। जांच अधिकारी उचित निगरानी के लिए पौधों की जियो-टैगिंग की संभावना भी तलाशेंगे।

### महिला ने तेजाब पीकर दी जान, पति पर केस

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर में बुधवार रात बाथरूम में साबिया (32) की तेजाब पीकर जान दे दी। दयालपुर थाना पुलिस ने महिला की 12 साल की बेटी के बयान पर पति जाहिद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिवार के हवाले कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, साबिया चांद बाग में रहती थी। परिवार में पति जाहिद के अलावा 12 साल की बेटी है। बेटी सातवीं कक्षा की छात्रा है। पुलिस को दिए बयान में मासूम ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पिता रोजाना शराब पीकर घर आ रहे थे। साथ ही, मां को छोटी-छोटी बातों पर बुरी तरह पीटते थे। बुधवार पिता घर में शराब पी रहे थे। किसी बात पर उनका साबिया से झगड़ा हो गया। इसके बाद पिता ने साबिया को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। कहासुनी के बीच मां रात करीब 9 बजे बाथरूम में गई और तेजाब पीकर छटपटाने लगी। इस दौरान साबिया का नंदोई पहुंचा। उसने साबिया के भाई को कॉल कर सूचना दी। इसके बाद साबिया को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सफदरजंग रेफर कर दिया गया।

### परिवार नियोजन में लापरवाही पर स्वास्थ्य विभाग को चेतावनी

**गाजियाबाद।** जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की समीक्षा में पिछड़ने पर स्वास्थ्य विभाग को चेतावनी जारी की है। शासन स्तर से कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिया गया है। जिले में 11 से 26 जुलाई तक 88 महिलाओं और एक पुरुष की नसबंदी हुई है, जबकि मेरठ में 289 महिलाओं और 25 पुरुषों ने नसबंदी कराई। हापुड़ में 141 महिलाएं और 23 पुरुषों ने नसबंदी कराई है। बागपत में 172 महिलाओं और 12 पुरुषों ने परिवार नियोजन का स्थायी विकल्प अपनाया है। मेरठ मंडल से हुई समीक्षा में गाजियाबाद, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर के आंकड़े असंतोषजनक हैं। परिवार नियोजन के अन्य साधन अपनाने के मामले में भी तीनों जिले फेल साबित हुए हैं। मेरठ मंडल की अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अर्चना त्यागी ने 11 से 31 जुलाई तक चल रहे जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की समीक्षा 26 जुलाई को की थी। समीक्षा के दौरान गाजियाबाद, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर की ओर से भेजे गए आंकड़े हापुड़, मेरठ और बागपत के मुकाबले बहुत कम थे। इस मामले में अपर निदेशक ने तीनों जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को चेतावनी जारी कर परिवार नियोजन बढ़ाने का निर्देश दिया है।

### अधेड़ को चाकू मारा, पत्नी ने आरोपी दबोचा

नई दिल्ली। वसंतकुंज साऊथ इलाके में एक ऑटो चालक को उसके घर में घुसकर चाकू मारने का मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी ने बीच बचाव किया और आरोपी को दबोच लिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची वसंतकुंज साऊथ थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि 42 वर्षीय रामपाल अपने परिवार के साथ रजोकरी गांव में रहता है और ऑटो चालता है। रामपाल मूलत- झांसी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस को दिए बयान में रामपाल ने बताया कि 27 जुलाई की तड़के वह अपना ऑटो लेकर चलाने के लिए गया था। सुबह करीब 6 बजे उसकी पत्नी भारती का फोन आया और उसने बताया कि घर में एक युवक जबरन घुस गया है और छत पर जाकर छिप गया है। रामपाल तुंरत अपने घर वापस आया और छत पर पहुंचा। जहां एक युवक छिपा हुआ था, पीड़ित ने उसे अपने घर से जाने के लिए कहा। जिस पर आरोपी ने चाकू लेकर रामपाल पर हमला कर दिया। पीड़ित ने अपना बचाव किया, लेकिन ताबड़तोड़ हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की पत्नी ने बीच बचाव किया और आरोपी को दबोच लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी 28 वर्षीय शुभम को गिरफ्तार कर लिया। शुभम तुगलकाबाद कर रहने वाला है। पुलिस ने रामपाल को अस्पताल पहुंचाया और उसके बयान पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आतिशी ने बाढ़ राहत मुआवजे पर 'ढिलाई' पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली। बाढ़ पीड़ितों को समय पर सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता न दिए पर दिल्ली सरकारी की वित्तमंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को चिट्ठी लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने लिखा कि राजधानी में 4716 परिवार बाढ़ से पीड़ित से रहे, लेकिन सिर्फ 197 परिवारों को आर्थिक सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को मुख्य सचिव ने आईएएस और दानिक्स कैडर के 37 अधिकारियों की ड्यूटी सिर्फ बाढ़ और उससे जुड़े कार्यों के लिए लगाई थी।

उसके बावजूद बाढ़ पीड़ितों का आर्थिक सहायता राशि दिए जाने की स्थिति काफी खराब है। आतिशी ने शुक्रवार शाम को प्रधान सचिव राजस्व अश्विनी कुमार और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।



बाढ़ पीड़ितों को 10 हजार रुपये का मुआवजा दिए जाने का फैसला कैबिनेट ने 10 दिन पहले लिया था, लेकिन उसके बाद भी उन्हें समय पर मदद नहीं मिल रही है। अधिकारियों की संख्या को जोड़कर देखा जाए तो प्रत्येक अधिकारी को 70 परिवारों को राहत की प्रक्रिया को पूरा करना था। यानी प्रतिदिन सात परिवारों को राहत मुहैया कराने का ही काम करना था, लेकिन वो भी समय पर पूरा नहीं किया गया।

#### कार्य के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं

मंत्री ने पत्र में लिखा कि सभी अधिकारी शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, पर्यटन समेत कई अन्य विभागों में अहम पदों पर हैं। अगर यह अधिकारी बाढ़ जैसी आपदा में इतनी ढिलाई के साथ काम करते हैं तो स्थिति चिंताजनक है।

आखिरकार यह अधिकारी अपने विभाग में दिन प्रतिदिन का काम कैसे करते होंगे। पत्र में लिखा गया है कि बाढ़ पीड़ितों को समय पर मुआवजा राशि दिलाने के लिए शनिवार और रविवार को भी अधिकारी तैनात किए जाएं।

ताकि सोमवार को निर्धारित समय पर सहायता धनराशि पीड़ितों के खाते में स्थानांतरित की जा सके।

## पत्नी सहित सास-ससुर पर चाकू से हमला

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में शनिवार को शख्स ने पत्नी, सास और ससुर पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।चंडीगढ़ निवासी 37 वर्षीय सुनील की शादी जहांगीरपुरी ई ब्लॉक निवासी संध्या से 17 साल पहले हुई थी। दंपती को 15 साल का बेटा और 13 साल की बेटी है। कुछ समय से पति पत्नी के बीच में विवाद चल रहा था। इसकी वजह से एक हफ्ते पहले संध्या चंडीगढ़ से दिल्ली अपने मायके आ गई थी। उसने अपने दोनों बच्चों को भी ससुराल में छोड़ दिया था। बताया जाता है कि सुनील के मनाने पर भी वह नहीं आ रही थी। आरोपी शनिवार को चंडीगढ़ से जहांगीरपुरी आया। घर में संध्या अपनी मां बाला देवी और पिता किशनचंद के साथ घर पर थी। बताया जाता है कि आरोपी ने पत्नी को साथ चलने के लिए कहा।

# गाजियाबाद में नकली नोटों की सप्लाई करने वाला गैंग पकड़ा

## असली के बदले देते थे तीन गुना नकली नोट

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो असली नोट के बदले तीन गुना नकली नोट बेचता था। इस गैंग के चार आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। इनसे 500-500 के 400 नकली नोट बरामद हुए हैं। गैंग को ये नकली नोट मुहैया कराने वाला व्यक्ति फरार है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूरे रैकेट तक पहुंच पाएगी।

#### ऊपर-नीचे असली और बीच में नकली नोट लगाकर बेचते थे गड्डी

पकड़े गए आरोपी वसीम उर्फ राजा, शब्रे आलम उर्फ समीर उर्फ राहुल, मोहम्मद अंसार और जितेंद्र हैं। इनके विरुद्ध गाजियाबाद, नोएडा व मेरठ में कई मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में वसीम उर्फ राजा ने बताया, हमें नकली नोटों की गड्डियां अनिल यादव लाकर देता है। इसके बाद हम किसी भी व्यक्ति को असली के बदले तीन गुना नकली नोट बेचते हैं। नकली नोट हूबहू असली जैसा है, ये भरोसा दिलाने के लिए गैंग के लोग असली नोट को नकली बताकर पानी में डालते हैं। चूंकि वो नोट असली होता है, इसलिए पानी में भी उसका कलर नहीं छूटता। इसके बाद ये गैंग गड्डी में ऊपर-नीचे असली और बीच में नकली नोट लगाकर चूना लगा देते हैं।

#### नकली नोट सप्लाई करने वाले की तलाश जारी

कई बार इसी गैंग के लोग पुलिस बनकर डीलिंग के दौरान छापा मारने का नाटक करते हैं। ऐसे में जो व्यक्ति नोट खरीदने आया हुआ होता है, उसके सारे रुपए वे छीन लेते हैं और पीड़ित व्यक्ति फ्रॉड धंधा होने की वजह से पुलिस में शिकायत भी नहीं करता।

# बवाना इलाके में मुठभेड़, गोगी गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के बवाना इलाके में मुठभेड़ के बाद गोगी गिरोह के 23 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया जिस पर जबरन वसूली और लूटपाट की घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार को बाहरी उत्तरी जिले में जबरन वसूली और लूटपाट की घटनाओं में शामिल एक गैंगस्टर की मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके आधार पर पुलिस की एक टीम बवाना पहुंची और संदिग्ध को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने बताया कि टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति को रुकने के लिए कहा, लेकिन उसने वहां से भागने की कोशिश की और गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जबावी कार्रवाई करते हुए संदिग्ध के दाहिने पैर पर गोली मारी और उसे पकड़ लिया। अधिकारी के मुताबिक, कथित गैंगस्टर की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी पवन उर्फ पूना के रूप में हुई है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर के कब्जे से एक पिस्तौल, एक कारतूस और अलीपुर इलाके से लूटी गई एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

# चाइनीज मांझा बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ऐसे गैंग का खुलासा किया है, जो वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन चाइनीज मांझा बेच रहे थे। पुलिस ने इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जवाहर कालोनी, न्यू इंडस्ट्रियल टाउनशिप, फरीदाबाद निवासी अली हसन (36), हर्ष वर्धन खत्री (28) और ऋतिक कुमार चौरसिया (24) के रूप में हुई है।

आरोपी वेबसाइट के अलावा फेसबुक और यूट्यूब पर प्रतिबंधित मांझा बेच रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाइनीज मांझे की 201 चारखियां बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों में हर्ष वर्धन ने बीबीए और अली हसन ने



आईटीआई डिप्लोमा किया हुआ है। अली हसन ही चाइनीज मांझा बेचने का मेन सोर्स है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

#### ऑनलाइन चाइनीज मांझा बेचने की मिली थी सूचना

अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि हाल में चाइनीज मांझे की चपेट में आकर कई लोग जख्मी हो गए थे। जबकि, एक बच्ची की जान चली गई। इसके अलावा कई पशु और पक्षी भी जख्मी हुए थे। पुलिस लगातार मांझा बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला रही थी। छानबीन के दौरान पुलिस को ऑनलाइन मांझा बेचने की खबर मिली।

#### पुलिस ने बिछाया जाल

जानकारी जुटाने पर पता चला कि गैंग का एक आरोपी मदनपुर खादर, दक्षिण-पूर्व दिल्ली में आने वाला है। पुलिस ने मदनपुर में जाल बिछा दिया। इस बीच ऋतिक चौरसिया को दबोच लिया गया। उसके पास से पुलिस ने 16 चरखी बरामद की। ऋतिक से पूछताछ के बाद पुलिस ने फरीदाबाद से हर्ष वर्धन को गिरफ्तार कर उसके पास से 69 चरखी बरामद की।

#### आरोपियों के पास से मिली 201 चरखी

इसके बाद हर्ष वर्धन की निशानदेही पर पुलिस ने फरीदाबाद से ही अली हसन को दबोच लिया। उसके पास से 116 चरखी बरामद हुई। आरोपी जल्द रुपये कमाने के लिए चाइनीज मांझे का धंधा कर रहे थे।

हर्ष वर्धन ने 'MONO KITE' के नाम से वेबसाइट बनाई थी। इसके अलावा फेसबुक और यूट्यूब पर भी अपना नंबर डाला हुआ था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# एनईपी 2020 को लेकर शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की पुन: कल्पना पर एक दिवसीय पैनल डिस्कशन आयोजित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) पर दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग (सीआईई) द्वारा शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की पुनर्कल्पना पर एक दिवसीय पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। इस चर्चा में एनआईईपीए, एनसीईआरटी, आईआईटी बॉम्बे, जामिया मिलिया इस्लामिया, बीएचयू, शिक्षा विभाग (सीआईई) जैसे संस्थानों से विभिन्न क्षेत्रों के 120 से अधिक प्रतिभागियों (अनुसंधान विद्वान, शिक्षक प्रशिक्षक और शिक्षक) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रमुख और डीन प्रोफेसर पंकज अरोड़ा ने कार्यक्रम की




अध्यक्षता की और अतिथियों का स्वागत किया।

प्रो. अरोड़ा ने एनईपी 2020 के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी और एनपीएसटी, आईटीईपी आदि के दिशानिर्देशों और संरचना का उल्लेख किया। उन्होंने एनईपी 2020 और शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम के दृष्टिकोण पर अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव पर चर्चा की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुनीता सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत्त संचालन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रणति पांडा (प्रमुख और डीन, गैर-औपचारिक शिक्षा विभाग, एनआईईपीए), प्रोफेसर कौशल किशोर, (शिक्षा संकाय, जामिया मिलिया इस्लामिया), प्रोफेसर वंदना सक्सेना, (शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) पैनलिस्ट के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर पैनलिस्ट प्रोफेसर प्रणति पांडा ने एनईपी 2020: विजन मिशन और शिक्षक शिक्षा पर अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षक शिक्षा के बदलते परिप्रेक्ष्य और शिक्षण पेशे के लिए शिक्षक शिक्षा के जीवन चक्र दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सामग्री ज्ञान से परे देखने की जरूरत है, सभी के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण और शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में नेटवर्किंग सहयोग जैसे एजेंडे को बदलने की जरूरत है।

# मारपीट का वीडियो वायरल होने पर छह गिरफ्तार

जेवर। दनकौर क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे में गाली-गलौज के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले थे। जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। जिसके आधार पर पुलिस ने पहचान करके 6 आरोपियों को शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया है। जिनको पुलिस शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजेगी।

पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें बिलासपुर के कुछ लोग एक दूसरे से लाठी-डंडों से विवाद कर रहे हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनको शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि गाली-गलौज के बाद विवाद को लेकर दोनों पक्षों में बुधवार की शाम यह विवाद हुआ था।

वीडियो वायरल हुआ तो राहुल, पुनीत, चचंल, तासीम, आशिक और साजिद नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर सभी 6 आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि इस विवाद में दोनों पक्षों के लोगों को गंभीर चोट आई हैं। जिसकी वजह से उनको अभी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों को बाद में गिरफ्तार किया जाएगा।

# इंटरनेशनल ओलंपियाड में नोएडा-गाजियाबाद के छात्र चमके

**गाजियाबाद।** सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल गाजियाबाद के छात्र मलय केडिया ने 55वें अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड 2023 में रजत पदक जीता है। ये ओलंपियाड ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में 16 से 25 जुलाई तक हुआ था। इसमें दुनियाभर के प्रतिभागियों के साथ दिलचस्प बातचीत हुई। उन्होंने अपनी कहानियां, अपेक्षाएं और समझ साझा की।

ओलंपियाड में भारतीय छात्रों का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिला। सभी ने उनकी प्रशंसा की और इस तरह नई पहचान मिली। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इस विशिष्ट प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक हासिल किये। समग्र पदक तालिका में भारत कई अन्य देशों के बीच 12वें स्थान पर रहा। नोएडा के कृष श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल गाजियाबाद की निदेशक प्रिंसिपल शालिनी नांबियार ने कहा, 'मलय केडिया और सभी पदक विजेताओं की अद्वितीय उपलब्धियों के लिए हम उन्हें हार्दिक बधाई देते हैं। यह सफलता उनके समर्पण, कर्मठता और अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल सदैव युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और सशक्त बनाने में विश्वास रखता है। इसलिए यह सीखने का बेहतरीन माहौल, विश्व स्तरीय शिक्षा और विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता दर्ज करने का अवसर देने को प्रतिबद्ध है।

## बच्चों से गुलजार हुआ दिल्ली पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुस्तक मेला का प्रगति मैदान में शनिवार से आगाज हो गया। यहां बच्चों की दुनिया सबसे ज्यादा गुलजार है। बाल साहित्य, बच्चों को प्रेरित करने वाली कहानियां व कौशल विकास से जुड़ी पुस्तकों के स्टॉल पर बच्चों की अधिक संख्या देखने को मिल रही है। कहीं पर पंचतंत्र तो कहीं दादी-नानी की कहानियां बच्चों के दिल को छू रही हैं। बच्चों के लिए मेले में पेंटिंग, क्राफ्ट, नाट्य, स्टोरी टैलिंग की कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। मेला भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) व भारतीय प्रकाशक संघ (एफआईपी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस बार की थीम राष्ट्र निर्माण में पुस्तकें रखी गई है।

# केरल के गवर्नर के काफिले में घुसी एसयूवी

## गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार, शराब के नशे में चला रहे थे गाड़ी

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में केरल के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान के काफिले में एक स्कॉर्पियो कार घुस गई और उसने पुलिस की एक गाड़ी को भी टक्कर मार दी। इसके बाद पूरे काफिले में हड़कंप मच गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के द्वारा बताया गया कि दोनों ही युवक शराब के नशे में थे और लापरवाही से गाड़ी चलाकर वीआईपी फ्लीट को बाधित किया।

नोएडा पुलिस की तरफ से जानकारी दी गई कि शुक्रवार को थाना सेक्टर 113 स्थित एक्सप्रेस जैनिथ सोसाइटी में महामहिम राज्यपाल केरल आरिफ मोहम्मद खान का कार्यक्रम प्रस्तावित



था। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल को सकुशल दिल्ली बोर्डर स्कॉर्ट के लिए थाना 113 पुलिस द्वारा पायलेट कार व स्कॉट द्वारा ले जाया जा रहा था।

रात करीब 11 बजे मेट्रो स्टेशन सेक्टर 76 के पास पहुंचे तो काले रंग की महिन्द्रा स्कॉर्पियो के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए वीआईपी फ्लीट को बाधित कर दिया। पुलिस के द्वारा इन लोगों को हाथ से इशारा कर वीआईपी फ्लीट से दूर करने के लिए संकेत दिया तो चालक गौरव सोलंकी व इसके साथी मोनू ने आगे चल रही ट्रैफिक पुलिस की सरकारी गाड़ी में टक्कर मार दी।

#### पुलिस ने स्कॉपियो सवारों को पकड़ा

इस घटना के तुरंत बाद नोएडा पुलिस के द्वारा दोनों स्कॉर्पियो सवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उन दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के द्वारा बताया गया कि दोनों युवक शराब के नशे में थे।स्कॉर्पियो वाहन को एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया।

# प्राधिकरण ने पार्किंग की जगह पर लगी रेहड़ी-पटरी को उठाया

## प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने एक दर्जन रेहड़ी को किया जब्त

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा वन स्थित मार्केट के सामने पार्किंग की जगह पर रेहड़ी-पटरी का जमावड़ा लगा हुआ था। वाहनों के लिए पार्किंग में दुकान चल रही थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक दर्जन अवैध रेहड़ी पटरी जब्त कर ली।

प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग के प्रभारी और ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि ओमेगा वन की मार्केट के पास वाहनों की पार्किंग के लिए खाली जगह छोड़ी गई है। लेकिन रेहड़ी-पटरी वालों ने अपना डेरा जमा लिया था।

वाहनों लगाने के लिए पार्किंग नहीं मिल पाती थी। गाड़ियां रोड पर खड़ी होती हैं। ट्रैफिक जाम जैसे हालात बने रहते थे। आए दिन शिकायत प्राप्त हो रही थी। प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची और पार्किंग की जगह पर लगी एक दर्जन रेहड़ी जब्त कर ली गई। ओएसडी ने यातायात को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने और शहर को स्वच्छ रखने की बात कही थी।

इसी कड़ी में अवैध रूप से शहर में लगी हुई रेहड़ी व पटरियों के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नए सीईओ आने के बाद से लगातार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चल रहा है। जगह-जगह पर अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। साथ ही शहर में अवैध रूप से में जगह-जगह पर लगी हुई रेहड़ी, यूनिपोल आदि को भी प्राधिकरण की टीम द्वारा हटाया जा रहा है।

## गाजियाबाद कोर्ट में जमकर चले लात-घूंसे

गाजियाबाद। गाजियाबाद कोर्ट से मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वकील और क्लाइंट पक्ष के बीच जमकर मारपीट हुई। एक-दूसरे पर खूब लात-घूसे भी बरसाए। इस दौरान कोर्ट रूम में खड़े 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी भी बेबस नजर आए। वकील ने तीन लोगों के खिलाफ कविनगर थाने पर शिकायत दी है। मामला गाजियाबाद बार एसोसिएशन तक पहुंच गया है। एसोसिएशन समझौता कराने के मूड में था। लेकिन, अब पुलिस के पास शिकायत पहुंच गई है तो मुकदमा दर्ज हो सकता है। वीडियो में पिटने वाला शख्स रेप का आरोपी है, जो भाभी से रेप करने में जेल जा चुका है। इस पर वकील से बदतमीजी करने का आरोप है। मोदीनगर थाने में साल-2022 में एक रेप केस दर्ज हुआ था। इसमें महिला ने अपने देवर डॉक्टर सुहेल पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि देवर ने नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर रेप किया। इस मामले में सुहेल करीब सात महीने तक जेल में बंद रहा। अब ये मुकदमा गाजियाबाद कोर्ट में चल रहा है। महिला पक्ष की तरफ से इस केस की पैरवी वकील मोहम्मद मुस्तफा कर रहे हैं।

# संपादकीय



## दोषियों को मिले सजा

मणिपुर में दो महिलाओं की निर्वस्त्र परेड और गैंगरेप के मामले की जांच सीबीआई करेगी। इसकी जांच रिपोर्ट भी सीबीआई को सौंप दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए हलफनामे में राज्य में विक्टिम्स को साइकॉलॉजिकल, मेडिकल और लीगल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, इसके अलावा सरकार की अन्य कदमों ने अपराधों के खिलाफ संघर्ष की तरफ इशारा किया है।

मणिपुर में सरकार के कुछ हालिया कदम गौर करने लायक हैं। दो महिलाओं की निर्वस्त्र परेड और उनके साथ गैंगरेप के चर्चित मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। यहां यह बात गौर करने लायक होगी कि इस जांच में क्या निकलता है और दोषियों को सजा होती है या नहीं। दरअसल, देश ने कई ऐसे मामले देखे हैं, जहां ऐसी जांच का कोई नतीजा ही नहीं निकला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए हलफनामे में कहा है कि राज्य में तमाम विक्टिम्स को साइकॉलजिकल, मेडिकल और लीगल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिस तरह से यह मामला विडियो वायरल होने के बाद ही सबके संज्ञान में आया और राज्य सरकार की हर तरफ किरकिरी हुई, उसके मद्देनजर अब सभी पुलिस थानों के लिए यह अनिवार्य बना दिया गया है कि ऐसे जो भी मामले सामने आएं उनकी सूचना पुलिस महानिदेशक (ष्ठत्रक्क) को दी जाए। इसके अलावा केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से यह अनुरोध भी किया है कि इस मुकदमे को दूसरे राज्य में ट्रांसफर कर दिया जाए ताकि सही माहौल में इसकी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। सरकार का यह भी कहना है कि हालात पहले के मुकाबले काफी सुधरे हैं और 18 जुलाई के बाद से किसी हिंसक घटना में मौत की खबर नहीं है।

हालांकि इन कदमों के मद्देनजर अब सरकार पर कुछ न करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता, लेकिन उसके इन कदमों की अहमियत नापने की तीन बड़ी कसौटियां आज की तारीख में बनती हैं। पहली तो यह कि राज्य के हालात यहां से आगे किस तरह के रहते हैं। अगर वहां शांति कायम रहती है और गोलीबारी की जिन छिटपुट घटनाओं की रिपोर्ट आ रही है वे भी रुक जाती हैं, लोग धीरे-धीरे घरों में सामान्य जीवन बिताने लगते हैं तो इन कदमों की सार्थकता मानी जा सकती है। दूसरी बड़ी कसौटी सुप्रीम कोर्ट है। चूंकि वायरल विडियो सामने आते ही सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वत संज्ञान लेते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई को कहा और आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य तमाम कदम उसके बाद उठाए गए, इसलिए सही हो या गलत, पर यह आम धारणा बनी कि सरकार के इन कदमों के पीछे वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख ही है। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को इन तमाम कदमों की जानकारी दे दी है। ऐसे में देखना होगा कि वह इनसे कितना आश्वस्त होता है। सरकार के इन कदमों की तीसरी सबसे बड़ी कसौटी सामान्य तौर पर देश की संसद ही होती क्योंकि संसद का मॉनसून सत्र अभी चल रहा है। लेकिन दुर्भाग्यवश सत्र के चलते हुए भी संसद एक तरह से ठप है। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार हो जाने के बाद अब मणिपुर पर विस्तृत चर्चा भी तय हो चुकी है और प्रधानमंत्री का इस पर बयान आना भी निश्चित हो गया है। इसके बावजूद संसद में चर्चा के बजाय हंगामा, बॉयकॉट और स्थगन ही देखने को मिल रहा है, जिसे किसी भी रूप में सही ठहराना मुश्किल है।




# मणिपुर पर संसद में सार्थक बहस की उम्मीद बहुत कम

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

जालंधर से प्रकाशित जगबाणी लिखता है- मणिपुर गैर जनजातीय हिन्दू मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद 3 मई से मैतेई तथा जनजातीय कुकी व अन्य समुदायों में भारी विवाद के कारण हिंसा की आग में झुलस रहा है।

पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्य मणिपुर में दो महिलाओं के साथ दरिंदगी की घटना के बाद से देश में महिलाओं पर अत्याचारों को लेकर भारी आक्रोश है। मणिपुर के मसले पर संसद में भी भारी शोर-शराबा देखने को मिल रहा है। विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। अविश्वास प्रस्ताव पर अगस्त के महीने के पहले सप्ताह में चर्चा होगी। इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने मणिपुर के संवेदनशील मुद्दे पर अपनी राय बड़ी प्रमुखता से रखी है।

जालंधर से प्रकाशित जगबाणी लिखता है- मणिपुर गैर जनजातीय हिन्दू मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद 3 मई से मैतेई तथा जनजातीय कुकी व अन्य समुदायों में भारी विवाद के कारण हिंसा की आग में झुलस रहा है। जिसमें भारी जान-माल का नुकसान हुआ है। कुछ दिनों पहले एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो 4 मई का बताया जा रहा है और इसमें दो महिलाओं को पूरी भीड़ के सामने नेकेड-पैरेड करने के लिए विवश किया गया है। लोग उनके साथ यौन अत्याचार भी कर रहे हैं। इस वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से त्यागपत्र तक की मांग की जाने लगी। इसी मुद्दे पर संसद के मानसून सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में मणिपुर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्रवाई बाधित रही। 20 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद जाते समय पहली बार इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अखबार आगे लिखता है, मणिपुर में पिछले ढाई महीने से हिंसा का जारी रहना और महिलाओं पर इस तरह का अत्याचार कहीं न कहीं राज्य और केंद्र सरकार द्वारा इस संवेदनशील मामले की गंभीरता और राज्य में हो रही हिंसा के प्रति उदासीनता बरतने का नतीजा है। यदि राज्य इसी प्रकार हिंसा की आग में झुलसता रहा तो न सिर्फ जान-माल तबाह होने के साथ-साथ इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है- पूर्वोत्तर में विभिन्न उग्रवादी एवं आतंकवादी संगठन दशकों से सक्रिय हैं। कईयों का केंद्र और राज्य सरकार से समझौता है। ये संगठन मुख्यत: आदिवासी आधारित हैं। अखबार लिखता है, मणिपुर का वीडियो सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी राजस्थान, पश्चिम बंगाल और बिहार में महिलाओं के खिलाफ हो रहे जघन्य अपराधों को लेकर सवाल उठा रही है। बीजेपी यह भी आरोप लगा रही है कि विपक्षी दलों के नेता केवल बीजेपी शासित राज्यों में ही ऐसे मामले उठा रहे हैं लेकिन विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में हो रहे जघन्य अपराधों पर चुप रहते हैं। अखबार के मुताबिक, मणिपुर में सामूहिक हिंसा को सरकारी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। मणिपुर में भयावह घटनाओं पर केन्द्र व राज्य सरकारें चुप्पी साधे रहीं।

सिरसा से प्रकाशित सच कहूं लिखता है- महिलाएं आदिकाल से ही पुरुषों के उत्पीड़न का शिकार होती आ रही हैं, जो वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी के युग में भी जारी है। भले ही एक महिला पढ़-लिखकर प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वोच्च पदों पर पहुंची हो, लेकिन महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कोई खास नतीजा नहीं निकल सका। हाल ही में मणिपुर राज्य के एक गांव में दो जनजातियों की आपसी दुश्मनी का नतीजा महिला को ही भुगतना पड़ा। दो-तीन महिलाओं को निर्वस्त्र कर घेर लिया गया।



बड़ी और आश्चर्य की बात है कि ये सब गांव वालों की मौजूदगी में हुआ। इस घटना के घटित होने से ऐसा लगता है जैसे हम सीरिया जैसे देश में रह रहे हैं।

चंडीगढ़ से प्रकाशित देशसेवक लिखता है- मणिपुर की भयानक हिंसा के मामले पर संसद में सार्थक बहस की उम्मीद कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में मणिपुर की हिंसा और वहां की बिगड़ती स्थितियों तथा स्थिति को संभालने के लिए सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाइयों के बारे में बोलना नहीं चाहते हैं। सभी नेता समझते हैं कि मणिपुर में जो किया गया है वह राजनीतिक रूप से उनके लिए फायदेमंद है। इसलिए ऐसा नहीं लगता कि मणिपुर की हिंसा और मणिपुर की कुकी महिलाओं के खिलाफ हुए जघन्य अपराधों पर संसद में कोई सार्थक बहस होगी।

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है- संसद का मानसून सत्र मणिपुर की भयावह घटनाओं में फंस गया है। सत्ताधारी पार्टी अपने बहुमत के बावजूद इस घटना को दूसरे राज्यों की घटनाओं से जोड़ना चाहती है, ऐसा करके वह इस घटना की गंभीरता को कम करने की कोशिश कर रही है। यदि भारतीय जनता पार्टी इस जघन्य घटना को लेकर सही दिशा में कोई कदम नहीं उठाती है तो निश्चित तौर पर केंद्र सरकार इस तरह का व्यवहार अपनाकर अपने घटक दलों को कमजोर करेगी, जबकि मुख्यमंत्री का इस्तीफा पहले ही ले लेना चाहिए था।

चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन लिखता है- कुकी और मैतेई लोगों का भारतीय सरकार और लोकतंत्र पर से विश्वास पूरी तरह क्यों हिल गया है। इस स्थिति को 'गृहयुद्ध' ही कहा जा सकता है और 90 दिन बाद भी मणिपुर के नागरिक सरकार की बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं। इसका असर भारतीय संसद में भी देखने को मिला जहां पूरे विपक्षी दल ने काले कपड़े पहनकर पूरे दिन संसद में मणिपुर का राग अलापा, लेकिन सरकार ने विपक्ष के इस विरोध को नजरअंदाज कर दिया। सरकार का कहना है कि प्रधानमंत्री को बोलने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि इस मुद्दे पर बोलने के लिए गृह मंत्री ही काफी हैं।

जालंधर से प्रकाशित नवां जमाना लिखता है- मणिपुर तीन महीने से जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने संसद में बोलने से इनकार कर दिया। विपक्ष को पीएम का मुंह खोलने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेना पड़ रहा है। मणिपुर में बीजेपी की डबल इंजन सरकार है। कथित राष्ट्रवादी इस हद तक गिर गए हैं कि दो महिलाओं के नग्न वीडियो से शर्मिंदा होने के बजाय, इसे सरकार के खिलाफ साजिश बता रहे हैं। अखबार आगे लिखता है, आरएसएस लंबे समय से पूर्वोत्तर राज्यों में काम कर रहा है। उन्हें धर्म के आधार पर लोगों को तोड़ने में महारत हासिल है। इसी का नतीजा है कि आज मणिपुर जल रहा है।

जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है- लोकसभा और राज्यसभा में मौजूदा शोर के पीछे एक ही बड़ा कारण है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष इस शोर की आड़ में कुछ राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं।

जहां तक मणिपुर में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की बात है तो सत्ताधारी और विपक्षी दलों को महिलाओं से कोई सहानुभूति नहीं है, उनका एकमात्र उद्देश्य शोर मचाकर सदन का कीमती समय बर्बाद करना है। यदि सत्तारुढ़ दल और विपक्ष दोनों को मणिपुर की महिलाओं के प्रति सच्ची सहानुभूति होती साथ ही पश्चिम बंगाल, राजस्थान और कुछ अन्य राज्यों में महिलाओं के साथ जो हुआ है उस पर भी समान चर्चा पर सहमति बननी चाहिए थी। कांग्रेस और बीजेपी दोनों के मन में चोर हैं, इसलिए ये चर्चाएं अपनी-अपनी चोरियों को छुपाने के लिए भाग रही हैं। देश की जनता इस मामले में सब कुछ देख रही है। आने वाले समय में देशवासी कांग्रेस और बीजेपी दोनों से इस मामले में जवाब जरूर मांगेंगे।

पंजाबी जागरण एक लेख में लिखता है- राजनीतिक दलों को किसी भी पक्ष को भड़काने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। राज्य सरकार को सभी संगठनों और सशस्त्र समूहों के साथ मिल-बैठकर समस्या का समाधान करना चाहिए।

# भारत के खिलाफ षड्यंत्र कर सकते हैं चीन, पाकिस्तान और नॉर्थ कोरिया ?

यह बहुत महत्वपूर्ण तथ्य है कि नार्थ कोरिया ने अभी-अभी अपने देश में बड़ा मिसाइल परीक्षण किया है और उसमें खास बात यह है कि चीन और रूस ने अपने प्रतिनिधि को उस खास मौके पर नॉर्थ कोरिया भेजा था। एजेंसियों के अनुसार नॉर्थ कोरिया रूस और चीन अमेरिका तथा नाटो देश के खिलाफ कोई को कोई गुप्त समझौता करने जा रहे हैं। यह तो विदित है कि नार्थ कोरिया लगातार परमाणु मिसाइलों का अमेरिका के खिलाफ परीक्षण करता आ रहा है और इससे अमेरिका दक्षिण कोरिया काफी परेशान नजर आ रहे है अमेरिका ने नार्थ कोरिया को साउथ कोरिया के पक्ष में बयान देते हुए कई बार परमाणु परीक्षण न करने की धमकी भी दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका साउथ कोरिया का बहुत बड़ा हिमायती है और उसकी रक्षा की जिम्मेदारी भी अमेरिका अपने ऊपर ले कर नॉर्थ कोरिया के तानाशाह को कई बार धमका भी चुका है पर नार्थ कोरिया को इससे कोई फर्क नजर आता दिखाई नहीं दे रहा है। नार्थ कोरिया के तानाशाह ने ताजा-ताजा परमाणु मिसाइल का परीक्षण कर उसमें चीन तथा रूस का समर्थन प्राप्त कर लिया है। रूस, चीन तथा नॉर्थ कोरिया और पाकिस्तान चारों देश परमाणु शक्ति संपन्न देश है और रूस को छोड़कर नॉर्थ कोरिया, चीन चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर विरोधियों में माने जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में भारत को अपने सीमावर्ती प्रदेश की विशेष निगरानी करनी होगी और अपने परमाणु हथियारों को भी सजग रखना होगा। भारत के नॉर्थ कोरिया से कभी मधुर संबंध नहीं रहे हैं भारत वैसे भी युद्ध का सदैव विरोध कर शांति का पक्षधर रहा है परिणाम स्वरूप चीन, पाकिस्तान और नॉर्थ कोरिया भारत के धुर विरोधी हरकतों में शामिल हो सकते हैं। यह अलग बात है कि चीन अपनी एक आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहा है और वहां बेरोजगारी की दर भी 46.5 प्रतिशत हो गई है इस तरह बेरोजगारों की बड़ी संख्या से परेशान भी है इसके अलावा वहां बिजली संकट पूरी तरह व्याप्त है। हिना में औद्योगिक उत्पादन लगभग ठप है और आवश्यक वस्तुओं की बड़ी कमी दिखाई देने लगी है इसके अलावा चीन अपनी अंदरूनी राजनीतिक समस्याओं से जूझ रहा है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के आर्थिक हालात बद से बदतर हो गए और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। पाकिस्तान अब दिवालिया होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कई शर्ते लगाकर पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाने के लिए तीन अरब का कर्ज दिया है पर 3 डॉलर से पाकिस्तान की रोटी, आटा, चावल और मुद्रास्फीति की समस्या 2 महीने के बाद सिर सिर उठा कर खड़ी हो जाएगी, इतना हो जाने के बाद भी पाकिस्तान मे रक्षा बजट की कोई कमी नजर नहीं आ रही है। पाकिस्तान हालाकी भारत से युद्ध करने की स्थिति में नहीं है पर चीन और नार्थ कोरिया का सहयोग मिलने पर वह भारत के सीमावर्ती क्षेत्र पर लगातार उपद्रव कर सकता है।

चूंकि भारत का रूस परंपरागत मित्र है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अभी अभी भारत के प्रति अपनी आस्था जताई है पर भारत को अपने परंपरागत शत्रु चीन तथा पाकिस्तान पर किसी भी तरह का भरोसा नहीं किया जाना चाहिए।

## राष्ट्रवाद,राष्ट्रभूमि के लिए समर्पण

राष्ट्र भूमि की परिणति है राष्ट्रवाद,
इसे कतई ना समझे देश के लिए अपवाद।

सुभाष चंद्र, विवेकानंद,एपीजे कलाम, देश प्रेम के लिए दुनिया करती, इन्हें सलाम।

लाल बहादुर,इंदिरा गांधी,अटल बिहारी,नरेंद्र मोदी, समय-समय पर दुश्मनों की इन्होंने खाट खड़ी कर दी।

मत फैलाओ धर्म, जाति और राजनीति का इतना जहर, यह तत्व ही फैलाते हैं मस्तिष्क में जहर।

राष्ट्रपति जैल सिंह जाकिर हुसैन और रामनाथ कोविंद, आओ इनकी देशभक्ति को करते हैं जय जय हिंद।

हम गर्वित हैं कि हम हैं कट्टर राष्ट्रवादी, हमें देख रो रही है, ताकतें अलगाववादी।

हिंदू मुस्लिम सिख्ख और भाई इसाई, रहते देश में जैसे हम हैं सगे भाई भाई।

आओ मिलके अद्भुत अनूठा देश बनाएं, दुश्मन हमें देख फिर ना सिर उठा पाएं।



**संजीव ठाकुर**
**रायपुर**

## प्यार या नफरत, गहरी चिंता और चिंतन की मांग

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो ऐसी हत्याएं हुई हैं, जिनसे इंसानियत भी शर्मसार हो गई है। विवाह या प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद हुई ये घटनाएं गहरी चिंता और चिंतन की मांग करती हैं। दक्षिण दिल्ली के एक पॉश इलाके में दिनदहाड़े लोहे की रॉड मारकर की गई हत्या ने कथित प्रेम और घृणा की परिभाषाओं को एक साथ झकझोर कर रख दिया है।

25 वर्षीया युवती मालवीय नगर में श्री अरबिंदो कॉलेज की छात्रा थी और उसके जीवन के समाप्त होते ही न जाने कितने सपनों का खून हो गया। दूसरे मामले, दिल्ली के डाबरी एक्सटेंशन में एकतरफा प्यार या नफरत में एक और हत्या हुई है।

एक युवक ने महिला को गोली मार दी और फिर खुद को भी मार डाला। यह आपराधिक पागलपन नहीं, तो और क्या है? किसी के जीवन में प्रेम और विवाह के अलावा भी बहुत कुछ होता है।

यह भी बार-बार दोहराया जाता है कि पढ़ाई का समय सपने देखने और उसे साकार करने के संघर्ष का समय होता है। यह इसलिए भी बहुत दुख की बात है कि हमारे देश में अभी भी बहुत कम महिलाएं उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए घर से निकल पाती हैं। ऐसी घटनाओं से न जाने कितने अभिभावक या लड़कियां हतोत्साहित होती हैं।

न जाने कितने सपनों पर काली छाया पड़ जाती है और न जाने कितनी लड़कियों के पैरों में घरेलू बेड़ियां डल जाती हैं? जो जाहिल अपराधी समझदारी, भलमनसाहत, इंसानियत का 'क ख ग' भी नहीं जानते और दूसरे की जिंदगी के साथ ही अपनी जिंदगी भी खराब कर लेते हैं, उन पर कानून का शिकंजा इतनी कड़ाई से कसना चाहिए कि दुनिया देखे। दिल्ली पुलिस की प्रशंसा करनी चाहिए कि उसने अपराधी युवक को पकड़ने में देरी नहीं की, लेकिन पुलिस को अपने स्तर पर पहले की तुलना में ज्यादा सावधान रहना होगा।

आज के समय में किसी एकतरफा प्यार का आपराधिक रूप से मुखर होना कानून-व्यवस्था के लिए बहुत गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों की कदापि कमी नहीं है, पर ऐसे कानून का लाभ किसी भी महिला को तभी मिलेगा, जब वह पूरी तरह से सजग रहेगी। जिन इंसानी बस्तियों में समाज कमजोर पड़ चुका है, वहां तो लड़कियों को विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। कोई संदेह नहीं कि सभी लड़कियां व महिलाएं सतर्क रहकर सुरक्षा कवच बना सकती हैं। समझना होगा कि प्यार और नफरत में क्या अंतर है।

जो जाहिल इंसान स्त्री को स्वतंत्र व्यक्तित्व न मानकर केवल उपभोग का साधन मानता है, वही उसे नष्ट करने की सोच सकता है। भले-बुरे, सही-गलत का भेद किए बिना हम रिश्तों और दूसरों की भावनाओं की कद्र कैसे कर पाएंगे? वैसे निराश होने के बजाय यह सतर्क होने का समय है।

समाज में अभी भी एक बहुत बड़ा तबका है, जो दूसरे की खुशी को महत्व देता है। बहुत से भले लोग आज भी यह मानकर जीवन भर अपने दिल में प्यार संजोए रहते हैं कि मेरे नसीब में ऐ दोस्त तेरा प्यार नहीं, पर तू किसी और की हो न जाना, कुछ भी कर जाऊंगा मैं दीवाना वाली जो नई जमात पनप आई है, उससे कड़ाई से निपटने के अलावा और कोई उपाय नहीं है। महिला संगठनों और महिला आयोगों को केवल संज्ञान लेने से आगे बढ़ना होगा।

जहां एक ओर, महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करना जरूरी है, वहीं बिखरते समाज में नई शालीनता, सभ्यता और संवेदना की बहाली भी अनिवार्य है।

# इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस - भारत तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने दौड़ पड़ा है



लोकसभा में जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2023 पारित - कारोबार के कई प्रावधान अपराध मुक्त होंगे

कारोबार की सुगमता को बढ़ावा देने 42 कानूनों के 183 धाराओं में संशोधन कर उन्हें अपराध मुक्त करना मील का पत्थर साबित होगा - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर प्रतिष्ठित सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में मानसून सत्र को शुरू हुए आज 28 जुलाई 2023 को 9 दिन हो गए और दोनों सदनों में 7 बैठकें हो चुकी है परंतु सभी हंगामे के कारण बाधित हो गई है जो अब 31 जुलाई 2023 को सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है ऐसा नजारा हम पिछले कई सत्रों में देख रहे हैं जो साल भर में 3 बार बजट शीत और मानसून सत्र में होता है परंतु किसी ना किसी बात पर हंगामा होकर बाधित हो जाता है जो संसदीय प्रक्रिया का मूलभूत हिस्सा बन चुकाहै ।हालांकि संवैधानिक रूप से संसद के दोनों सत्रों में बिल पारित हो रहे हैं, परंतु व्यवहारिक रूप से तो आम जनता जनार्दन ऐसा ही देख रही है जो बिल पारित हो रहे हैं वह बिना किसी चर्चा के ध्वनि मत से पारित हो रहे हैं जो चिंतनीय और लोकतंत्र के लिए अच्छा संदेश नहीं है। सारी जनता जनार्दन देख रही है संसद में हंगामा, बाधित होती कार्यवाही, मूकदर्शक बने रहने को बाध्य देशवासी और जवाबदेही से बचता सत्ता पक्ष और विपक्ष! चूंकि मानसून सत्र में लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 3 बिल ध्वनिमत से पारित हुए हैं,इनमें से एक 27 जुलाई 2023 को जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2023 को ध्वनि मत से पारित किया गयाहै,जिसमें कारोबार को बढ़ावा देने 42 कानूनों की 183 धाराओं को संशोधित कर उन्हें अपराध मुक्त बनाकर इज ऑफ डूइंग बिजनेस और एज आफ लिविंग को साकार करने की कोशिश की गई है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का मतलब होता है किसी भी देश में कारोबार कितनी सरलता से शुरू किया जा सकता है। विश्व बैंक हर साल डूइंग बिजनेस रिपोर्ट जारी करता है जिसमें वह 10 पैमानों पर 190 देशों की रैंकिंग करता है जिसे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग कहते हैं। इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कारोबार को सुगम बनाकर तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर दौड़ पड़ा है भारत!

साथियों बात अगर हम इस बिल के लोकसभा में पारित होने की करें तो, गुरुवार को जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी। निचले सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 जुलाई को इस विधेयक को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही लोकसभा ने 76 पुराने और अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने के लिए निरसन एवं संशोधन विधेयक 2022 को भी मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि जन विश्वास विधेयक पारित होने से कई प्रविधानों में अब जेल की सजा नहीं होगी और कारोबारी जुर्माना देकर बचसकेंगे। कई मामलों में जुर्माना लगाने के लिए अदालती कार्यवाही की जरूरत नहीं होगी। कई बार छोटी-मोटी गलती केकारण कारोबारियों को अदालतों का चक्कर लगाना पड़ता था। बड़ी संख्या में छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध के दायरे से बाहर करने से व्यापार करना आसान होगा।कई प्रविधानों को अपराधमुक्त करने से कारोबार में आसानी होगी।सरकार ने कहा कि यह कदम जीवन और व्यापार करने में आसानी के लिए उसके निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।जन विश्वास विधेयक पेश करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि कई प्रविधानों को अपराधमुक्त करने से कारोबार में आसानी होगी, उन्होंने कहा कि सरकार अब तक 1,486 कानूनों को निरस्त कर चुकी है और इस विधेयक को उप्री संसद की मंजूरी मिलने के बाद निरस्त कानूनों की संख्या 1,562 हो जाएगी।जन विश्वास बिल को सरकार ने पिछले साल यानी 2022 में लोकसभा में पेश किया था। बाद में इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया था, इस बिल को लेकर कई मंत्रालयों और कानूनी मामलों के विभागों से चर्चा हुई थी। समिति ने सरकार से कहा था कि इसमें संशोधन करने चाहिए और कई चीजों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना चाहिए। जिससे कोर्ट में लंबित पड़े लाखों मामलों में कमी आए,जेल की जगह वसूला जाएगा जुर्माना, संसदीय समिति ने इस बिल के जरिए 19मंत्रालयों से जुड़े करीब 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था, जिनमें वित्त मंत्रालय से लेकर सड़क परिवहन, कृषि, सूचना एवं प्रौद्योगिकी और अन्य कई मंत्रालय शामिल हैं।इन मंत्रालयों के तहत आने वाले कई अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाकर जुर्माने तक सीमित कर दिया जाएगा. इससे कोर्ट-कचहरी की झंझट से मुक्ति मिलेगी, वहीं बिजनेस करना भी आसान हो जाएगा दिलचस्प है कि एक सुधार पीएमएलए में भी है, जिसका ईडी विरोध कर रहा है. पीएमएलए के प्रावधानों को डिक्रिमिनेलाइज करने का प्रस्ताव है जिसका ईडी ने यह कह कर विरोध किया कि इससे जांच एजेंसी की ताकत कम होगी। जनविश्वास बिल में कई अपराधों में सजा के बजाए जुर्माने का प्रावधान है।कोर्ट का बोझ होगा कम, जेलों में भीड़ भी ना होगी।डिक्रिमिनेलाइज करने से अदालतों का बोझ भी कम होगा और जेलों में भीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी, जिन कानूनों में प्रावधानों को डिक्रिमिनेलाइज किया जा रहा है, उनमें पर्यावरण संरक्षण कानून, आईटी ऐक्ट, मोटर व्हीकल ऐक्ट, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट शामिल है। इससे पहले केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया था कि इस बिल में कारोबार की सुगमता के लिए छोटे अपराधों से जुड़े प्रावधानों में संशोधन की व्यवस्था है।

साथियों बात अगर हम इस बिल को विस्तृत रूप से जानने की करें तो, जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2023 के माध्यम से, निम्नलिखित तरीके से गैर अपराधीकरण हासिल करने का प्रस्ताव है-(द्व) कुछ प्रावधानों में कारावास और/या जुर्माना दोनों को हटाने का प्रस्ताव है। कारावास को हटाने और कुछ प्रावधानों में जुर्माना बरकरार रखने का प्रस्ताव है। कारावास को हटाने और कुछ प्रावधानों में जुर्माना बढ़ाने का प्रस्ताव है। कुछ प्रावधानों में कारावास और जुर्माने को दंड में बदलने का प्रस्ताव है।(1) अपराधों के शमन को कुछ प्रावधानों में शामिल करने का प्रस्ताव है।उपरोक्त के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, विधेयक ऐसे उपायों का प्रस्ताव करता है जैसे (ए) किए गए अपराध के अनुरूप जुर्माने और जुर्माने का व्यावहारिक संशोधन; (बी) निर्णायक अधिकारियों की स्थापना; (सी) अपीलीय प्राधिकारियों की स्थापना; और (डी) जुर्माने और दंड की मात्रा में आवधिक वृद्धियह भी सुनिश्चित किया जाता है कि सजा की डिग्री और प्रकृति अपराध की गंभीरता के अनुरूप हो।

साथियों बात अगर हम इस संशोधित विधेयक के लाभों की करें तो, संशोधन विधेयक के लाभ इस प्रकार बताए गए हैं-(1) संशोधन विधेयक आपराधिक प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने और यह सुनिश्चित करने में योगदान देगा कि नागरिक, व्यवसाय और सरकारी विभाग मामूली, तकनीकी या प्रक्रियात्मक कमी के लिए कारावास के डर के बिना काम करें।(2)किसी अपराध के दंडात्मक परिणाम की प्रकृति अपराध की गंभीरता के अनुरूप होनी चाहिए। यह विधेयक किये गये अपराध/उल्लंघन की गंभीरता और निर्धारित सजा की गंभीरता के बीच संतुलन स्थापित करता है। कानून की कठोरता को खोए बिना, प्रस्तावित संशोधन व्यवसायों और नागरिकों द्वारा कानून का पालन सुनिश्चित करते हैं। (3)तकनीकी/प्रक्रियात्मक गलती और गौण दोष के लिए निर्धारित आपराधिक परिणाम, न्याय वितरण प्रणाली को अवरुद्ध करते हैं और गंभीर अपराधों पर निर्णय को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

# शार्ट न्यूज

## रामपुर में यौमे आशूरा के जुलूस में हिंसा

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र में यौमे आशूरा का जुलूस निकालने के दौरान अजादार कहासुनी के चलते आपस में भिड़ गए। इस बीच हुयी फायरिंग में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई। रामपुर में यौमे आशूरा के मौके पर थाना सिविल लाइंस के क्षेत्र रायपुर में जुलूस निकाला जा रहा था। पटवाई रोड पर ताजियों और अलम के जुलूस में क्षेत्र के मौजूदा प्रधान जाकिर और उनका भाई नईम भी मौजूद था। इस जुलूस में रायपुर का एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था, जिससे मौजूदा प्रधान जाकिर की रंजिश है। रंजिश के चलते पहले मारपीट और राजीनामा भी हो चुका है। आज जुलूस में चलने के दौरान धक्का मुक्की होने पर दोनों लोग आपस में भिड़ गए। इस दौरान जुलूस में किसी ने फायर कर दिया, जिससे पांच लोग घायल हो गए। फायरिंग होने पर जुलूस में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस भी पहुंच गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में प्रधान जाकिर का भाई नईम भी शामिल है। प्रधान जाकिर ने बताया कि अन्य चार घायलों के नाम फुरकान, इमरान, इस्लाम और बाबू हैं, जो आपस में चचेरे तहेरे भाई हैं। इन सभी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## गमगीन माहौल में दफनाये गये ताजिये

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में शनिवार को यौमें आशूरा गमगीन माहौल में मनाया गया। अजादारों ने अपने अपने अज़ाखानों में रखे ताजियों को स्थानीय कर्बला बेगमगंज में सुपुर्द- ए -खाक कर दिया। इस दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। खास तौर पर बेगमगंज के सदर इमामबाड़ा में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनाती रही। नवी मोहर्रम को नगर के शिया बाहुल इलाके बलुआघाट ,कल्लू इमामबाड़ा, पान दरीबा, पुरानी बाजार, पोस्तीखाना, मुफ्ती मोहल्ला,छोटी लाइन इमामबाड़ा सहित अन्य स्थानों पर अजादारों ने पूरी रात नोहा मातम कर कर्बला के शहीदों को नज़राने अकीदत पेश किया । सुबह फज्र की नमाज के बाद अलविदा नौहा पढ़ कर इमाम हुसैन को रुखसत किया। गौरतलब है कि 1400 साल पहले दस मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन व उनके 71 साथियों को कर्बला के मैदान में यज़ीदी हुकूमत की फौजों ने तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया था। यहां तक की मासूम बच्चों पर भी जुल्म करने से फौजी पीछे नहीं रहे इतना ही नहीं छह महीने के बच्चे जनाबे अली असगर को भी प्यासा शहीद कर दिया गया था जिन्हें इमाम हुसैन पानी पिलाने कर्बला के मैदान में ले कर गये थे। यही वजह है कि दसवीं मोहर्रम को यौमें आशूरा मनाया जाता है। रात भर मजलिस मातम के बाद सुबह आमाल लोगो ने अदा किया।

## मुहर्रम पर बवाल, पुलिस गाड़ी पर पथराव

वाराणसी। मुहर्रम के दिन वाराणसी में दो पक्षों के बीच बवाल हो गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले। बवाल के दौरान दर्जनों गांड़िया फूंक दी गई है। पुलिस के वाहन पर पथराव हुआ है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। घटनास्थल पर पहुंचे इस पर पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने कहा कि इसकी कोई जानकारी नहीं है। वाराणसी के जैतपुरा दोषीपुरा में यह घटना हुई है। यहां पर भारी संख्या में आरएएफ और कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बताया जा रहा है कि वाराणसी के जैतपुरा में ताजिए की जुलूस निकालने के दौरान शिया सुन्नी वर्ग के बीच कुछ विवाद हो गया। इसके बाद देखते ही देखते वहां पर ईंट पत्थर चलने लगे। ताजियादार और दूसरे पक्ष के लोग आमने समाने आकर सिर पर कुर्सियां लिए पत्थरबाजी कर रहे थे। काफी हो-हल्ला मच रहा था। जमकर विवाद के बाद पहुंची पुलिस फोर्स और आरएएफ के जवानों ने उत्पात करने वालों को खदेड़कर भगाया। फिलहाल, जैतपुरा क्षेत्र में काफी तनावपूर्ण स्थिति है और भारी संख्या में फोर्स को लगा दिया गया है।

## मंदबुद्धि युवती से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने मंदबुद्धि किशोरी से गैंगरेप करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पीड़िता के भाई ने 25 जुलाई को मुकदमा दर्ज कराया कि मेरी मंदबुद्धि छोटी बहन को नमकीन दिलाने के बहाने यशवंत सिंह उर्फ पिंटू और हीरा यादव बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। इस विवेचना के दौरान पीड़िता को बरामद कर लिया गया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होते ही रेप की धाराओं में वृद्धि की गई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। इसी क्रम में गिरफ्तारी की गई। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर अखिलेश चौबे ने बताया कि घटना में शामिल दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली की घटना में शामिल दोनों आरोपी यशवंत सिंह उर्फ पिंटू और हीरा यादव जहानागंज सीमा के पास खड़े हैं। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## दोहरे हत्याकांड में चौकी इंचार्ज, सिपाही लाइन हाजिर

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जनपद के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के चौकी सरह में 23 जुलाई को दंबंगों ने पुरानी रंजिश में पिता पुत्र पर फायरिंग कर दी थी। जहां पिता की मौत हो गई थी। जबकि पुत्र का इलाज कानपुर में चल रहा था। शुक्रवार की शाम इलाज के दौनान पुत्र की मौत हो गई। मामले में मृतक के परिजनों ने चौकी प्रभारी सहित एक सिपाही पर आरोप लगाए थे। जहां एसपी ने दोनों को लाइन हाजिर कर दिया है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र की चौकी व गांव सरह में 23 जुलाई को गांव निवासी बृजनंदन शुक्ला उम्र 62 वर्ष की पंचायत चुनाव से गांव के ही दूसरे पक्ष से रंजिश चल रही है। बृजनंदन पक्ष का ग्रामीण प्रधानी का चुनाव हार गया था। बृजनंदन के पुत्र चंदन व त्रिपुरारी बाइक से चौकी के पास से गुजर रहे थे। उसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों भाइयों को घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पुत्रों के साथ मारपीट की सूचना पर बृजनंदन समेत कई लोग मौके पर पहुंचे । वहां दोनों पक्ष मारपीट कर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। जहां गोली पिता व पुत्र को लगी थी। परिजनों का आरोप था कि काफी देर तक घटनाक्रम चलता रहा और मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी मूकदर्शक बनी रही।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मैनपुरी। मैनपुरी के थाना क्षेत्र के मोहल्ले में पत्नी के मायके चले जाने के बाद पत्नी द्वारा पति के घर ना आने पर परेशान पति ने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब जानकारी परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला भोगांव थाना क्षेत्र के मोहल्ला फजलगंज से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला निवासी इमरान पुत्र नौसे अली ने बीती रात घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि इमरान की शादी 2 वर्ष पूर्व हुई थी। कुछ दिन ही उसकी पत्नी उसके घर रही, उसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई। उसके बाद वह पति के घर नहीं आ रही थी, जिससे उसका पति इमरान काफी परेशान रहता था। जिसके चलते उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करली। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे मृतक के स्वजन सानू ने बताया कि मृतक इमरान की शादी के 2 वर्ष पूरे हो गए। उसकी पत्नी इन 2 वर्षों में महक 30 से 40 दिन ही अपनी ससुराल में आई है। बाकी वह अपने मायके में ही रह रही थी वह अपनी ससुराल नही आ रही थी। जिसके चलते मृतक इमरान काफी परेशान था, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वह समय हुई मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# 1912 पर 6 साल में 99.78 प्रतिशत शिकायतों का हुआ निस्तारण

### प्रदेश में बिजली से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतों का त्वरित व संतोषजनक निवारण कर रही योगी सरकार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार जन समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण को लेकर बेहद गंभीर है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने शिकायतों के निस्तारण के मामले में मिसाल पेश की है।

यूपीपीसीएल द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1912 पर विद्युत आपूर्ति संबंधी लोगों की शिकायतों का निस्तारण त्वरित व संतोषजनक तरीके से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल 2017 से 12 जुलाई 2023 तक 6 वर्षों में सभी डिस्कॉम्स में अब तक कुल मिलाकर 15014597 शिकायतें दर्ज कराई गई थीं जिसमें से 14982965 का निस्तारण हो चुका है जबकि 31362 लंबित हैं। इस प्रकार कुल 99.78 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा 6 वर्षों में किया जा चुका है। वहीं, अगर इस वर्ष की बात की जाए तो कुल 5864061 शिकायतें 12 जुलाई तक दर्ज की गई थीं। इनमें से 5835249 का निपटारा किया जा चुका है, जबकि 28812 समस्याएं ही लंबित है। कुल मिलाकर साल 2022-2023 के बीच 99.50 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है जो कि 1912 की सार्थकता और उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की कार्य कुशलता को प्रदर्शित करता है।

### मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में दर्ज हुईं सर्वाधिक शिकायतें

पिछले 6 वर्षों में सभी डिस्कॉम्स में से सबसे ज्यादा शिकायतें मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में दर्ज की गई हैं। कुल 67.32 लाख शिकायतें पिछलें 6 वर्षों में इस डिस्कॉम में दर्ज की गईं। जबकि, इनमें से 6718397 का निस्तारण हो चुका है और केवल 14398 शिकायतें लंबित हैं। इस तरह, 99.78 प्रतिशत शिकायतों के निस्तारण की दर मध्यांचल डिस्कॉम में कुल मिलाकर रही। अगर पिछले एक वर्ष में बात करें तो कुल 25.74 लाख शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 25.61 लाख शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है जबकि 13352 मामले लंबित हैं। कुल मिलाकर, शिकायतों के निस्तारण की दर 99.48 प्रतिशत रही।

# यूपी में बच्चों के लर्निंग आउटकम को निखारेंगे डीटीएच टीवी चैनल्स

**लखनऊ।** बच्चों के लर्निंग आउटकम को निखारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पीएम ई विद्या कार्यक्रम के तहत पांच डीटीएच टीवी चैनल्स की शुरुआत कर दी है।

यह चैनल्स शनिवार से डीडी फ्री डिश तथा डिश टीवी पर नि:शुल्क उपलब्ध हो गए हैं। इस नई पहल के माध्यम से अब बच्चे विद्यालय के साथ घर में भी पढ़ाई कर सकेंगे। साथ ही शिक्षकों को भी पढ़ाई के नए तौर तरीके सीखने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 17 मई, 2020 को पीएम ई-विद्या कार्यक्रम की घोषणा की थी। कार्यक्रम के घटकों में से एक वन क्लास वन चैनल के रूप में पीएम ई-विद्या डीटीएच टीवी चैनल्स का शुभारंभ किया गया था। यह टीवी पर सीखने के संसाधन उपलब्ध कराकर बच्चों के घरों तक उनकी भाषा में पूरक शिक्षा उपलब्ध कराता है। निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की ओर से डायट प्राचार्यों, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पीएम ई विद्या डीटीएच चैनल्स के शुभारंभ की जानकारी दी गयी है। इसके अनुसार, पीएम ई-विद्या वन क्लास वन चैनल के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को पांच डीटीएच चैनल आवंटित किए गए हैं, जिसमें कक्षा एक से 12 के विद्यार्थियों के लिये कक्षावार और विषयवार शैक्षिक वीडियोज का प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्व प्राथमिक शिक्षा तथा दिव्यांग बच्चों के लिए भी उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वीडियो डीटीएच टीवी चैनलों पर प्रसारित किए जाएंगे। पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में कक्षा 1-12 तक के पाठ्यक्रम पर आधारित उत्कृष्ट गुणवत्ता की शिक्षण सामग्री का प्रसारण 24 7 रूप से डीटीएच चैनल्स पर किया जाएगा।

# एनआरआई महिला की कार से नगदी और जेवरात चोरी

वाराणसी। वाराणसी में शुक्रवार रात अमेरिका की एक महिला का लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया। एनआरआई महिला नोएडा से दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ आई थी। वारदात के बाद पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। सीसीटीवी से पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। वह घटनास्थल पर ही कुछ ही दूरी पर सामान पर बंटवारा कर रहे थे। यूएसए की निवासी महिला कैटी नोएडा में रहने वाली एक अन्य महिला मित्र अर्पिता के साथ कार से कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन करने आई थी। मैदागिन के पास उनकी कार खड़ी थी। उसी दौरान चोरों ने कार का शीशा तोड़ कर दो मोबाइल, पर्स और एटीएम कार्ड समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया था। टाउनहॉल मैदान पर कार का शीशा टूटा और सामान नहीं पाया। घटना के बाद दोनों महिलाएं रोते हुए कोतवाली थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती सुनाई। घटना का संज्ञान लेकर कोतवाली इंस्पेक्टर थाने की क्राइम टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी को खंगालना शुरू किया। कार से चोरी की वारदात के बाद दोनों चोर कुछ दूरी पर जाकर बंटवारा करने लगे।

# आगरा के कोचिंग संचालक की गोली मारकर हत्या

### फिरोजाबाद में जंगल में गाड़ी में मिला शव, थार गाड़ी से दोस्तों साथ घूमने निकला था

आगरा। आगरा के कोचिंग संचालक गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह शुक्रवार को दोस्तों के साथ अपनी नई थार गाड़ी से घूमने निकला था। आज सुबह फिरोजाबाद में उसका गाड़ी में शव पड़ा हुआ था। कोचिंग सेंटर संचालक धर्मवीर सिंह आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र गांव महुआ खेड़ा का रहता था। वह आगरा में भगवान टॉकीज के पास कोचिंग सेंटर चलाता था। शुक्रवार रात को धर्मवीर ने परिजनों को फोन कर बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ है।

देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। सुबह जानकारी मिली कि धर्मवीर की किसी



ने फिरोजाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी है। परिजन रोते-बिलखते घटना स्थल पर पहुंच गए। धर्मवीर का शव थार गाड़ी खून से लथपथ पड़ा था। उसकी गाड़ी फिरोजाबाद के नगला सिंघी के पास ग्वारई गांव के जंगल में खड़ी मिली। उसके माथे के बीच में गोली मारी गई है। धर्मवीर के सीट बेल्ट भी लगी हुई थी।

### 12 दिन पहले ही खरीदी थी नई थार

गांव ग्वारई यमुना किनारे के पास है। आसपास के ग्रामीणों ने आज सुबह यानी शनिवार को जंगल में एक नई थार गाड़ी संख्या यूपी 80 जीआर 5210 खड़ी देखी तो उसके पास पहुंचे। उसमें ड्राइवर की बगल की सीट पर युवक का शव था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। धर्मवीर का शव गाड़ी की ड्राइवर वाली की बगल की सीट पर पड़ा था। उसमें चालक नहीं था। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। धर्मवीर यादव ने 12 दिन पूर्व नई थार खरीदी थी।

### घटना स्थल से थोड़ी दूर पड़ी थीं शराब की बोतलें

धर्मवीर यादव शुक्रवार रात 10 बजे घर से कोचिंग सेंटर पर रुकने की कहकर निकला था। रात 1 बजे चचेरे भाई कलुआ को फोन पर दोस्तों के साथ बाहर घूमने जाने की जानकारी दी थी। धर्मवीर के पिता की 2 साल पूर्व सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। मृतक दो बहनों के बीच अकेला भाई था। मौके पर पहुंची मां चंद्रवती का रो रोकर बुरा हाल था। घटनास्थल से चंद कदम की दूरी पर पुलिस को शराब की बोतलें पड़ी मिली है।

# ताजिए दफन करने गए 3 बच्चे डूबे, एक की मौत

### मुरादाबाद में बरसात की वजह से करबला में भरा है पानी

मुरादाबाद। मुरादाबाद कबरला में ताजिए दफन करने गए 3 बच्चे डूब गए। इनमें से 2 को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि एक बच्चे की मौत हो गई। घटना मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र में जाफरपुर गांव की है।

घटना के चश्मदीद जाफरपुर के ग्राम प्रधान के भाई सनून का कहना है कि ये हादसा शनिवार को दोपहर करीब 12:30 बजे का है। उन्होंने बताया कि डींगरपुर गांव के कुछ बच्चे ताजिए लेकर दफन करने के लिए करबला पहुंचे थे। बारिश की वजह से करबला में पानी भरा है। ताजिए दफनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में 6 से 7 फीट तक पानी है। चश्मदीद का कहना है कि बच्चे ताजिए दफन करने आए तो उनमें से 5 बच्चे पानी के अंदर चले गए। मौजूद लोगों ने रोका भी लेकिन बच्चे अंदर गहरे पानी में ताजिए दफन करने की बात कहकर गहरे पानी में चले गए। थोड़ी देर बाद 2 बच्चे तो बाहर आ गए लेकिन 3 बच्चे नहीं निकले।

आसपास खड़े लोगों की नजर पड़ी तो बच्चे पानी में डूबते नजर आए। एक युवक दौड़कर बच्चों को बचाने के लिए पानी में कूदा। उसने दो बच्चों को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन एक बच्चा डूब गया। चश्मदीद का कहना है कि तालाब में डूबे बच्चे का नाम मोहम्मद अजीम (13 साल) है और वो डींगरपुर गांव का रहने वाला है। उसे करीब 20 मिनट बाद तालाब से निकाला जा सका। जिंदा होने की आस में तुरंत उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में पता चलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

# बहराइच में चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले की रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी ने संयुक्त गश्त के दौरान 580 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमती करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात थाना रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक के नेतृत्व में पुलिस बल व एसएसबी बल के साथ टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान आईसीपी रोड से कमलेश वर्मा (25) निवासी रामनगर बसन्तपुर उदल थाना रुपईडीहा को 580 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीकृत करके पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय सदर रवाना किया है।

# कानपुर जीआरपी ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर सेंट्रल पर जीआरपी ने 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। दोनों रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और ट्रेन के डिब्बों से यात्रियों का सामान चोरी करते थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ हैं। आरोपियों में एक शातिर कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया है। चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

जीआरपी थाना प्रभारी रामकृष्ण द्विवेदी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं। अम्बीलाल उन्नाव के बांगरमऊ का रहने वाला है। जीआरपी ने बीते साल भी उसे 18 चोरी के मोबाइलों के साथ पकड़ा था। इससे पहले भी 10 चोरी के मोबाइल के साथ वह पकड़ा गया था। अम्बीलाल 12 जुलाई को ही जेल से छूटकर आया है। दूसरा आरोपी राजू संखवार भी शातिर किस्म का चोर है। उसने भी कई घटनाओं को कबूला है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि रेलवे में चोरी करने में आसानी होती है। घरों में ताला तोड़ने से लेकर अन्य काम में कठिनाई होती है, साथ ही पकड़े जाने का भी डर होता है।

# हाईटेंशन लाइन से टकराया ताजिया, 2 की मौत

अमरोहा। अमरोहा में मोहर्रम के जुलूस में निकाला जा रहा ताजिया हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे धमाके के साथ ताजिए में आग लग गई। जब तक लोग भाग पाते, आग की लपटें आसमान छूने लगीं। इसकी चपेट में आकर 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि 52 लोग बुरी तरह घायल हैं। जुलूस में हादसे की सूचना पाकर छ्रू राजेश कुमार त्यागी और स्क्र आदित्य लांग्हे समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में आग को बुझाकर झुलसे लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक किशोर और एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित



कर दिया। झुलसने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। घटना डिडौली कोतवाली इलाके के गांव पतई खालसा की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शनिवार को यहां मुस्लिम समुदाय के लोग

### तेज धमाके के बाद लगी भीषण आग, 52 घायल

मोहर्रम के 10वें दिन ताजिया निकाल रहे थे। ताजिए को शाम को कर्बला में दफन करना था। दोपहर साढ़े 3 बजे ताजिया करीब 25 फीट ऊंची हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे ताजिया में तेज धमाका हुआ और आग लग गई। भीषण आग देख वहां भगदड़ मच गई। लोग खेतों की ओर भागने लगे।

इस दौरान ताजिया के आसपास चल रहे बच्चे और बड़े लोग आग की चपेट में आ गए। इसमें झुलस कर एक किशोर और युवक की मौत हो गई। घायलों को जिला अस्पताल, प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में शाने मोहम्मद (40) और उवैश (10) शामिल हैं।

### जलकर राख हुआ ताजिया

घटना के बाद डीएम-एसपी समेत कई अधिकारी मौके पर हैं। लोगों का कहना है कि हादसे की सूचना देने के काफी देर बाद मौके पर एंबुलेंस पहुंची। उसके बाद जो घायल मौके पर थे, उन्हें लेकर अस्पताल गई। एंबुलेंस के आने से पहले 30 से 35 लोग निजी साधनों से अस्पताल जा चुके थे।

# आगरा में आंध्रप्रदेश के 3 शातिर ठग गिरफ्तार

### टीवी चैनल की लाइव स्ट्रीमिंग करते थे; 50 बैंक खातों से 24 लाख रुपए कराए फ्रीज

आगरा। आगरा में साइबर क्राइम सेल और शाहगंज पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले 3 शातिरों को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी स्टार इंडिया नेटवर्क के अधिकृत लाइव कंटेंट, थर्ड पार्टी ऐप एकवेट वेब पोर्टल पर लाइव स्ट्रीमिंग से ठगी करते थे।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि आरोपियों से 20 चेक बुक बरामद की गई हैं। 50 बैंक खातों से 24 लाख की धनराशि फ्रीज कराई है। अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पूछताछ में शेख करीमुल्ला ने बताया कि वह पेट्रोल पंप पर काम करता है। उसके पडोस के रहने वाले शेख मोलाली पुत्र मदीना आईसीआईसीआई बैंक विजयवाडा में नौकरी करता है।

उसने बताया था कि यदि मैं उसे बैंक खाते खुलवाकर दूंगा तो वह प्रत्येक खाते के 5 हजार रुपए देगा। मैंने लालच में आकर पत्नी शेख शाकीरा, अपने दोस्त रहीम व उसकी पत्नी तथा



अन्य लोगों के खाते खुलवा दिए थे। इसके बदले में उसे पैसा मिल गया था। वहीं आरोपी शेख मोलाली पुत्र मदीना निवासी सुभानी, आंध्र प्रदेश ने बताया कि वह बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत है। करीब 6 माह पहले उसकी मुलाकात टी सूर्य श्रीनिवास मणिकांत निवासी गुंटूर आंध्र प्रदेश से हुई। उसने एक खाता खुलवाने के बदले 15 हजार रुपए देने की बात कही। लालच में आकर दूसरे आरोपी शेख करीमुल्ला ने अपनी पत्नी और अन्य लोगों के करीब 25 खाते खुलवाकर उसे दिए।

टी सूर्य श्रीनिवास मणिकांत ने बताया कि शेख मोलाली और hdfc बैंक विशानापेठ में कार्यरत शेख अब्दुल्ला मोहम्मद उसे खाते खुलवाकर देते हैं। इसके बदले प्रत्येक खाते के 15 हजार रुपए देता हूं।

ये खाते वह वेमावरौप महेश निवासी आंध्रप्रदेश को देता है।

वेमावरौप और कृष्णा रेड्डी निवासी विजयवाडा आन्ध्रप्रदेश अपने अन्य साथियों के साथ थर्ड पार्टी एकबैट एप और वेब पोर्टल नाम की कम्पनी संचालन करता है। इन खातों का संचालन महेश द्वारा किया जाता है। ऐसे करीब 150 खातों की डिटेल (पासबुक,चैकबुक, डैबिट कार्ड) अभी भी वेमावरौप महेश के पास है।

### ये आरोपी अभी फरार

तीन शातिर ठगों को पकड़ने बाद पुलिस अब वी महेश, कृष्णा रेड्डी, शेख अबदुल्ला की तलाश में जुट गई है। आरोपियों से चेकबुक, 50 बैंक खातों की डिटेल के अलावा दो डायरी, 4 मोबाइल, 16 एटीएम कार्ड, 5 आधार कार्ड, आठ मर्चेन्ट क्यूआर, 6 स्टैंप भी मिले हैं। मामले में स्टार इण्डिया कम्पनी-ब्लू आईकन इन्वेस्टीगेशन सर्विसेस के अन्वेषक हेमन्त टण्डन द्वारा थाने में केस दर्ज कराया गया था। शिकायत की थी कि स्टार इंडिया कम्पनी के अधिकृत लाइव कन्टेन्ट, लाइव गेम आदि को थर्ड पार्टी एप एकबैट और वेब पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड कर विदेशी सर्वर के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग के जरिये अवैध बैटिंग, गेमिंग कराकर करोडों रुपए की ठगी की जा रही है।

# शामली में घर की छत गिरने से मां की मौत

### बेटी हुई गंभीर घायल, 2 साल पहले हुई थी पिता की मौत

शामली। शामली की झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव में बरसात ज्यादा होने के चलते मकान के अन्दर सो रही मां बेटी के ऊपर भरभरा कर घर की छत गिर गई। घटना में मां की मौत हो गई। वहीं बेटी घायल हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय शासन प्रशासन मौके पर पहुंचा। मामले की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

यह पूरा मामला शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र व तहसील ऊन क्षेत्र के गांव पांथुपुरा का है। जहां पर बीती रात हुई तेज बरसात के चलते समय करीब एक बजे एक मकान की छत अचानक भरभरा कर गिर गई। मकान के अंदर सोई मां-बेटी मलबे के नीचे दब गई। जिसमें मां की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर हालत में बेटी को बचाया जा सका। गांव पांथुपुरा की निवासी 50 वर्षीय विधवा शिक्षा पत्नी स्वमहक सिंह अपनी बेटी रूपा के साथ मकान में सोई हुई थी। रात में तेज बरसात के बाद अचानक मकान की छत भरभरा कर गिर गई। जिसके नीचे दबने से शिक्षा की मौत हो गई। साथ ही रूपा घायल हो गई।

### शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

रूपा की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मां-बेटी को मलबे से बाहर निकाला लेकिन तब तक शिक्षा की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद मामले की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी ऊन विजय शंकर ने गांव में पहुंचकर घायल बेटी को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## शार्ट न्यूज

### भारत और ब्रिटेन इसी साल एफटीए पर कर सकते हैं हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन इस साल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर कर सकते हैं दोनों देश आर्थिक वृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रस्तावित समझौते की व्यापक रूपरेखा पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। भारत के वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, हम जल्द से जल्द सौदे को अंतिम रूप देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग सभी विवादास्पद मुद्दों पर बातचीत पूरी हो चुकी है और साल के समाप्त होने के बहुत पहले ही समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। भारत ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते को खुद को बड़ा निर्यातक बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण मानता है, जबकि ब्रिटेन को इस समझौते से अपनी व्हिस्की, प्रीमियम कारों और कानूनी सेवाओं के लिए भारतीय बाजार में व्यापक पहुंच मिलेगी। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भारत के लिए ब्रिटेन के साथ एफटीए किसी विकसित देश के साथ पहला समझौता होगा। ब्रिटेन के लिए यह यूरोपीय संघ से 2020 के बाहर निकलने के बाद विविध वैश्विक व्यापार संबंधों की खोज का हिस्सा है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को देखते हुए यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक महत्वपूर्ण समय आएगा, पीएम आम चुनाव से पहले भारत की व्यापार-अनुकूल छवि को मजबूत करना चाहते हैं।

### क्रेडिट सुइस के सैकड़ों निवेश बैंकरों को निकाल सकता है यूबीएस, रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली। एक स्विस साप्ताहिक पत्रिका ने शुक्रवार को दावा किया है कि यूबीएस-क्रेडिट सुइस की विलय प्रक्रिया को शुरू करते हुए यूबीएस क्रेडिट सुइस के सैकड़ों निवेश बैंकरों को जल्द ही नौकरी से निकाल सकती है। यूबीएस ने मार्च के सप्ताहांत में जल्दबाजी में 3 अरब फ्रैंक (3.5 अरब डॉलर) के सौदे के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी बैंक क्रेडिट सुइस को खरीदने पर सहमति जताई थी, क्योंकि स्विस अधिकारियों को डर था कि कमजोर क्रेडिट सुइस दिवालिया हो जाएगी। अब क्रेडिट सुइस में छंटनियों पर अटकलें लगाई जा रही है। पत्रिका के अनुसार उसके सूत्रों ने बताया है कि यूबीएस के मुख्य कार्यकारी सर्जियो एर्मोट्टी अपने संचालन में भारी मात्रा में दोहराव को खत्म करने पर तेजी से काम करना चाहते हैं। साप्ताहिक ने कहा, परिवर्तन शुरू हो रहा है। आने वाले दिनों में कई सौ क्रेडिट सुइस बैंकरों को टर्मिनेशन नोटिस मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्विस मीडिया ने दुनिया भर में 30,000 से 35,000 नौकरियों में कटौती का अनुमान लगाया है। पिछले साल के अंत में दोनों बैंकों के पास दुनिया भर में लगभग 120,000 कर्मचारी थे, जिनमें स्विट्जरलैंड में 37,000 शामिल थे।

### आईओसी का मुनाफा 10 साल के शीर्ष पर, कंपनी ने महंगा तेल बेच कमाए 13750 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** बीपीसीएल के बाद अब इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने भी महंगा तेल बेचकर जबरदस्त कमाई की है। इसने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अप्रैल-जून तिमाही में 13,750 करोड़ का लाभ कमाया है। एक साल पहले कंपनी को 1,992 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। जनवरी-मार्च, 2013 में इसे 14,513 करोड़ फायदा हुआ था। मार्च तिमाही में 10,058 करोड़ की तुलना में इसका लाभ 37 प्रतिशत अधिक है। कुल राजस्व 2.21 लाख करोड़ रहा है। एसबीआई कार्ड को जून तिमाही में 593 करोड़ का लाभ हुआ है। यह एक साल पहले के 627 करोड़ से 5त्न कम है। सकल एनपीए 2.41 फीसदी रह गया। बैंक को 1,551 करोड़ का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले समान अवधि में 561 करोड़ की तुलना में यह तीन गुना अधिक है। सकल एनपीए घटकर 6.67 फीसदी रह गया। यूको बैंक को जून तिमाही में 223 करोड़ का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले के 124 करोड़ की तुलना में यह 80 फीसदी अधिक है। बैंक की कुल आय 5,857 करोड़ रही।

### सेबी वायदा-विकल्प खंड में ग्राहक बनाने के नियमों को सरल करने पर कर रहा है विचार

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शनिवार को कहा कि वह जोखिम आधारित दृष्टिकोण अपनाकर वायदा एवं विकल्प खंड में ग्राहकों को जोड़ने की प्रक्रिया के सरलीकरण पर विचार कर रहा है। इस संबंध में प्रक्रिया शुरू हो गई है, हालांकि यह अभी शुरुआती चरण में हैं। सेबी ने कहा कि इसके अलावा, वायदा एवं विकल्प बाजार में खुदरा सहभागिता पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सेबी का यह बयान उन खबरों के बाद आया है, जिनके अनुसार सेबी वायदा एवं विकल्प बाजार में खुदरा सहभागिता को रोकने पर विचार कर रहा है। सेबी की ओर से दिसंबर 2009 में जारी अधिसूचना के अनुसार, फिलहाल वायदा एवं विकल्प खंड में कारोबार के लिए शेयर ब्रोकर को अपने सभी ग्राहकों की वित्तीय क्षमता के दस्तावेजी सबूत रखना जरूरी हैं। बाजार नियामक ने बयान में कहा, कारोबारी सुगमता के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सेबी इसका मूल्यांकन करने के शुरुआती चरण में है कि क्या उपरोक्त परिपत्र को ग्राहकों के जोखिम मूल्यांकन के आधार पर लागू किया जा सकता है। बयान के अनुसार, इससे ब्रोकरों और निवेशकों के लिए नियमों का पालन करना आसान होगा।

### एनटीपीसी का शेयर उच्चस्तर पर पंहुचा

एनटीपीसी का शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 4 फीसदी चढ़कर एक दशक के सर्वोच्च स्तर को छू गया। इसकी तुलना में एसऐंडपी बीएसई सेंसेक्स 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले दो हफ्ते में सरकारी स्वामित्व वाली बिजली उत्पादक कंपनी का शेयर 12 फीसदी चढ़ा है। एनटीपीसी का शेयर अक्टूबर 2010 के बाद के सर्वोच्च स्तर पर ट्रेड कर रहा है। एनटीपीसी की बाजार कीमत में तीव्र बढ़ोतरी से कंपनी का बाजार पूंजीकरण जनवरी 2008 के बाद एक बार फिर 2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, एनटीपीसी का बाजार पूंजीकरण 2.04 लाख करोड़ रुपये रहा। एनटीपीसी देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी है, जिसकी स्थापित क्षमता समूह के स्तर पर 69,134 मेगावॉट है। कंपनी के पास देश की कुल स्थापित क्षमता का 17 फीसदी है जबकि बिजली उत्पादन में उसकी हिस्सेदारी 24 फीसदी है। कंपनी का विजन साल 2032 तक 130 गीगावॉट वाली कंपनी बनने का है, जिसमें से 60 गीगावॉट का योगदान अक्षय ऊर्जा करेगा। एनटीपीसी ने गुरुवार को ऐलान किया था कि बाढ़ सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज-1 (3 × 660 मेगावॉट) की दूसरी इकाई 1 अगस्त 2023 से वाणिज्यिक परिचालन शुरू करेगी। इसके साथ ही एनटीपीसी की एकल व समूह स्तर पर वाणिज्यिक क्षमता क्रमशः57,038 व 73,024 मेगावॉट हो जाएगी। एनटीपीसी जून तिमाही के नतीजे शनिवार 29 जुलाई को घोषित करने वाली है।

### पावर ग्रिड के निदेशक मंडल ने बॉन्ड के जरिए 5,700 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी

पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड के जरिए विभिन्न किस्तों में 5,700 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी ने बयान में बताया कि जुटाए गए धन का उपयोग पूंजीगत व्यय, पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों/ संयुक्त उपक्रमों को कर्ज देने और आम कॉरपोरेट जरूरतों के लिए किया जाएगा। बयान के अनुसार यह मार्च 2034 तक चार परिचालन एसपीवी (विशेष प्रयोजन वाहन)- पावरग्रिड भुज ट्रांसमिशन, पावरग्रिड खेतड़ी ट्रांसमिशन सिस्टम, पावरग्रिड मेदिनीपुर जीरात ट्रांसमिशन सिस्टम और पावरग्रिड वाराणसी ट्रांसमिशन सिस्टम के नकदी प्रवाह के प्रतिभूतिकरण द्वारा किया जाएगा। कंपनी पहली किस्त में 500 करोड़ रुपये जुटाएगी और 'ग्रीन शू' विकल्प के तहत अतिरिक्त 1,400 करोड़ रुपये जुटा सकती है।



# डेढ़ लाख करोड़ जीएसटी संग्रह के लिए मिशन मोड में हो प्रयास : योगी

लखनऊ। जीएसटी/वैट संग्रह में सतत बढोत्तरी पर संतोष व्यक्त करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2023-24 के लिए 1.50 लाख करोड़ संग्रह के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में नियोजित प्रयास किये जाने चाहिये।

योगी ने ने एक उच्चस्तरीय बैठक में राज्य कर विभाग की समीक्षा की और राजस्व संग्रह अभिवृद्धि के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समेकित प्रयासों से प्रदेश में जीएसटी/वैट संग्रह में सतत बढोतरी हो रही है। वर्ष 2021-22 में 98 हजार107 करोड़ का राजस्व संग्रह हुआ, जो 2022-23 में बढ़कर एक लाख सात हजार 406 करोड़ रूपये हो गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी संग्रह हो चुका है। यह रिकॉर्ड राजस्व संग्रह अब तक के प्रयासों को सही दिशा होने की पुष्टि करते हैं। वर्ष 2023-24 के लिए 1.50 लाख करोड़ रूपये संग्रह के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में नियोजित प्रयास किये जाएं।

उन्होने कहा कि डीलर बेस में वृद्धि के लिए राज्य कर विभाग द्वारा किये गए प्रयासों के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। उत्तर प्रदेश में जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या देश में सबसे अधिक है। जीएसटी पंजीयन के लिए किए जा रहे जागरूकता प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वर्ष 2022-23 में 3.43 लाख नये पंजीयन हुए, जबकि वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जुलाई तक 01 लाख नये पंजीयन हो चुके हैं। पंजीयन आधार को अधिकाधिक बढ़ाने का प्रयास निरन्तर जारी रखा जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा किजीएसटी रिटर्न दाखिल करना हर व्यापारी का कर्तव्य है। यह सुखद है कि उत्तर प्रदेश रिटर्न दाखिल करने में देश में अग्रणी राज्यों में है। रिटर्न दाखिल होने की देय तिथि के बाद नॉनफाइलर की टर्नओवर नियमित समीक्षा से रिटर्न दाखिला 95 प्रतिशत से अधिक हो गया है। व्यापारियों को रिटर्न दाखिल करने के बारे में विधिवत प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

उन्होने कहा कि जीएसटी की कर प्रणाली में समस्त कार्य ऑनलाइन किए जाने से अनेक प्रकार के डेटा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। जिनका आईटी टूल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से डेटा विश्लेषण करते हुए राजस्व संग्रह के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। वाणिज्य कर अधिकारी से लेकर जॉइंट कमिश्नर स्तर तक के अधिकारियों के कार्य एवं संग्रह की समीक्षा की जाए। राजस्व संग्रह की खंडवार समीक्षा कराई जाए। अधिकारियों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी ग्रेडिंग करें और उसी अनुरुप उनकी पदोन्नति/पदस्थापना की जाए।

योगी ने कहा कि करापवंचन की दृष्टि से संवेदनशील वस्तुओं के लिए क्षेत्रवार रणनीति बनाएं। राजस्व क्षरण को रोकने के लिए गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करें। इस प्रकार नियोजित प्रयासों से कर चोरी के प्रयासों पर रोक लगाने में सफलता मिल सकती है।

उन्होने कहा कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। व्यापारियों को दुर्घटना के कारण होने वाली मृत्यु या स्थायी अपंगता की स्थिति में आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है। दुर्घटना में व्यापारी की मृत्यु होने पर परिवार को अधिकतम ?10 लाख तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना के पात्र हर व्यापारी/परिजन के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ योजना का लाभ दिलाया जाए।

योगी ने कहा कि राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है। कर अपवंचन/कर चोरी रोकने के लिए सर्वे/छापे करने वाली टीम में दक्ष और कर्मठ अधिकारियों/कार्मिकों को शामिल किया जाए। ऐसी कार्यवाही की सफलता के लिए गोपनीयता के प्रति सतर्क रहें।

# जेआरडी टाटा के जन्मदिन के मौके पर एक नई पहल

नयी दिल्ली। हर साल जेआरडी टाटा के जन्मदिन के विशेष अवसर पर टाटा ग्रुप की कंपनियां साझा रूप से महान उद्योगपति और दूरदर्शी लीडर के रूप में अपनी पहचान रखने वाले जेआरडी टाटा की अनूठी विरासत का जश्न मनाती हैं। इस साल टाटा वनएमजी लैब्स अमेनिया (रक्ताल्पता) से जुड़ा एक बेहद अहम अभियान शुरू करने जा रही है जिसके तहत इसके शिकार लोगों को ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाएं मदद भी प्रदान की जाएंगी।

जेआरडी टाटा हमेशा से एक सेहतमंद राष्ट्र की परिकल्पना किया करते थे। उनकी इसी उदात्त भावना को ध्यान में रखते हुए 10,000 महिलाओं व बच्चों का मुफ़्त में अनेमिया संबंधी परीक्षण व इलाज किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे आगे चलकर स्वस्थ जीवन बिता सकें।

शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने से व्यक्ति में अमेनिया के लक्षण पाए जाते हैं। यह बीमारी मूलतः आयरन की कमी के चलते होती है। इसका शरीर पर गंभीर दुष्परिणाम



देखने को मिलता है जिससे व्यक्ति बेहद कमज़ोर व थका हुआ महसूस करता है। उल्लेखनीय है कि भारत में 15-49 आयु वर्ग की 57 फीसदी महिलाएं अनेमिया का शिकार हैं जिनकी संख्या विश्व भर में इसी बीमारी से ग्रसित लोगों के मुक़ाबले कहीं अधिक है। भारत में महिलाओं के इसके शिकार होने की मुख्य वजह है अनेमिया संबंधी जांच का अभाव और इस बीमारी के बारे में उचित समय पर पता ना चल पाना, ख़ासकर महिलाओं को होने वाली अनेमिया के बारे में।

टाटा वनएमजी लैब्स द्वारा प्रायोजित अनेमिया स्क्रीनिंग अभियान के तहत पिछड़े इलाकों में रहने वाली 10,000 महिलाओं व बच्चों की मुफ़्त में अनेमिया संबंधी जांच की जाएगी। साथ ही उनमें समयबद्ध तरीके से परीक्षण कराये जाने संबंधी जागरुकता लाने ? का भी प्रयास किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत बीमारी का जल्दी पता लगाने से लेकर इसके दुष्प्रभाव से बचने तक के उपाय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। ग़रीब व पिछड़े लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध इस अभियान की कामयाबी को सुनिश्चित करने के लिए टाटा वनएमजी लैब्स कई संगठनों के साथ हाथ मिलाने? जा रहे है। इन साझेदारियों के तहत अगले छह महीनों में विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाएगा और कई शहरों में अनेमिया संबंधी परीक्षण किये जाएंगे। इसके माध्यम से ज़रूरतमंद लोगों तक ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाओं को आसानी से पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।

टाटा वनएमजी के सह-संस्थापक गौरव अग्रवाल ने व्यापक तौर पर चलाये जाने वाले इस अभियान पर बात करते हुए कहा, अनेमिया देश के लोगों के लिए एक गंभीर ख़तरे के रूप में सामने आया है। ग़ौरतलब है कि दुनिया के मुक़ाबले भारत में महिलाओं व बच्चों को होने वाली अनेमिया की दर कहीं अधिक है जो एक गहरी चिंता का विषय है। हमारी तरफ़ से आर्थिक रूप से क़मजोर और ज़रूरतमंद लोगों का अनेमिया संबंधी जांच के बाद ज़रूरी इलाज किया जाएगा व इससे बचने के उपाय बताए जाएंगे ताकि फ़िलहाल के लिए 10,000 लोगों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। टाटा वनएमजी लैब्स द्वारा चलाया जा रहा अनेमिया संबंधी यह अभियान जेआरडी टाटा द्वारा पोषित मूल्यों की एक छोटी सी बानगी है।

यह अभियान टाटा समूह द्वारा समाज की बेहतरी के लिए कुछ कर दिखाने का भी एक उत्तम उदाहरण है। इस अभियान के अंतर्गत टाटा वनएमजी लैब्स का लक्ष्य एक स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना अहम योगदान देते हुए ब्रांड की प्रतिबद्धता के अनुसार कमज़ोर ? तबके से संबंध रखने वाले लोगों को किफ़ायती ढंग से चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना है।

# सरसों तेल और मूंगफली तेल में नरमी

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल में गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में चुनिंदा खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली तेल 147 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :

दाल-दलहन : चना 4950-5050, दाल चना 5950-6050, मसूर काली 7200-7100, मूंग दाल 8650-8750, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3850-3950, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3750-3850 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 12088 रुपये, मूंगफली तेल 20732 रुपये, सूरजमुखी तेल 13553 रुपये, सोया रिफाइंड 12014 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# फारआई ने बनाया पांच अरब सफल डिलीवरी का रिकार्ड

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लॉजिस्टिक कंपनियों के साथ ही रिटेल, ई कॉमर्स कंपनियों को अपनी डिलीवरी को सुनिश्चित करने में सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से मदद करने वाली कंपनी फारआई ने पांच अरब पैकेट को सफलता पूर्वक डिलीवरी का रिकार्ड बनाया है।

कंपनी के 10 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर कल देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम में उसके सह संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुशल नाहटा, सह संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी गौतम कुमार और सह संस्थापक एवं मुख्य टीपीओ गौरव श्रीवास्तव ने यह घोषणा की। कंपनी ने इस अवसर पर स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम फील्ड प्रो कार्यक्रम भी शुरू करने का ऐलान किया।

नाहटा ने कहा कि पूरी दुनिया के 20 देशों में उनकी के फारआई प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है और उनकी कंपनी ने फर्नीचर, खाने के पैकेट, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स, रिटेल और लॉजिस्टिक कंपनियों को अपने उत्पाद सही समय पर सही स्थान पर डिलीवर करने में टेक्नॉलाजी के माध्यम से मदद की है। उन्होंने कहा कि डिलीवरी में डिजिटल बदलाव लाने, डिलीवरी की दक्षता सुधारने और डिलीवरी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ उनकी कंपनी ने कारोबार शुरू किया था और आज 20 देशों में कारोबार कर रही है। अभी उनकी कंपनी के 500 कर्मचारी है जो डिलीवरी में डिजिटल बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डिलीवरी के क्षेत्र में कुशल कामगारों की भारी कमी है। एक सर्वे के मुताबिक वैश्विक स्तर पर इस काम में 26 लाख दक्ष लोगों की कमी है। इसी को ध्यान में रखते हुये उनकी कंपनी भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ मिलकर निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम फील्ड प्रो शुरू करने जा रही है। पहले चरण में इसमें 25 लोगों को पंजीकृत किया जायेगा और 15 दिनों के प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

इस कार्यक्रम निशुल्क है और कोई भी कंपनी इसको अपने यहां शुरू कर सकती है।

# शक्कर में लिवाली, खाद्य तेल नरम, तिलहन मजबूत, दलहन- दालों में तेजी, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। खाद्य तेल नरमी लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहनों में खरीदी बढ़ी रही। दलहन ऊंचे बोले गए। दाल मजबूत रही। चावल में कामकाज सामान्यवत रहा।

### किराना बाजार

शक्कर में मांग रही। आज शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा में लिवाली सुस्त रही। साबूदाना में पूछपरख साधारण बताई गई।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेल मांग कमी से नरमी लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड घटकर बिका। तिलहनों में उठाव रहा।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में आज फिर चना कांटा, मसूर, मूंग ऊंची बिकी। दालों में खरीदी से भाव मजबूती लिए रहे। चावल में उठाव साधारण रहा।



### किराना

शक्कर 3840 से 3880 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 125 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3400 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 260 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8000, पैकिंग में 8200 से 8400 रुपये प्रति क्विंटल।।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6300 से 6500, सोयाबीन 4700 से 4900 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली तेल इंदौर 1880 से 1900, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 965 से 970, साल्वेंट 920 से 925, पाम तेल 935 से 940 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 5375 से 5400, चना विशाल 5150 से 5250, मसूर 5700 से 5725, तुअर निमाड़ी 8700 से 9900, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10100 से 10300, तुअर (कर्नाटक) 10300 से 10500, मूंग 7700 से 8200, मूंग हल्की 6800 से 7200, उड़द 7400 से 8500, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 6700 से 7200, तुअर दाल सवा नंबर 12500 से 12600, तुअर दाल फूल 12900 से 13000, तुअर दाल बोल्ड 13800 से 14400, आयातित तुअर दाल 11600 से 11700, मसूर दाल 7000 से 7300, मूंग दाल 9400 से 9700, मूंग मोगर 9800 से 10100, उड़द दाल 9600 से 9900, उड़द मोगर 10400 से 10700 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1500 से 1470, मैदा 1440 से 1450, आटा 1410 से 1420, चना बेसन 3450 से 3475 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# टीसीएस के सीटीओ अनंत नारायण अक्तूबर में होंगे रिटायर

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने वरिष्ठ प्रबंधन में कई प्रमुख बदलावों की घोषणा की है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसके कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी अनंत कृष्णन अक्तूबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने यह भी घोषणा की कि मुख्य सेवा नवाचार अधिकारी डॉ हैरिक विन 1 अगस्त से वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक (एसएमपी) के रूप में पदभार संभालेंगे। वह तीन दशकों से अधिक समय से टीसीएस के साथ जुड़े हुए हैं और उन्हें शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में अनुभव है। इस भूमिका से पहले, हैरिक ने टीसीएस डिजिटेट का नेतृत्व किया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने यह भी घोषणा की कि शंकर नारायणन, वी राजन्ना, अशोक पई, रेगुरमन अय्यास्वामी और शिव गणेशन सहित अन्य अधिकारियों को 31 जुलाई से एसएमपी के रूप में नामित किया जाएगा।

शंकर नारायण कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं और तीन दशक से अधिक समय से टीसीएस के साथ हैं। उन्होंने खुदरा, सीपीजी, यात्रा और आतिथ्य के वैश्विक प्रमुख और टीसीएस के यूके और आयरलैंड बाजार के प्रमुख सहित महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

इसके अलावा, नव नियुक्त एसएमपी अशोक पई कंपनी के संज्ञानात्मक व्यवसाय संचालन (सीबीओ) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वैश्विक प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा, रेगुरमन अय्यास्वामी 29 साल से टीसीएस के साथ हैं। वह आईटी प्रमुख के इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और डिजिटल इंजीनियरिंग इकाइयों के वैश्विक प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे हैं।

इसके अलावा, वी रंजन्ना टीसीएस के संचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी व्यवसायों के प्रमुख हैं। उन्होंने आईटी कंसल्टेंसी फर्म के हैदराबाद केंद्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जब वह इसके प्रमुख थे।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.72 प्रतिशत बढ़कर 80.67 डॉलर प्रति बैरल और इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड करीब एक डॉलर चढ़कर 84.99 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का मुनाफा 61 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में 765 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 474 करोड़ रुपये की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक है।

निदेशक मंडल की बैठक के बाद बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ वी वैद्यनाथन ने आज जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 3745 करोड़ रुपये रही है जो 30 जून 2022 में समाप्त तिमाही की 2751 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि इस तिमाही में विभिन्न मदों में होने वाले प्रावधानों में 55 प्रतिशत की बढोतरी हुयी है और बढ़कर 476 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 308 करोड़ रुपये रहा था। बैंक का सकल एनपीए 30 जून 2022 को 3.36 प्रतिशत पर था जो अब कम होकर 2.17 प्रतिशत पर आ गया है। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 1.30 प्रतिशत से कम होकर 0.70 प्रतिशत पर आ गया है। उन्होंने कहा कि बैंक के संपदा गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। रिटेल, ग्रामीण और एसएमई क्षेत्र में सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए में कमी आयी है।

## शार्ट न्यूज

### ब्राजील को हराकर ग्रुप-एफ के शीर्ष पर फ्रांस

ब्रिसबेन। फ्रांस ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में शनिवार को ब्राजील खिलाफ 2-1 की रोमांचक जीत हासिल कर ग्रुफ-एफ के शीर्ष में अपनी जगह पक्की कर ली। सनकोर्प स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में यूजीन ली सॉमर ने 17वें मिनट में गोल जमाकर फ्रांस को बढ़त दिलाई, लेकिन डेबरा क्रिस्टीना डी ओलिवियेरा ने 58वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। इस गलाकाट प्रतियोगिता में वेंडी रेनार्ड (83वां मिनट) का गोल निर्णायक रहा जिसके दम पर फ्रांस ने जीत दर्ज की। पनामा पर अपने शुरुआती मैच में शानदार जीत के बाद ब्राजील आत्मविश्वास से भरा हुआ था, जबकि पिछले मैच में जमैका के साथ ड्रॉ खेलने के बाद फ्रांस को जीत की जरूरत थी। दबाव के बावजूद फ्रांस मुकाबले की शुरुआत से ही ब्राज़ील पर हावी रहा। ली सॉमर ब्राजील की बैकलाइन के लिये लगातार ख़तरा बनी हुई थीं। कैडिडियाटौ डायनी ने मैच के 17वें मिनट में हेडर मारा जिसे ली सॉमर ने गोल में बदल दिया। पहले हाफ में भले ही फ्रांसीसी महिलाएं हावी रहीं ,लेकिन दूसरा हाफ में ब्राजील ने जोरदार वापसी की। डेबरा ने दक्षिण अमेरिकी टीम के आक्रामक खेल को भुनाते हुए 58वें मिनट में अपना पहला महिला विश्व कप गोल दागकर ब्राज़ील के लिये स्कोर बराबर कर दिया। ब्राज़ील यह गोल अर्जित करने के बाद ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था लेकिन फ्रांस की कप्तान रेनार्ड ने ऐसा नहीं होने दिया। निर्धारित समय समाप्त होने से सात मिनट पहले फ्रांस को कॉर्नर मिला।

### लक्ष्य की हार के साथ जापान ओपन में भारतीय अभियान खत्म

टोक्यो। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन शनिवार को जापान ओपन 2023 के सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जॉनथन क्रिस्टी से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। विश्व नंबर नौ क्रिस्टी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में लक्ष्य को 21-15, 13-21, 21-16 से मात दी। दो सप्ताह पहले अमेरिकी ओपन के शीर्ष-चार में हारने वाले लक्ष्य लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में हारे हैं। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों ने तेज़ रैलियों का आदान प्रदान किया, हालांकि लक्ष्य पहले ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाने में कामयाब रहे। ब्रेक के बाद पांचवीं सीड क्रिस्टी ने वापसी की और 13-12 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने लक्ष्य को आगे आने का मौका नहीं दिया और पहला गेम 21-15 से जीत गये। दूसरे गेम में लक्ष्य ने अधिक धैर्य दिखाया और क्रिस्टी को लंबी रैलियों में उलझाए रखा। लक्ष्य अपने इंडोनेशियाई खिलाड़ी से गलती करवाने में सफल रहे और उन्होंने 6-4 से आगे निकलने के बाद पलटकर नहीं देखा। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन क्रिस्टी 8-6 की बढ़त लेने के बाद लक्ष्य पर दबाव बनाने में सफल रहे। भारतीय शटलर ने लगातार पॉइंट स्कोर किये लेकिन क्रिस्टी को पीछे नहीं छोड़ सके।

### एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी की टिकट बिक्री शुरू

चेन्नई। हॉकी के बहुप्रतीक्षित आयोजन हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिये टिकट बिक्री शनिवार को शुरू हो गयी। हॉकी के प्रशंसक और प्रेमी अब यहां मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम के गेट नंबर एक पर सुबह 11.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच टिकट खरीदकर एशिया की शीर्ष हॉकी टीमों को खिताब के लिये लड़ते हुए देखने के लिये अपनी सीटें सुरक्षित कर सकेंगे। स्टेडियम के कलैगनार सेंटेनरी पवेलियन लेवल एक, ईस्ट स्टैंड और साउथ स्टैंड के लिये टिकट खरीदे जा सकते हैं। तीन अगस्त से 12 अगस्त तक होने वाली हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन से होगा। टूर्नामेंट प्रारूप के अनुसार, शीर्ष चार टीमों के सेमीफाइनल में जाने से पहले सभी छह टीमें राउंड-रॉबिन चरण में पांच मैच खेलेंगी। भारत टूर्नामेंट का अपना पहला मैच तीन अगस्त को चीन के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम का दूसरा मैच चार अगस्त को जापान से होगा, जबकि एक दिन आराम करने के बाद भारत छह अगस्त को मलेशिया से भिड़ेगा।

### एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये भारत पहुंची मलेशियाई टीम

चेन्नई। मलेशिया पुरुष हॉकी टीम यहां होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में हिस्सा लेने के लिये शनिवार को भारत पहुंची। टूर्नामेंट का आयोजन तीन से 12 अगस्त के बीच मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में होना है। मलेशिया इस आयोजन में पांच बार तीसरे स्थान पर रहा है और इस बार सेमीफाइनल की बाधा को पार कर खिताब जीतना चाहेगा। बीते कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन करती आयी मलेशियाई टीम ने 2018 एशियाई खेलों में रजत जीता था, जबकि पिछले साल के एशिया कप में भी यह टीम दूसरे स्थान पर रही थी। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में मलेशिया का मुकाबला जापान, कोरिया, पाकिस्तान, चीन और मेज़बान भारत से होगा। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार, लीग चरण में सभी टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी और शीर्ष चार टीमों को सेमीफाइनल का टिकट मिलेगा। मलेशियाई पुरुष अपने अभियान की शुरुआत तीन अगस्त को पाकिस्तान के विरुद्ध करेंगे। मलेशिया के कप्तान मरहान जलील ने भारत में आगमन पर कहा, मैं भारत लौटकर बेहद खुश और रोमांचित हूं। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये हमारी तैयारियां सही रास्ते पर हैं और हम इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने की कोशिश करेंगे।

### चीन के फ़ुज़ियान में डोक्सुरी तूफ़ान के कारण भारी बारिश , परिवहन निलंबित

फ़ूज़ौ। पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत की राजधानी फ़ूज़ौ शहर में तूफान डोक्सुरी के कारण हुई बारिश के बाद लेवल- प्रथम की आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू कर दी गयी और बसों और सबवे सहित सार्वजनिक परिवहन को शनिवार सुबह अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इस साल का यह पांचवां तूफ़ान शुक्रवार सुबह फ़ुज़ियान प्रांत में पहुंचा, जिसके साथ तेज़ हवाएं और भारी बारिश हुई। तूफ़ान से प्रभावित फ़ूज़ौ में शुक्रवार से लगातार भारी बारिश हो रही है। शहर के कई मौसम विज्ञान अवलोकन केंद्रों ने इतिहास में सबसे अधिक दैनिक वर्षा दर्ज की है, जिससे कुछ क्षेत्रों में जलभराव हो गया है। रात लगभग 10: 00 बजे तूफान डोक्सुरी पड़ोसी जियांग्शी प्रांत के लिचुआन काउंटी में चला गया। शुक्रवार को जहां यह धीरे-धीरे कमजोर होकर एक उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया। यह शनिवार सुबह लगभग 8: 00 बजे जियांग्शी से बाहर चला गया। तूफान से जियांग्शी में कुल 19 हजार लोग प्रभावित हुए, 11 हजार निवासियों को निकाला गया और लगभग 1,600 लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया।

### इथियोपिया के एसएनएनपी क्षेत्र के 42 जिलों में फैला हैजा प्रकोप : डब्ल्यूएचओ

अदीस अबाबा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को खुलासा किया कि अगस्त 2022 में शुरू हुये हैजे का प्रकोप इथियोपिया के दक्षिणी राष्ट्रों, राष्ट्रीयताओं और पीपुल्स क्षेत्र (एसएनएनपी क्षेत्र) के 42 जिलों में फैल गया है और इसके चार हजार से अधिक मामले सामने आए है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह वहां हैजा प्रभावित क्षेत्रों को सहायता प्रदान करने के लिए इथियोपियाई सरकार और भागीदार एजेंसियों के साथ काम कर रही है। डब्ल्यूएचओ वर्तमान में जो सहायता प्रदान कर रहा है, उसमें प्रभावित क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञों की तैनाती और हैजा के प्रकोप प्रबंधन पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण शामिल है। डब्ल्यूएचओ ने यह भी कहा कि यहां जारी सहायता के बीच उसे उम्मीद है कि इथियोपिया के चिकित्सा पेशेवर मरीजों के प्रभावी ढंग से इलाज के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस होंगे और साथ ही इस रोग को और फैलने से रोकने के लिए उपाय करेंगे। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने इस महीने की शुरुआत में चेतावनी दी थी कि इथियोपिया को बड़ी मानवीय चुनौतियों का सामना करना जारी रहेगा, जिसमें संघर्ष और विस्थापन, लंबे समय तक सूखा, बाढ़ और बीमारी का प्रकोप मुख्य जरूरतें होंगी।

# टी20 विश्व कप 2024 हो सकता है जून में आयोजित

लॉडरहिल। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन अगले साल चार से 30 जून के बीच हो सकता है।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एक टीम ने अमेरिका में कुछ आयोजन-स्थलों की सूची तैयार की है। इस सूची में फ्लोरिडा के शहर लॉडरहिल का नाम भी शामिल है जो इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेज़बानी कर चुका है। अगले महीने यह शहर भारत और वेस्ट इंडीज के बीच दो टी20 मैचों की मेज़बानी भी करेगा। इसके अलावा आईसीसी की टीम ने बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिये मॉरिसविल, डैलस और न्यूयॉर्क में भी मैदानों का जायज़ा लिया है। मॉरिसविल और डैलस वर्तमान में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के पहले सीज़न की मेज़बानी कर रहे हैं। मॉरिसविल, डैलस और न्यूयॉर्क में स्थित मैदानों को अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दर्जा नहीं मिला है, जो आईसीसी के नियमों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने के लिये अनिवार्य है। आईसीसी अगले कुछ महीनों में क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई)




और अमेरिका क्रिकेट (यूएसएसी) के साथ मिलकर इन तीनों शहरों पर अंतिम निर्णय ले सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह आयरलैंड, स्कॉटलैंड और पापुआ न्यू गिनी ने आईसीसी द्वारा निर्धारित क्षेत्रीय क्वालीफायर के माध्यम से 20 टीमों के टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। पीएनजी जहां पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर में शीर्ष पर रहा, वहीं आयरलैंड और स्कॉटलैंड यूरोप क्षेत्र क्वालीफायर में शीर्ष दो स्थानों पर रहे। अमेरिका, अफ्रीका और एशिया से क्वालीफायर आने वाले महीनों में निर्धारित किये जाएंगे।

क्षेत्रीय क्वालीफायर से पहले ही 12 टीमें टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई कर चुकी थीं, जिनमें मेजबान वेस्टइंडीज और अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 2022 टी20 विश्व कप की शीर्ष आठ टीमें शामिल थीं। अफगानिस्तान और बंगलादेश ने टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने स्थानों के आधार पर क्वालीफाई किया। टी20 विश्व कप 2024 आईसीसी के 2024-31 के अगले चक्र में पुरुषों के आठ वैश्विक आयोजनों में से पहला टूर्नामेंट है। अमेरिका को सह-मेजबान के रूप में नियुक्त करने का निर्णय आईसीसी के दोहरे लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।

आईसीसी एक तरफ जहां उत्तरी अमेरिका में अपने लिये एक मज़बूत बाज़ार तैयार करना चाहता है, वहीं यह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की आईसीसी की महत्वकांक्षा का हिस्सा भी है।

## विश्व कप आयोजन स्थलों का जायज़ा लेने के लिये भारत आई आईसीसी की टीम

एजेंसी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिये एक मान्यता प्राप्त टीम भारत भेजी है।

क्रिकबज़ की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी की टीम उन स्टेडियमों का दौरा कर रही है जो मैचों की मेजबानी करेंगे। सुरक्षा, कार्यक्रम और प्रसारण विशेषज्ञों वाली इस टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपना मूल्यांकन शुरू किया और वर्तमान में अहमदाबाद में है। इस टीम का उद्देश्य अभ्यास खेलों की मेजबानी करने वाले मैदानों सहित सभी 12 आयोजन स्थलों का दौरा करने का है। रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी की टीम 25 जुलाई को मुंबई में थी और उसने वानखेड़े की तैयारियों पर संतुष्टि जताई। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले ने कहा, वे हमारी योजना से बेहद खुश हैं। हमारी ओर से संबोधित करने के लिये एकमात्र चीज टिकटिंग का मुद्दा है। हमने मूल्य निर्धारण पर निर्णय लेने के लिये सोमवार को शीर्ष परिषद की बैठक बुलाई है और हम तदनुसार बीसीसीआई को सूचित करेंगे।

मुंबई के बाद, आईसीसी की टीम ने चेन्नई में चेपॉक, तिरुवनंतपुरम स्टेडियम (अभ्यास मैचों के लिये स्थल) और बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम का दौरा किया। केरल क्रिकेट एसोसिएशन के एक सदस्य ने उल्लेख किया कि आईसीसी टीम ने तिरुवनंतपुरम मैदान पर कॉर्पोरेट बॉक्स और खिलाड़ी क्षेत्रों के लिये कुछ संशोधनों का सुझाव दिया है। चिन्नास्वामी मैदान को लेकर कोई स्पष्ट बात नहीं कही गयी थी।

चेपॉक के बारे में तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) के एक अधिकारी ने कहा, वे हमारी सुविधाओं से संतुष्ट लग रहे थे। अगर उनके मन में कुछ शंका है तो हम उनसे सुनने के लिये उत्सुक हैं। वे हमें लिखेंगे।

## यूनिवर्सिटी खेलों के पहले दिन भारत ने जीते तीन स्वर्ण

चेंगदु (चीन)। भारत ने ग्रीष्मकालीन विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के पहले दिन शनिवार को तीन स्वर्ण पदकों के साथ अपने अभियान का आगाज़ किया। मनु भाकर, यशस्विनी देसवाल और अभिदन्या पाटिल की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चीन और ईरान को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद भाकर ने महिलाओं की एकल 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता। हंगरी की फैबियन सारा ने रजत पदक जीता जबकि चीनी ताइपे की यू-जू चेन ने कांस्य पदक अर्जित किया। एलावेनिल वलारिवन ने 10 मीटर एयर राइफल में 252.5 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिये तीसरा स्वर्ण जीता। इसके लिये उन्होंने अमेरिका की मैरी टकर को मात्र 2.1 अंकों से पछाड़ा। भारत वर्तमान में स्वर्ण पदक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि चीन दो स्वर्ण और कुल मिलाकर पांच पदक के साथ दूसरे स्थान पर है।

## लालरेमसियामी ने स्पेन में दिलाई भारत को पहली जीत

टेरासा। लालरेमसियामी की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को स्पेन हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन इंग्लैंड पर 3-0 की जीत दर्ज की।

लालरेमसियामी ने 13वें, 17वें और 56वें मिनट में भारत के गोल किये। इंग्लैंड (1-1) और स्पेन (2-2) के खिलाफ एक-एक ड्रॉ खेलने के बाद यह इस टूर्नामेंट में भारत की पहली जीत थी।

भारत ने इस जीत के साथ तीन मैचों में पांच अंक अर्जित कर लिये हैं और वह तालिका में शीर्ष स्थान पर है। इंग्लैंड चार मैचों में चार अंकों के साथ तीसरे जबकि मेजबान स्पेन चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और रविवार को फाइनल में भारत का सामना करेगा।

भारत अगर स्पेन को ड्रॉ पर रोक लेता है तो वह 100वीं वर्षगांठ स्पैनिश हॉकी फेडरेशन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का विजेता बन जायेगा। मैच की शुरुआत में भारतीय टीम इंग्लैंड के अर्द्ध में मौके बनाती रही। इंग्लैंड ने भले ही गेंद




पर ज्यादा समय कब्ज़ा रखा, लेकिन भारतीय टीम की आक्रामकता काम आयी और लालरेमसियामी ने 13वें मिनट में फील्ड गोल जमाकर भारत को बढ़त दिला दी।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी और 17वें मिनट में लालरेमसियामी के गोल से बढ़त दोगुनी कर ली। दो गोल के अंतर से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने अपनी आक्रामकता में बढ़ोतरी की। भारतीय डिफेंस हालांकि उसके लिये अभेद्य साबित हुआ और भारत हाफ टाइम तक 2-0 से आगे रहा। सुरक्षित बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम ने गेंद को अपने कब्जे में रखने की योजना बनायी। भारत की यह योजना कारगर साबित हुई और गोलरहित तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड को वापसी करने का मौका नहीं मिला।

इंग्लैंड के मिडफील्डरों ने कई बार भारतीय रक्षण को भेदकर गोल तक रास्ता भी बनाया, हालांकि इंग्लिश टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी इन मौकों का फायदा उठाकर गेंद को नेट तक नहीं पहुंचा सके।

# आर्टिकल 370- पाकिस्तान कई देशों में भारत विरोधी धरने कराएगा

### 5 अगस्त के लिए टूलकिट तैयार; तुर्किये में कश्मीर पर कराया सेमिनार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर भारत की दुनियाभर में छवि खराब करने की तैयारी कर रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस पर एक टूल किट जारी की है। इसमें अलग-अलग देशों में अपने दूतावास और हाई कमिशन को 5 अगस्त को भारत के खिलाफ प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं।

पाकिस्तान 5 अगस्त को यौम-ए-इस्तेशाल यानी शोषण के दिन के तौर पर मनाएगा। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने कानून लाकर जम्मू-कश्मीर को खास दर्जा देने वाले संविधान के आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया था।




#### पाकिस्तान ने तुर्किये में कश्मीर पर कराया सेमिनार

आर्टिकल 370 हटाने के चार साल पूरे होने से पहले ही पाकिस्तान ने अपना प्रोपोगैंडा फैलाना शुरू कर दिया है। इसी महीने में पाकिस्तान ने तुर्किये में अपने दूतावास में कश्मीर पर एक सेमिनार कराया। इसे जम्मू कश्मीर विवाद, समाधान की खोज नाम दिया गया था। दरअसल, तुर्किये कश्मीर मामले में पाकिस्तान का समर्थन और भारत का विरोध करता है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए वहां इस तरह के आयोजन करना आसान है। इसी तरह का एक सेमिनार पाकिस्तान ने ब्राज़ील में भी कराया था। वहीं, पाक अधिकृत कश्मीर में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया जाएगा। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहद खराब हो गए थे। उस वक्त पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान थे। उन्होंने कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल नहीं किया जाएगा, तब तक भारत से कोई बातचीत नहीं होगी।

## बिडेन ने सातवें पोते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने सातवें पोते को स्वीकार किया है। बिडेन ने शुक्रवार को पीपुल मैगजीन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा , यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि एक पारिवारिक मामला है। जिल और मैं केवल वही चाहते हैं जो हमारे सभी पोते-पोतियों के लिए सबसे अच्छा हो। चार साल की यह बच्ची बिडेन के बेटे हंटर की संतान है। हंटर ने गत जून में बच्चे के भरण-पोषण को लेकर वर्षों से चली आ रही अदालती लड़ाई का निपटारा किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा , मेरा बेटा हंटर और लुंडेन एक ऐसे रिश्ते को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जो उनकी बेटी नेवी के हित में है। जितना संभव हो सके उसकी गोपनीयता बरकरार रखी जाये।

## बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों में बारिश से संबंधित घटनाओं में पिछले दो दिनों के दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और अन्य सात लोग घायल हो गए है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने यह जानकारी दी है। एनडीएमए ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में बताया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। मानसून ने कहर बरपाया हुआ है और देश के पर्वतीय इलाकों में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ से शहरी इलाके जलमग्न हो गए है और कई इलाकों में घरों को भारी क्षति पहुंची है। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश से संबंधित घटनाओं में उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में छह, दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पांच, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दो और दक्षिणी सिंध प्रांत में एक व्यक्ति की जान चली गई है। भारी मानसूनी बारिश का दौर शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा और देश के कुछ हिस्सों, खासकर पर्वतीय इलाकों में बारिश न तबाही मचाई हुई है। पाकिस्तान मौसम विभाग ने भी रेड अलर्ट जारी करते हुए कहा कि देश के ऊपरी और मध्य हिस्सों में 30 जुलाई तक भारी मानसूनी बारिश हो सकती है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ सकती हैं। मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने 804 घरों को भी नुकसान पहुंचाया और अब तक 44 मवेशियों की मौत हो गई।

## पूर्वी-दक्षिणी चीन सागर में विदेशी जहाज, विमान तनाव बढ़ा रहे हैं: चीन

बीजिंग। चीन के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि 'स्व-हित के लिए अपने सैन्य बल का प्रदर्शन' करने के लिए कुछ अज्ञात देशों की ओर से जहाजों और विमानों को लगातार भेजने से पूर्वी तथा दक्षिण चीन सागर में तनाव बढ़ गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता तान केफेई ने चीन के खतरों को चिह्नित करने वाली एक जापानी रक्षा रिपोर्ट के बारे में टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे कदमों ने क्षेत्रीय तनाव को गंभीर रूप से बढ़ा दिया है जबकि पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर में समग्र स्थिति आम तौर पर स्थिर थी। तान ने कहा कि जापान के वार्षिक रक्षा पत्र में चीन के बारे में 'गलत धारणा' पेश की गई है और 'तथाकथित चीनी सैन्य खतरे को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है।' अखबार के प्रति कड़े विरोध के बारे में जापान को अवगत कराया गया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि जापान ने लगातार चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप किया है, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मानदंडों का उल्लंघन किया है, चीन-जापानी संबंधों की नींव को कमजोर किया है और ताइवान जलडमरूमध्य में स्थिति को खराब किया है। जापान ने पिछले सप्ताह अपना वार्षिक रक्षा पत्र जारी किया जिसमें चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं, रूस के साथ उसकी सुरक्षा साझेदारी और युद्धरत उत्तर कोरिया के खतरे का निराशाजनक मूल्यांकन पेश किया गया।

## ईसीपी ने इमरान की गिरफ्तारी वारंट को 'कुछ समय के लिए' टाला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने अवमानना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान के गिरफ्तारी वारंट को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है और उन्हें इस आरोप का सामना करने के लिए दो अगस्त को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में 25 जुलाई की सुनवाई के एक लिखित आदेश की प्रति डॉनडॉटकॉम के पास उपलब्ध है। ईसीपी ने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री के लिए पहले जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर रहा है। आयोग ने कहा कि इस मामले के संबंध में चुनावी निगरानी के समक्ष खान की उपस्थिति के आलोक में यह निर्णय लिया गया। खान के खिलाफ यह मामला पिछले साल अगस्त में पहली बार शुरू हुआ उसके बाद 25 जुलाई को वह चुनावी निगरानी के समक्ष पेश हुए हैं। उनके पेश होने के एक दिन पहले ईसीपी ने इस्लामाबाद पुलिस को श्री खान को गिरफ्तार करने और उन्हें चुनावी निगरानी के समक्ष पेश करने को कहा गया था। ईसीपी ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनावी निगरानीकर्ता के खिलाफ कथित तौर पर 'असंयमित' भाषा का इस्तेमाल करने के लिए पिछले साल पीटीआई प्रमुख, पार्टी नेता असद उमर और पूर्व सूचना मंत्री चौधरी के खिलाफ अवमानना शुरू की थी।

# ताइवान को 28 हजार करोड़ का मिलिट्री पैकेज देगा अमेरिका

### इसमें एयर डिफेंस और सर्विलांस सिस्टम शामिल; चीन बोला- इलाके में तनाव बढ़ाना बंद करो

वॉशिंगटन। अमेरिका ने ताइवान के लिए 28 हजार करोड़ रुपए के मिलिट्री पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज में हथियार, मिलिट्री एजुकेशन और ट्रेनिंग भी शामिल है। अमेरिका ने इसकी घोषणा शुक्रवार को की है। व्हाइट हाउस ने ये नहीं बताया कि वो कौन से हथियार ताइवान को दे रहा है। हालांकि, कुछ अधिकारियों ने अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स को बताया है कि पैकेज में पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम, पिस्टल, राइफल और दुश्मन पर नजर रखने के लिए जरूरी उपकरण भी शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस पैकेज से ताइवान भविष्य में उस पर होने वाले हमलों का जवाब देने के लिए तैयार रह पाएगा।



#### ताइवान में तनाव न बढ़ाएं

अमेरिका के मिलिट्री पैकेज ने चीन को भड़का दिया है। वॉशिंगटन में चीन के दूतावास की प्रवक्ता ने कहा है अमेरिका इन हरकतों से ताइवान इलाके में तनाव बढ़ाना चाहता है। उन्हें ताइवान को हथियार बेचना तुरंत बंद करना चाहिए। दरअसल, अमेरिका जो हथियार ताइवान को दे रहा है, वो अलग से तैयार नहीं किए जा रहे हैं।

ये हथियार खुद अमेरिका के रिजर्व से निकाल कर दिए जा रहे हैं। इससे ताइवान को उनकी डिलीवरी जल्द ही मिल जाएगी। अमेरिकी संसद ने राष्ट्रपति बाइडेन को ये अधिकार दिए हैं कि वो अपने रिजर्व से ताइवान को हथियार दे सकते हैं। अमेरिका इसी तरह से यूक्रेन की भी मदद कर रहा है।

पेंटागन की डिप्टी डिफेंस सेक्रेटरी के मुताबिक यूक्रेन जंग से सबक लेकर अमेरिका हमले से पहले ही ताइवान को हथियार सप्लाई कर रहा है। उनका कहना है कि ताइवान के द्वीप होने की वजह से एक बार हमला शुरू होने के बाद अमेरिका को वहां तक हथियार पहुंचाने में परेशानी होगी।

#### चीन ने ताइवान को घेरकर 3 दिन ड्रिल की

ताइवान को लेकर चीन की नीति काफी सख्त है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि साल की शुरुआत में ताइवान की राष्ट्रपति की अमेरिका विजिट से नाराज होकर चीन ने युद्ध अभ्यास शुरू कर दिया था। चीन का युद्धाभ्यास 3 दिनों तक जारी रहा था। ड्रिल के दौरान चीन ने ताइवान को 71 फाइटर जेट्स और 45 वॉर प्लेन से घेर लिया था। इस पूरे ऑपरेशन को जॉइंट सोर्ड नाम दिया गया था।

#### अमेरिका-चीन के रिश्तों में ताइवान सबसे बड़ा फ्लैश प्वाइंट

अमेरिका ने 1979 में चीन के साथ रिश्ते बहाल किए और ताइवान के साथ अपने डिप्लोमैटिक रिश्ते तोड़ लिए। हालांकि, चीन के ऐतराज के बावजूद अमेरिका ताइवान को हथियारों की सप्लाई करता रहा। अमेरिका भी दशकों से वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर अस्पष्ट नीति अपनाता है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फिलहाल इस पॉलिसी से बाहर जाते दिख रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि अगर ताइवान पर चीन हमला करता है तो अमेरिका उसके बचाव में उतरेगा। बाइडेन ने हथियारों की बिक्री जारी रखते हुए अमेरिकी अधिकारियों का ताइवान से मेल-जोल बढ़ा दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### मातम मना कर कर्बला में सुपुर्द ए खाक हुए ताजिए

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**मीरपुर/बलरामपुर।** मोहर्रम की दसवीं तारीख को यौमे आशूरा के मौक़े पर शनिवार सादुल्लानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीरपुर सहित,ओबरीडीह, में ताजिया, दुलदुल,ताबूत, जंजीरी मातम, कमा लगाकर जुलूस निकाला गया। क़र्बला में पैग़म्बर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन पर हुए जुल्म और अत्याचार और उनकी सहादत को याद करते हुए अंजुमन कमर बनी हाशिम (रजि0)व अंजुमन अबुल फाजिल अब्बास के सदस्यों ने ग्राम मीरपुर में गमगीन अंदाज में जुलूस निकाला! जुलूस में भारी मात्रा में सभी समुदाय के लोगों ने शिरकत की एवं इमाम हुसैन को याद किया !कर्बला मुंडामाफ़ी,पलई, हसउपुर, छितलुपुर, कम्मरपुर, रामपुर गिरंट,रन्कीपुर बदलपुर, रानीपुर, फिरोजपुर , मनुआगढ़, कुर्थुआखानपुर,कतरहा,रहमतपुर,आदि क़र्बला पर ताजिये सुपुर्द ए खाक हुए! इस अवसर पर तहसीलदार प्रतिमा मौर्या,थाना प्रभारी बृजानंद सिंह,अनिल सिंह,शैलष यादव,आरती वर्मा,कपिल यादव,गंगाराम आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे! ग्राम प्रधान आरज़ू काज़मी ने जुलुस मे आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया व प्रशासन द्वारा मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तहसीलदार प्रतिमा मौर्या, प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे ।

### राष्ट्रीय सोनार एकता परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गए ज्ञानचंद सोनी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



सादुल्लानगर/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के सादुल्ला नगर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ज्ञानचंद सोनी को राष्ट्रीय सोनार एकता परिषद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संगठन के शीर्ष नेतृत्व के सर्वसम्मति पर बनाया गया। जिससे स्वर्णकार समाज एवं परिवार के साथ साथ समाज के अनेको लोगो ने खुशी व्यक्त कर बधाई दी। संगठन एवं स्वर्णकार समाज के साथ ही साथ सर्वसमाज के प्रति ईमानदारी मेहनत से दृढ़ संकल्पित होकर सर्व समाज हित के लिए आवाज़ उठाना तथा सेवा भाव के प्रति समर्पित एवं संगठन के प्रति लगन रखने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार वर्मा एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई तथा उज्जवल भविष्य के लिए कामना की गई।

### आईआईटी गांधीनगर दीक्षांत समारोह में 456 छात्रों को मिली डिजिटल डिग्री

गांधीनगर। गुजरात में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर (आईआईटी जीएन) के 12वें दीक्षांत समारोह में शनिवार को 456 छात्रों को डिजिटल डिग्री प्रदान की गयी। वैश्विक प्रौद्योगिकी समाधान कंपनी साइएंट के संस्थापक अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य डॉ. बीवीआर मोहन रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने दीक्षांत भाषण में स्नातक छात्रों को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आने वाले विभिन्न अवसरों और चुनौतियों और कुछ सबसे गंभीर वैश्विक चिंताओं को हल करने के लिए इसके प्रभाव पर विचार करने का आग्रह किया। इस अवसर पर छात्रों को यूएसबी ड्राइव में सत्यापन योग्य और छेड़छाड़-प्रूफ डिजिटल डिग्री, मार्कशीट और पदक प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके अलावा संस्थान ने इन डिजिटल डिग्रियों को छात्रों के डिजिलॉकर में भी अपलोड कर दिया है जिसे वे कहीं से भी अपने आधार प्रमाणीकरण के साथ पीडीएफ प्रारूप में एक्सेस और डाउनलोड कर सकेंगे। डॉ. रेड्डी ने चार महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला जो किसी व्यक्ति के साथ-साथ समाज के विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं जिनमें प्रौद्योगिकी की शक्ति, नवाचार, उद्यमिता, नैतिकता और सस्टेनेबिलिटी शामिल हैं।

### एक घटना से किसी को आदतन अपराधी घोषित नहीं किया जा सकता : उच्च न्यायालय

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि एक घटना के आधार पर किसी को भी आदतन अपराधी घोषित नहीं किया जा सकता है। अदालत ने मौजूदा मामले में याची के खिलाफ गो वध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आदतन अपराधी नहीं माना और उसके खिलाफ एडीएम भदोही द्वारा जारी नोटिस और विंध्याचल कमिश्नर द्वारा पारित आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा ने भदोही के गुड्डू चौहान की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित परिभाषा और कानून के अनुसार किसी को तब तक आदतन अपराधी नहीं माना जा सकता जब तक कि अपराध की पुनरावृत्ति न हो और समाज के लिए हानिकारक न हो। मौजूदा मामले में भी यही है। याची के खिलाफ गो वध निवारण अधिनियम की धारा 3/5ए/8 के तहत मुकदमा भदोही के गोपीगंज थाने में दर्ज हुई थी। उसी प्राथमिकी के आधार पर दिनांक 22 जून 2022 को एडीएम वित्त एवं राजस्व भदोही ने गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए नोटिस जारी कर दी। याची ने कमिश्नर विंध्याचल के समक्ष इस नोटिस के खिलाफ अपील की लेकिन उसे राहत नहीं मिली।

### रावि नदी में गिरी बोलेरो, एक की मौत, अन्य लापता

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में खड़ामुख-होली मार्ग पर शनिवार सुबह सात बजे के करीब एक बोलेरो कार अनियंत्रित होकर रावी नदी में गिर गई। पुलिस और ग्रामीणों ने बचाव व खोज अभियान चलाया है। इस हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि, वाहन में सवार दूसरा व्यक्ति लापता है। पुलिस ने मृतक की पहचान चालक चौन लाल पुत्र जयराम गांव हिबरा दुनाली के रूप में की है। इंद्र सिंह पुत्र जय सिंह की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि गाड़ी में वह जलविद्युत परियोजना की लेबर को लेने के लिए होली की ओर आ रहे थे। डल्ली के समीप पहुंचने पर अचानक वाहन अनियंत्रित होकर 200 मीटर नीचे रावी नदी में जा गिरा। ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार होली प्रकाश चंद समेत होली पुलिस चौकी से टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद प्रशासन की ओर से जल विद्युत परियोजना के गेट बंद करवाकर पानी को रुकवाया गया। दोपहर बाद स्थानीय व्यक्ति ने हिम्मत दिखाई और उसने गाड़ी को तलाश कर रस्सियों से उसे बांध दिया। रस्सियों की मदद से वाहन को रावी से बाहर खींचा तो उसमें चालक का शव बरामद हुआ।

### मध्यप्रदेश में वन्य-प्राणियों के संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश में वन्य-प्राणियों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी है। चौहान ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि एक बार फिर मध्यप्रदेश के टाइगर स्टेट बनने पर मैं आप सबको बधाई देता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आप सजग और सतर्क रहकर मध्यप्रदेश में वन्य-प्राणियों के संरक्षण के काम में सदैव सहयोग करते हैं। मध्यप्रदेश के लिए आज का दिन गर्व का है, गौरव का है। हम फिर टाइगर स्टेट हैं। चार साल पहले जो टाइगर की गणना हुई थी, उसमें 526 टाइगर हमारे यहाँ थे। अब वह संख्या बढ़कर 785 हो गई है। मध्यप्रदेश काफी आगे निकल गया है, मैं आज 9 करोड़ प्रदेशवासियों को बधाई देता हूँ। वन विभाग का अभिनंदन करता हूँ। वाइल्डलाइफ को बचाने के काम में जुटे सभी समाज-सेवियों का, विशेषकर घने जंगलों में रहकर लाठी लेकर पैदल घूमते हुए जो टाइगर और बाकी वन्य-प्राणियों को बचाने के लिए लगे रहते हैं, ऐसे वनरक्षक, वन क्षेत्रपाल, महावत जो आधी जिंदगी जंगलों में काट रहे हैं, उनको भी मैं बहुत बधाई देता हूँ।

# मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन कर युवाओं को प्रेरित करेगी योगी सरकार

## स्वतंत्रता दिवस पर पंचायत व स्थानीय निकाय स्तर पर होगा विविध आयोजन

लखनऊ। यूपी की माटी से निकले वीरों का वंदन कर योगी सरकार युवाओं को महापुरुषों की वीरता का दीदार कराएगी।

'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत योगी सरकार स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को पंचायत व स्थानीय निकाय स्तर पर विविध आयोजन कराएगी। शहीदों के परिजनों का सम्मान कर जहां उनकी वीर गाथा से युवा फिर अवगत होंगे, वहीं वृक्षारोपण अभियान-2023 के तहत सभी ग्राम पंचायतों में एक स्थान चिह्नित कर 75 पौधरोपण कर अमृत वाटिका विकसित की जाएगी। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के तहत योगी सरकार इस आयोजन को अद्वितीय व अविस्मरणीय बनाएगी।

### वृक्षारोपण अभियान-2023 से यूपी में हरियाली भी लाएगी योगी सरकार

योगी सरकार ने वृक्षारोपण अभियान-2023 के तहत 22 जुलाई व 15 अगस्त को कुल 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें से 22 जुलाई को 30 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर योगी सरकार ने इतिहास बनाया। अब 15 अगस्त को भी वसुधा वंदन के तहत सभी 57702 ग्राम पंचायतों में एक स्थान चिह्नित कर स्वदेशी प्रजाति के 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका विकसित की जाएगी। देश व प्रदेश के सभी हिस्सों से एकत्र की गई मिट्टी को अमृत वाटिका विकसित करने के लिए उपयोग किया जाएगा।



### वीरों का वंदन व राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन भी कराएगी यूपी सरकार

15 अगस्त को ही योगी सरकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, थल सेना, वायु सेना, केंद्रीय पुलिस बल व राज्य पुलिस के शहीदों के परिजनों का सम्मान भी करेगी। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान भी कराया जाएगा। राष्ट्रधुन का वादन पुलिस-पीएसी-विद्यालयों के बैंड व अन्य स्थानीय बैंड के जरिए होगा। इसका उद्देश्य है कि वर्तमान व भावी पीढ़ी अपने आसपास, शहर, प्रदेश व देश के वीर जवानों की गाथाओं से परिचित हो। इसके साथ ही 15 अगस्त को समस्त 57702 ग्राम पंचायतों व 493 नगर पंचायतों में माटी कलश तैयार करने की योजना है। स्वतंत्रता दिवस पर स्थानीय कलाकारों की ओर से राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सचिव व लेखपाल होंगे समन्वयक

पंचायत व स्थानीय निकाय स्तर पर इस आयोजन के लिए खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी द्वारा मनोनीत किए गए ग्राम विकास अधिकारी-पंचायत सचिव-लेखपाल व सफाई निरीक्षक इन कार्यक्रमों के समन्वयक होंगे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, ग्राम स्तरीय कर्मचारी, कोटेदार की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होगी। साथ ही ग्राम पंचायत व ग्राम सभी के सदस्यों से भी उपस्थित रहने का निवेदन किया गया है।

सरकार की मंशा है कि स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले आयोजनों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, पुलिस व सेना के शहीदों के परिजनों व अन्य विशिष्ट जनों की उपस्थिति इस कार्यक्रम में रहे।

कार्यक्रम में समाज के अन्य लोगों के साथ स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी, आशा बहुएं, स्वच्छाग्राही, ग्राम सेवक, रोजगार सेवक, जिलेदार, ट्यूबवेल ऑपरेटर आदि का भी सहयोग लिया जाएगा।

# शिव महापुराण में सामूहबद्ध रुद्राभिषेक वृहत्तर रूप में संपन्न

## पार्थिव शिव लिंगेश्वर रुद्राभिषेक में शामिल हुए एक सौ आठ जोड़े

गाजियाबाद। क्रासिंग रिपब्लिक के अजनारा जेनेक्स सोसाइटी में सप्ताह पर्यन्त चल रहे श्री शिव महापुराण कार्यक्रम के अष्टम दिवस रुद्राभिषेक का विशालतम परिदृश्य प्रदर्शित हुआ जिसमें एक सौ आठ जोड़े (पति-पत्नी) अलग-अलग थाल में बनाए गए मिट्टी के एक सौ आठ पार्थिव शिव लिंगेश्वर भगवान का रुद्राभिषेक किया।

देव भूमि उत्तराखंड से पधारे आचार्य पं. सुभाष शास्त्री के निर्देशन में सभी 108 जोड़ों ने एक साथ पार्थिव लिंगेश्वर भगवान का श्रृंगार एवं रुद्राभिषेक किया जिसमें सामग्री स्वरूप दुग्ध, दधि, घी, गंगाजल, शुद्ध जल, शक्कर, गुड़, शहद, फल, वस्त्र, चावल, रोली, यज्ञोपवीत, जौ , पान, इत्र, पीला चंदन, फूल की माला, आकृति माला, बिल्व पत्र, भांग एवं भस्म श्री लिंगेश्वर भगवान को मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर अर्पित किया गया।

सभी लोगों द्वारा अपने-अपने हाथ में कमल का फूल लेकर सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों से शांति एवं मंगल कामना



की प्रार्थना की। यज्ञ आचार्य श्री सुभाष शास्त्री ने पार्थिव शिव भगवान को बिना स्पर्श किए रुद्राभिषेक करने का प्रावधान बताया तथा केदारनाथ की महिमा का भी गुणगान किया। उन्होंने बताया कि जब भगवान शिव जी ने नृत्य किया तो उनके डमरु से 14 चमत्कारी सूत्र- अइउण, त्रृलृक, एओङ्, ऐऔच, हयवरट्, लण, ञमङणनम्, भ्रझभञ, घढधश, जबगडदश, खफछठथचटतव, कपय, शषसर, हल् निकले।

उत्तराखंड से पधारे विद्वान आचार्यगण से कार्यक्रम की शोभा द्विगुणित हो गई जिससे श्रद्धालु भक्तों में भावातिरेक की अतिशय अनुभूति हुई। यज्ञाचार्य सुभाष शास्त्री के साथ आचार्य भुवन शास्त्री, आचार्य विकास शास्त्री, आचार्य गणेश शास्त्री, आचार्य राजीव शास्त्री, आचार्य रूद्र शास्त्री, आचार्य गौरी शंकर पाण्डेय, आचार्य विनोद पंत ने पार्थिव शिव लिंगेश्वर रुद्राभिषेक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर-हर महादेव , बम-बम भोले , नीलकंठ भगवान एंव पार्थिव लिंगेश्वर भगवान आदि शब्द मुखरित भावों के जयघोष से समस्त क्रॉसिंग रिपब्लिक देर तक अभिगुंजित होता रहा। मंत्रोच्चार, वैदिक ऋचायें, श्लोक, सूक्त सभी मे अक्षर ही होते हैं और अ-क्षर का निहितार्थ - भावार्थ ही होता है जिसका कभी क्षरण न हो और इसीलिए समग्र वायुमंडल में अक्षर साड़ियों - युगों तक प्रतिध्वनित होते सदा - सर्वदा गुंजायमान रहते हैं।

व्यासपीठ पर विराजमान चित्रकूट धाम से पधारे कथावाचक आचार्य धर्मेंद्र पांडेय जी ने बताया कि भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने मात्र से एक कोटि कन्याओं के दान का फल प्राप्त होता है। उन्होंने आगे बतलाया कि भगवान शिव ही भोग और मोक्ष को प्रदान करने वाले महादेव हैं । भगवान शिव की आज भव्य एवं दिव्य 108 जोड़े के साथ रुद्राभिषेक संपन्न हुआ, सभी अजनारा वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भगवान शिव ही भुक्ति और मुक्ति को प्रदान करने वाले महादेव हैं, वही आशुतोष हैं । भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं, जो मनुष्य पावन पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की भक्ति करता है वह मानव हरि और हर दोनों की मानो पूजा कर ली है । व्यास जी ने पुरुषोत्तम मास की महिमा भी बतलाई। यह क्रासिंग वासियों का सौभाग्य रहा जो श्रावण मास एवं पुरुषोत्तम मास के पावन मंगलमयी अवसर पर दुग्ध धारा से सुंदर रुद्राभिषेक आचार्य सुभाष शास्त्री की पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ।

# शाह ने कलाम पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया

**एजेंसी**

रामेश्वरम । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ़ ए पी जे अब्दुल कलाम के बारे में लिखी गयी पुस्तक, डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम ऱ्मेमोरिज नेवर डाइज का विमोचन किया।

गृह मंत्री ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हाउस, मिशन ऑफ लाइफ़ गेलरी म्यूज़ियम और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय स्मारक का दौरा किया। साथ ही वह विवेकानंद स्मारक भी गए। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध रामेश्वरम मंदिर में पूजा अर्चना भी की।

शाह ने बाद में ट्वीट में कहा, रामेश्वरम मंदिर सनातन संस्कृति की प्राचीनता और वैभव का अक्षुण्ण प्रतीक है। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री रामेश्वरम में प्रभु श्री राम ने भगवान शिव की पूजा की थी। आज %आदि थिरुविजहा% के शुभ अवसर पर यहाँ दर्शन कर अत्यंत सुखद एवं परम सौभाग्य की अनुभूति हो रही है। भोलेनाथ से देशवासियों की खुशहाली और राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

पुस्तक के विमोचन के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शाह ने कहा कि इस पुस्तक के विमोचन से देशभर के लोगों को निश्चित रूप से डॉ. कलाम को जानने, समझने और उनका अनुसरण करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान, नवाचार के इतिहास, भारतीय राजनीति तथा प्रशासनिक प्रणाली का सुंदर निरूपण और डॉ. कलाम की इच्छाओं और उनकी कल्पनाओं से जुड़ी हुए कई घटनाओं का वर्णन समाहित है।

शाह ने कहा कि यह पुस्तक रामेश्वरम के गरीब घर में पैदा हुए एक सामान्य बच्चे की भारतीय राजनीति के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने की राह में उनके संघर्ष को समझने में बहुत मददगार साबित होगी।

# पांच उच्च न्यायालयों में 15 स्थायी न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच उच्च न्यायालयों के 15 अतिरिक्त न्यायाधीशों को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया है।

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति से संबंधित पांच अलग-अलग अधिसूचना जारी की गईं।

अधिसूचना के अनुसार, कलकत्ता उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्णा राव, न्यायमूर्ति बिभास रंजन डे और न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी को पदोन्नत कर स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार केरल उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बसंत बालाजी, न्यायमूर्ति सी के जयचंद्रन, न्यायमूर्ति सोफी थॉमस और न्यायमूर्ति पी. वी. जी. पी. अजित कुमार को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किया गया। गौहाटी उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति काखेतो सेमा, न्यायमूर्ति देवाशीष बरुआ, न्यायमूर्ति मालाश्री नंदी, न्यायमूर्ति मार्ली वानकुंग और न्यायमूर्ति अरुण देव चौधरी को पदोन्नत कर स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

बॉम्बे उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए ए पानसरे और न्यायमूर्ति एस सी मोरे के अलावा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक कुमार तिवारी को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# सोनिया-प्रियंका से घर पर मिली हरियाणा की किसान महिलाएं

नयी दिल्ली। हरियाणा की किसान महिलाएं एवं पुरुषों का एक दल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और राहुल गांधी से दस जनपथ पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें उपहार भी दिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद यह जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि किसानों के इस दल में उनके परिवार के लिए इतनी जबरदस्त आत्मीयता थी कि वे अपने साथ घर पर बना घी, अचार आदि उपहार लेकर के भी आए अत्यंत घुल मिलकर श्रीमती गांधी और प्रियंका से बातचीत की।

गांधी ने कहा कुछ दिन पहले जब भारत जोड़ो यात्रा को जारी रखते हुए हम सोनीपत के एक गांव पहुंचे तो वहां के किसानों से मुझे बहुत प्यार और अपनापन मिला - खास कर किसान बहनों से। उन्होंने घर से बना कर लाया



खाना खिलाया और परिवार के हिस्से की तरह सम्मान दिया। बस एक इच्छा जताई - दिल्ली देखने की। ये उनकी रोटी का ऋण था, उनके प्यार और सम्मान का कर्ज़, चुकाता कैसे नहीं। सभी को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, सोनिया गांधी जी के घर पर आमंत्रित किया और सभी बहुत खुशी के साथ आईं, इसके लिए उनका बहुत आभारी हूं।

उन्होंने कहा गौर करने वाली बात है कि वे सब कुछ न कुछ उपहार भी ले कर आईं थीं - कोई शुद्ध देसी घी, तो कोई घर का बना अचार - ऐसा होता है हमारे देश के किसानों का प्यार। आते ही वो मां और प्रियंका से घुल मिल गईं, जैसे सालों से उन्हें जानती हों। उनका हाल पूछा, अपना हाल सुनाया, सबने साथ खाना खाया और उन्होंने दिल्ली दर्शन भी किए। गांधी ने आगे कहा देश की समस्याओं से ले कर मेरे और प्रियंका के बचपन की नोक झोंक तक कई बातें हुई उनसे-और मुझे ये देख कर बहुत खुशी हुई कि वो हर बात से कितनी अवगत हैं, हर मुद्दे की जानकारी है। कानूनों से लेकर हर सरकारी नीति तक। जीएसटी और महंगाई से तो हर किसान परेशान है। हरियाणा में अग्निवीर के कारण युवाओं की परेशानी भी देख रहे हैं। वो मां और प्रियंका से प्रभावित थीं और मैं उन सभी की शक्ति देख कर - सच में, किसी भी काम को ले कर महिलाएं अगर मन बना लें, तो फिर उनके लिए कुछ नामुमकिन नहीं। भावुक हूं, सभी का प्यार पा कर, और उनकी मेज़बानी करने के सौभाग्य से। कांग्रेस नेता ने कहा किस मुलाकात का वीडियो बनाया गया है और वह वीडियो यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है।उन्होंने कहा आप सब भी इस प्यारी मुलाकात का पूरा वीडियो देखें मेरे यूट्यूब चैनल पर।

# भाजपा ने दो मुस्लिमों को बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी का बहुप्रतीक्षित सांगठनिक पुनर्गठन करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नये केन्द्रीय पदाधिकारियों की आज घोषणा कर दी जिनमें नौ महिलाएं एवं दो मुस्लिम शामिल हैं।

पार्टी महासचिव एवं केन्द्रीय कार्यालय के प्रभारी अरुण सिंह ने आज सुबह यह सूची जारी की जिसमें 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आठ राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, सह संगठन महामंत्री, 13 राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं सह कोषाध्यक्ष शामिल हैं। इन पदाधिकारियों में नौ महिलाएं हैं। राष्ट्रीय महासचिवों में इस बार किसी महिला को स्थान नहीं मिला है लेकिन 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्षों में पांच और 13 राष्ट्रीय सचिवों में चार महिलाएं हैं।

केरल के अब्दुल्ला कुट्टी और उत्तर प्रदेश के तारिक मंसूर के रूप में दो मुस्लिम चेहरों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। तेलंगाना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय बंडी तथा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से विधान परिषद सदस्य डॉ. राधामोहन अग्रवाल को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। केरल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता ए के एंटनी के पुत्र



अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है।

नयी सूची में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के केन्द्र में बदलाव का है। उन्हें भोपाल से हटा कर लखनऊ भेजा गया है। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों से पहले यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है।

सूची इस प्रकार है :

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष:- डॉ. रमन सिंह, श्रीमती वसुंधरा राजे, रघुबर दास, सौदान सिंह, बैजयंत पांडा, सुश्री सरोज पाण्डेय, रेखा वर्मा, श्रीमती डी के अरुणा, एम. चौबा एओ, अब्दुल्ला कुट्टी, लक्ष्मीकांत बाजपेई, लता उसेंडी और तारिक मंसूर।

राष्ट्रीय महासचिव : सर्वश्री अरुण सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, दुष्यंत कुमार गौतम, तरुण चुघ, विनोद तावड़े, सुनील बंसल, संजय बंडी और राधामोहन अग्रवाल।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री : श्री बी एल संतोष

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री : शिवप्रकाश (केन्द्र : लखनऊ)

राष्ट्रीय सचिव: विजया राहटकर, सत्या कुमार, अरविंद मेनन, सुश्री पंकजा मुंडे, डॉ. नरेन्द्र सिंह रैना, डॉ. अल्का गुर्जर, अनुपम हाजरा, ओम प्रकाश ध्रुवे, ऋतुराज सिन्हा, श्रीमती आशा लाकड़ा, कामाख्या प्रसाद तासा, सुरेन्द्र सिंह नागर और अनिल एंटनी

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष : राजेश अग्रवाल

राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष : नरेश बंसल

### यंग लियू ने पटेल से की सौजन्य मुलाकात

गांधीनगर। विश्व की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादक कंपनी फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने शनिवार को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सौजन्य मुलाकात की। यहां आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2023 में सहभागी होने आए यंग लियू पहली बार गुजरात आए हैं। पटेल के साथ इस मुलाकात बैठक के दौरान उन्होंने भारत में अपनी कंपनी का उत्पादन प्लांट स्थापित करने की प्रतिबद्धता दर्शायी। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान उन्हें गुजरात द्वारा घोषित सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2022-27 में मिलने वाले लाभों तथा अन्य प्रोत्साहनों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात देश का सेमीकंडक्टर हब बनने की ओर अग्रसर है। इस मौके पर फॉक्सकॉन के चेयरमैन ने कहा कि उनके संभावित निवेश में गुजरात सबसे आगे रहेगा। इस बैठक में मुख्य सचिव राज कुमार, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के. कैलाशनाथन, एडिशनल चीफ़ सेक्रेटरी पंकज जोशी तथा विज्ञान प्रौद्योगिकी सचिव विजय नेहरा शामिल हुए।

# गुजरात सरकार-आईईएसए के बीच हुआ एमओयू

गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में गुजरात के साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) के साथ शनिवार को गांधीनगर में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये। गुजरात को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफ़ैक्चरिंग और डिजाइन के लिए नेशनल हब बनाने के साथ-साथ राज्य में सेमीकंडक्टर सेक्टर के लिए एक संपूर्ण वाइब्रेंट इकोसिस्टम खड़ा करने के लिए आईईएसए राज्य सरकार के द गुजरात स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करेगा। इतना ही नहीं आईईएसए इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और इन्वेस्टर्स आउटरीच के लिए भी जीएसईएम को मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

राज्य सरकार की ओर से जीएसईएम के मिशन डायरेक्टर विदेह खरे तथा आईईएसए की ओर से प्रेसिडेंट के. कृष्णमूर्ति ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पटेल ने इस अवसर पर कहा कि यह एमओयू गुजरात को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में ग्लोबल प्लेयर बनाने में उपयोगी साबित होगा। आईईएसए भारत में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन उद्योगों के विकास के लिए कार्य कर रहा है। आईईएसए भारत में इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेमिनार, सम्मेलन आयोजित करने में भी पार्टनर है। इंटेलिजेंट इलेक्ट्रॉनिक्स और ईएसडीएम के लिए आईईएसए देश की अग्रणी उद्योग संस्था है। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर मुख्य सचिव राज कुमार, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के. कैलाशनाथन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव विजय नेहरा सहित आईईएसए की ओर से वाईस प्रेसिडेंट कर्नल अनुराग अवस्थी, सलाहकार विवेक त्यागी तथा एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य अशोक मिश्रा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से गांधीनगर में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय सम्मेलन सेमीकॉन इंडिया-2023 में भाग लेने वाले अग्रणी उद्योग समूहों को भविष्य में गुजरात में अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए आईईएसए सहायक बना रहे इस उद्देश्य से ये एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं।